सूर्योदय 6:21 सूर्यास्त 5:56

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11 न्यू | 20 अधि |
| धर्मशाला | 15 न्यू | 25 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,172 |
| निफ्टी | 25,181 |
| सोना | 1,22,629 |
| चांदी | 1,59,550 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 10 अक्तूबर 2025 | 25 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 283, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# हिमाचल में पंचायत चुनाव स्थगित

## उपायुक्तों की सिफारिशों पर सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत जारी की अधिसूचना

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष दिसंबर में प्रस्तावित पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव अब तय समय पर नहीं होंगे। राज्य सरकार ने भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं से हुए व्यापक नुकसान को देखते हुए इन चुनावों को स्थगित करने अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्य सचिव संजय गुप्ता द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि प्रदेश में सड़क संपर्क, आवागमन और बुनियादी ढांचा जब तक सामान्य नहीं होता, तब तक पंचायत चुनाव नहीं कराए जाएंगे। यह निर्णय आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 24 (ई) के तहत लिया गया है।

सरकार द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि इस वर्ष जून से अगस्त तक प्रदेश के विभिन्न जिलों मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर, कुल्लू और चंबा में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं। अनेक गांवों का संपर्क मुख्य




मार्गों से टूट गया है, जिससे न केवल राहत कार्य बाधित हुए हैं, बल्कि लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, आपदा से अब तक 5,426 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। कुल 1,817 मकान पूरी तरह नष्ट हुए हैं और 8,323 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। कई इलाकों में अब भी मलबा हटाने, पुलों की

**अब जनवरी 2026 में चुनाव करवाने की संभावना**

मरम्मत और सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य जारी है।

सूत्रों के अनुसार, अब पंचायत चुनाव अगले वर्ष की शुरुआत यानी जनवरी 2026 में आयोजित किए जाने की संभावना है। पंचायतीराज विभाग और राज्य निर्वाचन आयोग को पुनर्स्थापन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर नई चुनाव तिथि तय करने का अधिकार दिया गया है।

### पंचायतीराज सचिव को कई डीसी ने लिखा पत्र

**हमीरपुर**, मंडी, कांगड़ा और शिमला सहित कई जिलों के उपायुक्तों ने सरकार और पंचायतीराज विभाग को पत्र लिखकर पंचायत चुनावों को स्थगित करने की सिफारिश की थी। इन अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी दलों और मतदान सामग्री की सुरक्षित आवाजाही इस समय संभव नहीं है। इन सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने स्थिति की समीक्षा की और निर्णय लिया कि प्रदेश में पंचायत चुनाव तब तक स्थगित रहेंगे जब तक प्रभावित क्षेत्रों में सड़क संपर्क, बिजली और संचार सुविधाएं पूरी तरह बहाल नहीं हो जातीं। सरकार का कहना है कि यह निर्णय जनता और चुनावी कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है ताकि कोई भी मतदाता सड़क अवरोध या प्राकृतिक बाधा के कारण मतदान अधिकार से वंचित न रह जाए।

### चुनाव से भाग रही सरकार : जयराम

**नेता** प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उनकी सरकार प्रदेश की जनता का सामना करने से डर रही है, इसलिए आपदा की आड़ में पंचायत चुनाव टाल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को



पहले से पता है कि इन चुनावों में कांग्रेस की करारी हार तय है। इस कारण पहले नगर निगम और निकाय चुनावों से किनारा किया गया और अब पंचायत चुनाव भी रद्द कर दिए गए हैं। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि आपदा के नाम पर चुनाव स्थगित करने की पूरी स्क्रिप्ट सरकार की थी, जबकि आपदा प्रभावितों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

# हंगरी के लेखक लास्जलो को मिला साहित्य का नोबेल

**एजेंसी, स्टॉकहोम**

इस साल साहित्य का नोबेल हंगरी के लेखक लास्जलो क्रास्नाहोरकाई को मिला है। स्वीडिश अकादमी ने वीरवार को इसका ऐलान किया। स्वीडिश अकादमी ने कहा कि लास्जलो की रचनाएं बहुत प्रभावशाली और दूरदर्शी हैं। वह दुनिया में आतंक और डर के बीच भी कला की ताकत को दिखाती हैं।



लास्जलो को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपए), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। पुरस्कार 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में दिए जाएंगे।

लास्जलो को 2015 में मैन बुकर इंटरनेशनल प्राइज और 2019 में नेशनल बुक अवॉर्ड फॉर ट्रांसलेटेड लिटरेचर मिल चुका है। उनकी मशहूर किताब सतांटैंगो पर 7 घंटे लंबी फिल्म बन चुकी है। लास्जलो यहूदी धर्म के हैं, लेकिन यह बात उन्हें 11 साल की उम्र का होने पर पता चली थी। (अनंत ज्ञान)

### 1985 में आई 'सतांटैंगो' सबसे मशहूर किताब

**लास्जलो** की किताबें अक्सर दर्शनात्मक होती हैं, जिनमें मानवता, अराजकता और आधुनिक समाज के संकटों का जिक्र होता है। लास्जलो क्रास्नाहोरकाई डीप थिंकिंग वाली उदास कहानियां लिखते हैं। साल 1985 में आई 'सतांटैंगो' उनकी सबसे मशहूर किताब है। 1994 में इस किताब पर सतांटैंगो नाम से ही 7 घंटे लंबी फिल्म भी बनाई गई थी। इसे अब तक की सर्वश्रेष्ठ आर्टहाउस फिल्मों में से एक माना जाता है। इसकी कहानी एक छोटे से गांव और वहां के लोगों की मुश्किल जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें अराजकता, धोखा और मानव स्वभाव की कमजोरियों को दिखाया गया है। यह किताब धोखे की कहानी है, जिसमें एक पुराने खंडहर फार्महाउस में कुछ गरीब लोग रहते हैं। वे सोचते हैं कि अब ज्यादा पैसा मिलने वाला है, लेकिन सब कुछ उल्टा हो जाता है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### क्रिकेटर रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड की धमकी

**एजेंसी, अलीगढ़।** क्रिकेटर रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड गैंग की डी-कंपनी से धमकी मिली है। उनसे पांच करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई है। एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को धमकी देने वाले ने मुंबई पुलिस की पूछताछ में यह खुलासा किया। आरोपी मोहम्मद दिलशाद और नवेद को वेस्टइंडीज से जुलाई 2025 में इंटरपोल ने गिरफ्तार किया था। मुंबई क्राइम ब्रांच टीम की ओर से बताया गया कि डी कंपनी ने रिंकू सिंह को फरवरी-अप्रैल 2025 के बीच तीन धमकी भरे ई-मेल किए। ये मेल रिंकू की प्रचार टीम को भेजे गए थे। वहीं, रिंकू सिंह के परिवार की ओर से पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है। धमकी मिलने के बाद रिंकू सिंह के परिवार के लोग किसी का फोन नहीं उठा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### हमास-इसराइल शांति समझौते के लिए सहमत

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** गाजा में दो साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए इसराइल और हमास ने अमेरिका की मध्यस्थता वाले शांति समझौते (पीस डील) के पहले चरण पर सहमति जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीरवार को इसकी घोषणा की।ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'जल्द ही सभी बंधकों को रिहा किया जाएगा और इसराइल अपनी सेना को एक तय लाइन तक वापस बुलाएगा। यह मजबूत और स्थायी शांति की दिशा में पहला कदम है।' फॉक्स न्यूज से बात करते हुए ट्रंप ने कहा पहले चरण के तहत गाजा में इसराइल के बंधक बनाए गए लोगों को सोमवार तक रिहा किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'हमें लगता है कि वे सभी सोमवार को वापस आ जाएंगे।' (अनंत ज्ञान)

### जालंधर से बब्बर खालसा के दो आतंकी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने वीरवार को जालंधर से बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। उनसे रिमोट कंट्रोल के साथ 2.50 किलोग्राम आरडीएक्स युक्त विस्फोटक उपकरण जब्त किया। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आईईडी का मकसद लक्षित आतंकवादी हमला करना था। यादव ने बताया कि इस नेटवर्क को बीकेआई के सरगना हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के निर्देश पर ब्रिटेन में रह रहे गुर्गों निशान जौरियन और आदेश जमराई द्वारा संचालित किया जा रहा था। गिरफ्तार किए आतंकियों की पहचान गुरदासपुर जिले के अठवाल निवासी गुरजिंदर सिंह और निक्को सरां कलां के दीवान सिंह के रूप में हुई है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल के युवा अब विदेशों में भी पाएंगे सुरक्षित रोजगार -पेज 2
- ऊर्जा व्यापार में अहम भूमिका निभाएगा ऊर्जा प्रबंधन केंद्र : सुक्खू -पेज 4
- छह कर्मचारियों के अभाव में अटका एक करोड़ के वाहनों का संचालन -पेज 5
- जुफरकोट पंचायत में अग्निकांड मकान जलकर राख -पेज 9
- बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर आरबीआई ने लगाए प्रतिबंध -पेज 12

# सीबीएसई स्कूल भवन और बच्चों की वर्दी का होगा अलग रंग: सीएम

## स्कूलों में चलेंगी स्मार्ट कक्षाएं, पौष्टिक भोजन भी मिलेगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को शिक्षा विभाग की एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से प्रथम चरण में प्रदेश भर में 100 स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम पर संचालित किया

**अगले सत्र से 100 स्कूलों में सीबीएसई सिलेबस शुरू कर रही सरकार**

जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग को इस संबंध में सभी तैयारियां समय सीमा के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीबीएसई पैटर्न आधारित स्कूलों का अलग रंग होगा और यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की अलग रंग की वर्दी होगी। इन स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के साथ-साथ मैस का प्रबंध भी किया जाएगा और विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाएगा।

### अब तक 86 स्कूलों की हुई पहचान

**शिक्षा** विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश में सीबीएसई के मापदंड पूरा करने वाले अब तक 86 स्कूलों की पहचान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शेष स्कूलों में सीबीएसई के मापदंड जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के प्रयास कर रही है और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। शिक्षा विभाग में खाली पड़े अध्यापकों के पदों को भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों से हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा में 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है और राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है।

### हर जिले में बनेगा स्टेट ऑफ आर्ट कॉलेज



**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि हर जिला में स्टेट ऑफ आर्ट कॉलेज बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ सभी प्रकार की गतिविधियां उपलब्ध होंगी, ताकि इनका सर्वांगीण विकास हो सके।ने राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल बनाने की समीक्षा भी की और अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में एक अच्छा कैंपस तैयार होना चाहिए, जहां खेलकूद गतिविधियों के लिए भी पर्याप्त जगह हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल मील का पत्थर सिद्ध होंगे। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, निदेशक उच्च शिक्षा अमरजीत शर्मा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### एचपीयू में एसएफआई एबीवीपी में खूनी भिड़ंत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एचपीयू में एक बार फिर छात्र राजनीति ने हिंसक रूप ले लिया। वीरवार दोपहर विश्वविद्यालय गेट के बाहर एसएफआई और एबीवीपी कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। मामूली कहासुनी कुछ ही पलों में मारपीट में बदल गई और दोनों गुटों में लात-घूंसे चल पड़े। अचानक मचे हंगामे से विवि परिसर में अफरा-तफरी मच गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

झड़प की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बीच-बचाव करते हुए दोनों पक्षों को अलग किया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि एसएफआई से जुड़े छात्रों ने तेजधार हथियारों से हमला करने की कोशिश की। उन्होंने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एसएफआई ने कहा कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने पहले उकसाने और हमला करने का प्रयास किया।

## करुणामूलक नौकरी के लिए अब तीन लाख आय सीमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल सरकार ने करुणामूलक नियुक्तियों की नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब ऐसे मामलों में पूरे परिवार की सालाना आय सीमा तीन लाख रुपए तय की गई है। इस सीमा में प्रतिव्यक्ति आय का कोई निर्धारण नहीं होगा। यह नई व्यवस्था 31 दिसंबर, 2025 तक के मामलों पर लागू रहेगी। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने बुधवार को इस संबंध में संशोधित नीति के आदेश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार संशोधित नीति के अनुसार अब करुणामूलक नियुक्ति अनुबंध कर्मचारी के स्थान पर जॉब ट्रेनी के रूप में की जाएगी। जॉब ट्रेनी की यह नियुक्ति तृतीय श्रेणी के पदों के लिए होगी। पहले जहां दैनिक वेतनभोगी शब्द का प्रयोग किया जाता था, अब उसकी जगह मल्टी टास्क वर्कर शब्द का इस्तेमाल किया जाएगा। इन नियुक्तियों के लिए मल्टी टास्क वर्कर नीति लागू होगी। नई व्यवस्था के तहत तृतीय श्रेणी के क्लर्क पदों को जेओए (आईटी) पदों से बदला जाएगा। इसके अलावा, यदि किसी विभाग में करुणामूलक आधार पर भर्ती के लिए तय पांच प्रतिशत कोटा उपलब्ध नहीं है, तो उन्हें 31 मार्च, 2025 तक एकमुश्त छूट दी जाएगी।

# भारत में ब्रिटेन से आएंगी हल्की मिसाइलें

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री की मौजूदगी में 3884 करोड़ रुपए की डील पर लगी मुहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान भारत और ब्रिटेन ने 468 मिलियन डॉलर (करीब 3884 करोड़ रुपए) की एक प्रमुख रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार के तहत ब्रिटेन भारतीय सेना को हल्के वजन वाली बहुउद्देशीय मिसाइलें उपलब्ध कराएगा। इन मिसाइलों का निर्माण फ्रांसीसी कंपनी थेल्स द्वारा किया जाएगा। रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत और ब्रिटेन ने सैन्य प्रशिक्षण समझौता किया है, जिसके तहत भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग प्रशिक्षक अब ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स में ट्रेनर के रूप में काम करेंगे। ब्रिटेन की 9 यूनिवर्सिटी भारत में कैंपस खोलेंगी। ब्रिटिश पीएम कीर



**भारत में अपने 9 विवि के कैंपस भी खोलेगा ब्रिटेन**

स्टार्मर ने मुंबई में यह ऐलान किया। स्टार्मर ने कहा, 'अच्छी गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा की मांग बहुत ज्यादा है। इसलिए, मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि और ब्रिटिश विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर स्थापित करेंगे, जिससे ब्रिटेन भारत में इंटरनेशनल एजुकेशन पहुंचाएगा। वहीं, भारतीय पीएम मोदी ने कहा कि स्टार्मर के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के रिश्तों में प्रगति हुई है। इस साल जुलाई में लंदन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर किए थे। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटेन खालिस्तानियों पर एक्शन ले : मोदी

**पीएम** मोदी ने ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टार्मर से कहा कि लोकतांत्रिक समाजों में कट्टरपंथ के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से खालिस्तानी चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह भी किया। मोदी ने बताया कि भारत और ब्रिटेन ने क्रिटिकल मिनरल्स पर सहयोग के लिए एक सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी स्थापित करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-2022 से पहले भ्रूण फ्रीज, तो सरोगेसी कानून से छूट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि 2022 से पहले अगर महिला ने भ्रूण (फर्टिलाइज एग्स) फ्रीज करा दिया है तो उसे सरोगेसी कानून के तहत एज लिमिट से छूट मिल सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन ने सरकार की तरफ से बढ़ती उम्र को चिंता का कारण बताने पर फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा- कौन मां-बाप बन सकता है, यह सरकार तय नहीं कर सकती क्योंकि नेचुरल प्रोसेस में भी कोई एज लिमिट नहीं है। दरअसल यह पूरा मामला सरोगेसी कानून 2021 से जुड़ा है, जो जनवरी 2022 में लागू हुआ था। (अनंत ज्ञान)

## बिहार चुनाव: हमारी सरकार बनी, तो हर परिवार को सरकारी नौकरी : तेजस्वी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के सारे दल तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा मान रहे हैं, हालांकि कांग्रेस की ओर से खुलकर सीधे शब्दों में यह बात अब तक नहीं कही गई है। सीटों के बंटवारे को लेकर भी पेंच सामने आ रहा है और मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम प्रस्तावित किए जाने पर कांग्रेस ने भी अपने लिए ऐसे पद की मांग अनौपचारिक रूप से रख दी है। लेकिन, इन बातों पर कोई जवाब देने की जगह तेजस्वी यादव ने राजद नेताओं के साथ मीडिया से बात की और बड़ा ऐलान कर दिया। तेजस्वी ने ऐलान किया कि उनकी सरकार बनते ही 20 दिनों के अंदर कानून बनाकर हर परिवार को एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**लापरवाही** बरठीं बस हादसे ने खोली पीडब्ल्यूडी की पोल, चेताने के बाद भी सोया रहा विभाग

# बिलासपुर जिले के 12 ब्लैक स्पॉट, जहां खड़ी है मौत

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में दो दिन पहले हुए बरठीं बस हादसे ने सरकारी लापरवाही का भयावह चेहरा उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने पहले ही इस जगह को अत्यधिक संवेदनशील बताया था। कई बार सड़क चौड़ीकरण और पहाड़ी को काटने की मांग उठी, पर लोक निर्माण विभाग ने खतरे को नजरअंदाज किया। नतीजा पहाड़ी से गिरी मिट्टी गिरी और पत्थरों की चपेट में बस आई और 16 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

आज बिलासपुर जिला सड़क सुरक्षा के मामले में प्रदेश का सबसे संवेदनशील क्षेत्र बन चुका है। लोक निर्माण विभाग और राज्य सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा किए सर्वेक्षण में बिलासपुर जिले में 12 प्रमुख ब्लैक स्पॉट हैं। लोक निर्माण विभाग ने 2022 में एक विस्तृत रिपोर्ट जारी कर बताया था कि बिलासपुर के भल्लू, कल्लर, सुकर खड्ड, कंदरौर, आशा मजारी, नम्होल, दगसेच, सिगरठीं, चांदपुर, जुखाला, कलरी, रोहिण जैसे खतरनाक पॉइंट शामिल हैं। इनमें से अधिकांश स्थानों पर रिटेनिंग वॉल, क्रैश




बैरियर, चेतावनी संकेतक और ड्रेनेज सुधार के कार्य अधूरे हैं।

अनंत ज्ञान स्पैशल

लोक निर्माण विभाग ने पिछले वर्ष घोषणा की थी कि ब्लैक स्पॉटों पर सुरक्षा उपाय बढ़ाए जाएंगे।

कई स्थानों पर सर्वे कर रिपोर्ट भेजने की बात कही गई, परंतु न तो बैरियर लगे, न ही मार्ग चौड़ा हुआ। विभाग के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि कुछ स्थलों पर टेंडर प्रक्रिया चल रही है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यह प्रक्रिया वर्षों से केवल फाइलों में ही चल रही है।

### लोग बोले-हमने चेताया था लेकिन कोई नहीं सुनता

**भल्लू,** बरठीं, नौणी और कोठीपुरा क्षेत्रों के ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार सड़क के खतरनाक मोड़ों पर बैरियर लगाने और दीवार बनाने की मांग की, लेकिन विभाग ने कभी स्थायी कार्रवाई नहीं की। स्थानीय निवासी सूबेदार मेजर कुलवंत पटियाल का कहना है कि बरठीं हादसा कोई संयोग नहीं था। अगर प्रशासन ने पहले की चेतावनियों को गंभीरता से लिया होता तो इतनी जानें नहीं जातीं। लोक निर्माण विभाग के अनुसार कई ब्लैक स्पॉटों पर टेंपरेरी उपाय किए गए हैं- जैसे कि चेतावनी बोर्ड और अस्थायी गार्ड रेल, लेकिन इन उपायों का असर केवल मानसून से पहले तक रहता है। बारिश और मलबे के बाद ये बोर्ड गायब हो जाते हैं और सड़कें पहले जैसी खतरनाक बन जाती हैं।

### राज्य में 5 साल में सड़क हादसों में 5,503 मौतें

**राज्य** सरकार की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2017 से 2022 के बीच हिमाचल प्रदेश में 5,503 लोगों की मौत और 22,583 लोग घायल हुए। इनमें से लगभग 60 प्रतिशत हादसे उन्हीं ब्लैक स्पॉटों पर हुए जहां सुरक्षा सुधार अधूरे हैं। सिर्फ रोलडाउन यानी वाहन के खाई में गिरने की घटनाओं में 3,020 हादसे दर्ज हुए, जिनमें 2,633 लोगों की जान गई। बिलासपुर जिला इन घटनाओं में शीर्ष तीन जिलों में शुमार है। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि हर जिले में स्वतंत्र एजेंसी द्वारा रोड सेफ्टी ऑडिट करवाना अनिवार्य होना चाहिए। सिर्फ ब्लैक स्पॉट की पहचान कर लेना पर्याप्त नहीं, सुधार कार्य, समयसीमा और जवाबदेही तय किए बिना हादसे कम नहीं होंगे।

> बिलासपुर जिले के तमाम ब्लैक स्पॉट की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया जा रहा है। जिले के तमाम ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण भी किया जाएगा। इन सभी ब्लैक स्पॉट को सुधारने के आदेश लोक निर्माण विभाग को दे दिए जाएंगे और प्रशासन गंभीरता से इस विषय पर कार्य कर रहा है।
>
> **-ओमकांत ठाकुर, एडीसी, बिलासपुर**



## न्यूज ब्रीफ

### मेहंदी प्रतियोगिता में अंजली शर्मा रही प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में करवा चौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नए सत्र की छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने अन्य प्राध्यापिकाओं को सुंदर मेहंदी लगाई। इस प्रतियोगिता में डीएलएड की छात्रा अंजली शर्मा ने प्रथम, बीएड की छात्रा शिवानी ने द्वितीय तथा डीएलएड की छात्रा ममता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलक्ष्य पर बीएड, डीएलएड तथा बीए के सभी छात्र व संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

### सिया राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के तहत ग्राम कसियाणा निवासी प्रवीण कुमार की पुत्री तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीएसएसएस) खरवाड़ की प्रतिभावान छात्रा सिया चंदेल का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह विद्यालय एवं क्षेत्र दोनों के लिए गर्व की बात है। राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 26 से 28 अक्तूबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जुब्बल (शिमला) में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता से पूर्व सिया 21 अक्तूबर को राजकीय उच्च पाठशाला (जीएचएस) स्वाहल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिशुपाल सिंह ने सिया की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि सिया ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।

### 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किए गए 'वोट चोर गद्दी छोड़' राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने स्वयं हस्ताक्षर कर की। इस अभियान में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजिंद्र वर्मा, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। राजिंद्र वर्मा ने कहा कि यह अभियान चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के खिलाफ जनजागरण का माध्यम है, जिसका उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना है। विधायक रणजीत सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र से दो हजार से अधिक हस्ताक्षर एकत्र कर प्रदेश कार्यालय भेजे जाएंगे। इस अवसर पर राजकुमार शर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, जैसी राम विमल, मधुबाला, सुमन, केशव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता की ट्रॉफी चकमोह के नाम

**एसके ठाकुर अनंत ज्ञान, बड़सर।** लड़कियों की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा में संपन्न हुई। इसमें अंडर 17 बैडमिंटन प्रतियोगिता में बाबा बालक नाथ मॉडल हाई स्कूल चकमोह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी हासिल की, जिससे चकमोह स्कूल में उत्साह और खुशी का माहौल रहा है। स्कूल के मुख्य अध्यापक राजेंद्र सिंह ने विजेता खिलाड़ी, बच्चों के साथ समस्त अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी। बाबा बालक नाथ न्यास प्रशासन का विशेष धन्यवाद किया। साथ ही भविष्य में भी बच्चों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### सुंगरवाड़ के सौरभ शर्मा बने सेक्शन ऑफिसर

**अनंत ज्ञान, जाहू।** उपमंडल भोरंज के तहत आने वाले गांव सुंगरवाड़ (तहसील भोरंज) के बेटे सौरभ शर्मा ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर बड़ा मुकाम हासिल किया है। हाल ही में संपन्न हुई एचपीएसएससी प्रतियोगी परीक्षा को पास कर पुलिस विभाग में कार्यरत सौरभ शर्मा अब सेक्शन ऑफिसर बने हैं। सौरभ की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से गांव सुंगरवाड़ सहित पूरे भोरंज क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। लोग अपने इस होनहार बेटे की सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सौरभ बचपन से ही मेहनती और लगनशील रहे हैं। पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहने वाले सौरभ ने विज्ञान विषय में स्नातक करने के बाद पुलिस विभाग में सेवा शुरू की थी। पुलिस जैसी कठिन और जिम्मेदार सेवा में रहते हुए भी उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी और अब यह मुकाम हासिल किया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### बिना लाइसेंस पटाखों की बिक्री पर सख्त रोक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एसडीएम शशिपाल शर्मा की अध्यक्षता में भोरंज में दिवाली एवं अन्य त्योहारों को लेकर उपमंडल स्तर की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने अधिकारियों व व्यापार मंडल प्रतिनिधियों से कहा कि बाजारों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरती जाए, ताकि त्योहार सुरक्षित व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके। पटाखों की बिक्री के लिए सुरक्षित स्थानों की पहचान की गई है और निर्देश दिए गए हैं कि बिक्री केवल चिह्नित स्थानों पर ही हो। बिना लाइसेंस पटाखों की बिक्री या भंडारण पर रोक लगाई गई है। लाइसेंस तहसीलदार भोरंज द्वारा जारी किए जाएंगे। पुलिस व अग्निशमन विभाग को नियमित गश्त के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में तहसीलदार डॉ. आशीष, बीडीओ कुलवंत सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएससीए के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में केंद्रीय छात्र संघ (सीएससीए) सत्र 2025-26 के पदाधिकारियों व कक्षा प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. प्रमोद सिंह पटियाल ने अध्यक्ष अंकिता सोखला को शपथ दिलाई। अन्य पदाधिकारियों को संबंधित प्राध्यापकों द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। संगीत विभाग के छात्रों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। धन्यवाद प्रस्ताव प्रो. नीलम गुलेरिया ने प्रस्तुत किया। संकाय सदस्यों व छात्रों की उपस्थिति में समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

### बिजली-पानी की समस्या से दुकानदार परेशान

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी बाजार में फेस्टिवल सीजन के बीच बिजली कट और पानी की अनियमित आपूर्ति से दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी के लिए दुकानदारों को टैंकर मंगवाने पड़े, जिसकी कीमत 1700 से 2000 रुपए तक रही। बिजली विभाग के एसडीओ दीपक चौहान ने बताया कि बिजली कट की पूर्व सूचना दी गई थी। जल शक्ति विभाग के जेई प्रदीप ठाकुर ने कहा कि पीडब्ल्यूडी ने पाइप लाइन चार स्थानों पर तोड़ी है, जिसे जोड़ा जा रहा है। उधर, पीडब्ल्यूडी उपमंडल टौणी देवी के सहायक अभियंता नीतीश भारद्वाज ने पाइप लाइन टूटने की जानकारी से अनभिज्ञता जताई।

### झनिक्कर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** आंगनबाड़ी केंद्र झनिक्कर में 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। बच्चों का वजन और ऊंचाई मापी गई। स्तनपान, पूरक आहार, अन्नप्राशन और आहार विविधता पर अभिभावकों को जागरूक किया गया। टीकाकरण और कृमिनाशक दवाओं के महत्व की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर डॉ. रमाकांत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुमलता, सहायिका रजनी कुमारी, बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के समग्र पोषण और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना रहा।

### कॉमर्स सोसायटी की मेहंदी प्रतियोगिता में मन्नत प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में वीरवार को कॉमर्स सोसायटी द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता और पारंपरिक कला को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में कॉमर्स विभाग की छात्राओं ने भाग लिया और उन्होंने अपनी मेहंदी डिजाइन तैयार करने के लिए 30 मिनट का समय दिया गया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष अल्पना शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेताओं को पुरस्कृत किया। मन्नत (बी.कॉम प्रथम वर्ष) ने प्रथम, कुमुद (द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय और काशिश (द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरूप पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### सुलगान में एम-स्वस्थ का ई-क्लिनिक शुरू

**अनंत ज्ञान, जाहू।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ने अपने खाताधारकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सुलगान में एम-स्वस्थ का ई-क्लिनिक शुरू किया है। इसका उद्घाटन बैंक शाखा प्रबंधक अशोक भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों ने भाग लिया। एम-स्वस्थ के प्रतिनिधि रवि कुमार चौहान ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में ऐसे क्लिनिक खोले जाएंगे ताकि ग्रामीणों को उनके निकट ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सकें। इस अवसर पर अधिकारी राम अवतार, कपिल जसवाल, नर्स नीरज बाला, पूनम चौहान समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बहुतकनीकी कॉलेजों के छात्रों ने दिखाया तकनीकी हुनर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय बहुतकनीकी कालेज बड़ू में वीरवार को राज्य स्तरीय स्किल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश के 11 सरकारी कालेजों के 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कंप्यूटर इंजीनियरिंग, आईओटी, आईटी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और मैकाट्रॉनिक्स के तहत विभिन्न श्रेणियों जैसे वेब डेवलपमेंट, नेटवर्किंग, ऑटोकैड आदि में प्रतियोगिताएं हुईं। कालेज के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने बताया कि यह हिमाचल में पहली बार आयोजित हो रही प्रतियोगिता है जो छात्रों के नवाचार व रचनात्मकता को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज ठाकुर, समीर भारती व वरुण गुप्ता सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

# बाबा की नगरी को सुधार लो सरकार!

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



अनंत ज्ञान फॉलोअप

**हमीरपुर।** नियम, कायदे और जवाब देही बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध ट्रस्ट की व्यवस्था में जब तक सवालों के घेरे में रहेगी, तब तक यहां पर कुछ भी अच्छा देखने को नहीं मिल सकता।

श्रद्धालु यहां जिस नीयत और श्रद्धा के साथ चढ़ावा चढ़ाते हैं, उसे गिद्ध दृष्टि रखने वाले माहौल को वर्षों से खराब कर रहे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि जवाब देह अधिकारी भी मौन बने हुए हैं। मंदिर में कोई गड़बड़झाला होता है, तो अधिकारी पाक-साफ कैसे निकल सकता है, यही हैरानी की बात है। क्योंकि उन्हीं की देखरेख में यह सब कुछ तो हो रहा है। फिर वे जवाबदेह क्यों नहीं हैं। उनकी कार्यप्रणाली भी सरकार को परखनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत रूप में तो जवाब देही उन्ही की ही बनती है। मंदिर की व्यवस्था में तत्कालीन डीसी रोहन चंद्र ठाकुर ने कर्मचारी की ट्रांसफर को लेकर पॉलिसी बनाने का प्रयास किया था। एक सीट पर कितने वर्ष तक कोई कर्मचारी रह सकता है। इस पर भी उन्होंने कुछ कदम उठाए थे, लेकिन इस व्यवस्था पर उनके जाने के बाद अमल नहीं हुआ। रोटेशन पॉलिसी का होना यहां बेहद लाजमी है, लेकिन जरा भर भी इस पर गौर नहीं होता, अब मंदिर की इस व्यवस्था पर जवाब दे अधिकारियों को क्या कोई शाबाशी देगा, जब शिक्षण संस्थानों में लैब अटेंडेंट की पोस्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों को अधिकारी मंदिर की व्यवस्था में तैनाती दे देंगे वह भी मलाईदार जगह पर। तो फिर गलती किसकी है जिन्होंने तैनाती दी है उनकी है या गड़बड़झाले को अंजाम देने वाले की। मंदिर की व्यवस्था में तीन लैब अटेंडेंट भी शुमार हैं। वह भी ऐसी जगह पर जहां उन पदों को मलाईदार माना जाता है। यहां राजनीति खूब होती है। इसीलिए यह पोस्टिंग भी राजनीतिज्ञों के हिसाब से ही चलती है। लेकिन जिनका काम ही शिक्षण संस्थानों में है, उन्हें मंदिर की व्यवस्था में आखिर तैनात क्यों किया गया। सवाल तो यह है, लेकिन इनकी तैनाती वास्तविक जगह पर हो, ऐसी जहमत अधिकारी क्यों नहीं उठाते? यही मुद्दा सवालों में है। राशन, कपड़ा, घी, स्टोर, गौशाला का सिस्टम पर्ची कौन काट रहा? किसके हवाले यह जिम्मेवारी होनी चाहिए? स्टोर किसके हवाले होना चाहिए? यह सभी ऐसे सवाल हैं, जो मंदिर की व्यवस्था को बुरी तरह झकझोर रहे हैं।

सीसीटीवी कैमरे मंदिर में लगे हैं। अच्छा खासा इन पर खर्च भी किया गया है, लेकिन कभी अधिकारी ने इससे पहले यह चेक करने की कोशिश नहीं की कौन काउंटिंग हाल में ड्यूटी दे रहा है। क्या कर रहा है। आज तो लेखाकार को पकड़ लिया गया, लेकिन इससे पहले लंबे समय से जब वह वहीं पर काउंटिंग के दिन रहता था। तब क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इसका ज्ञान नहीं था। उनकी ऐसी कौन सी लापरवाही रही जो उन्होंने समय-समय पर की है। इसकी भी तो जांच होनी चाहिए ना। मामले की चेन लंबी है। क्या पुलिस अंदर तक जाएगी और सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी या फिर दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद मामले को समेटने का काम कर लेगी। इस पर भी अभी इंतजार रहेगी। हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह कहते हैं कि अब जांच जारी है जो भी होगा सब अच्छा ही होगा।

### एक दिन के पुलिस रिमांड पर कर्मी

**गिरफ्तार** किए गए दो लोगों को वीरवार को कोर्ट में पेश किया गया और उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि कनिष्ठ सहायक और गणना लिपिक केशव दत्त एवं लेखाकार गुरचैन सिंह से अभी और पूछताछ की जानी है उम्मीद यही है कि इस मामले की तह तक जाकर कुछ और चीजें उजागर होगी। क्योंकि यदि ऐसा लंबे अर्से से हो रहा होगा, तो उसका भी खुलासा होगा और कौन लोग संलिप्त हैं, यह सब कुछ जांच में सामने आएगा।

## पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने नादौन में जैन संतों से लिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, नादौन**



पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने वीरवार को नादौन में जैन संतों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वे विशेष रूप से चंडीगढ़ से हेलिकॉप्टर द्वारा नादौन पहुंचे। अमतर क्रिकेट स्टेडियम में उपायुक्त अमरजीत सिंह व एसपी भगत सिंह ठाकुर ने उनका स्वागत किया।

इसके पश्चात राज्यपाल कटारिया नादौन शहर के जैन स्थानक पहुंचे, जहां एस एस जैन सभा के अध्यक्ष रमेश जैन के नेतृत्व में जैन समाज के पदाधिकारियों ने उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल ने अपने संबोधन में जैन धर्म की महान शिक्षाओं— अहिंसा, सत्य, त्याग और आत्मसंयम — का उल्लेख करते हुए कहा कि यह धर्म सम्पूर्ण मानवता को उत्कृष्ट दिशा प्रदान करता है। राज्यपाल ने अपने गुरु उपाध्याय पुष्कर मुनि को नमन करते हुए कहा कि 45 वर्षों के बेदाग राजनीतिक जीवन का श्रेय उन्हें प्राप्त आशीर्वाद को जाता है। उन्होंने जैन साधु-साध्वियों के तप और जीवनशैली को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा हिमाचली टोपी व शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। राज्यपाल की धर्मपत्नी अनीता कटारिया का स्वागत नीलम जैन, ममता जैन व रीना जैन ने तिलक व शाल ओढ़ाकर किया। श्रमण संघीय सलाहकार दिनेश मुनि ने कटारिया को सच्चा श्रावक बताया और कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा है। डॉ. पुष्पेंद्र मुनि ने उत्तराध्ययन सूत्र की व्याख्या करते हुए राज्यपाल के धार्मिक योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में 'पुच्छिंसुणं' का सामूहिक गान प्रस्तुत किया गया, जिसे राज्यपाल दंपति ने भावविभोर होकर सुना। विदाई के समय युवक मंडल के सदस्यों ने राज्यपाल को गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

## 3 मुख्य संस्थानों में पानी की कमी जल्द होगी दूर

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



**हमीरपुर।** हमीरपुर टाउन के वार्ड नंबर 11 में दोसड़का के साथ तीन मुख्य संस्थानों के लिए पानी की कमी को पूरा करने के लिए व्यास नदी से तैयार की गई पेयजल योजना का पाइप बिछाने का कार्य लगभग एक सप्ताह में पूरा हो जाएगा। इस योजना के तहत हीरा नगर टैंक से एनआईटी तक पाइप बिछाने का कार्य बचा हुआ था जिसे पूरा कर लिया गया है। अब तीन चार जगहों पर पाइप क्रासिंग का कार्य बचा हुआ उसे भी मुकम्मल कर लिया जाएगा।

इसके लिए एनएच विभाग से परमिशन नहीं मिल रही थी। विभाग को परमिशन मिलने के बाद इस कार्य को शुरू कर दिया है। हालांकि पहले पाइपों की वजह से यह कार्य रूका हुआ था, लेकिन विभाग ने इसके लिए पाइपों का इंतजाम कर दिया है। बता दें कि इस योजना की कुल 26 किलोमीटर लंबी राइजिंग मेन पाइपलाइन का 24400 मीटर का हिस्सा काफी पहले बिछाया जा चुका है। यह पाइपलाइन हमीरपुर टाउन की पहले की ब्यास नदी से आ रही पुरानी योजना की मुख्य पाइपलाइन के साथ ही अलग से बिछाई गई है। हीरानगर में जिस टैंक में इस राइजिंग मेन का पानी डाला जाना है। यह काफी समय पहले से निर्मित हो चुका है। काम केवल राइजिंग मेन का बचा था। सुजानपुर से आगे ब्यास नदी पर पलाही में योजना स्त्रोत का सारा काम मुकम्मल है। पंप हाउस, पर्कूलेशन बेल और कनेक्शन टैंक से लेकर हमीरपुर के अणु तक 6 इंच के मोटे डाय वाली राइजिंग मेन मुकम्मल हो गई है। हमीरपुर के तीन बड़े संस्थानों को बहुत जल्दी पीने के पानी की समस्या से निजात मिलने वाली है। यह संस्थान हैं हिमाचल तकनीकी यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान। पिछले लंबे समय से यह संस्थान खासकर एचपीटीयू और आईएचएम पीने के पानी की सप्लाई के प्रॉपर नहीं होने की वजह से दिक्कत का सामना कर रहे हैं। अब इन्हें डायरेक्ट सप्लाई हमीरपुर के हीरानगर स्थित वाटर स्टोरेज टैंक से दी जाएगी। वहां मशीनरी इंस्टॉल हो चुकी है। केवल ट्रांसफार्मर लगना बाकी है।

> **हमीरपुर** के जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नीरज भोगल ने बताया कि राईजिंग मेन को जोड़ने के लिए कुछ जगहों पर पाइप क्रासिंग होनी थी उसका काम शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि बाकि जगह पर पाइप बिछा दी गई। उन्होंने बताया कि पाइप क्रासिंग का कार्य एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य भी शीघ्र शुरू करवाया जाएगा।

## डीडीएमए 14 को करवाएगी दौड़ प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस (आईडीडीआरआर) के उपलक्ष्य पर 'समर्थ-2025' जागरूकता अभियान के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डीडीएमए हमीरपुर 14 अक्तूबर को सुबह साढे छह बजे हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क में चार अलग-अलग आयु वर्गों के लिए दौड़ प्रतियोगिता 'रन फॉर रेजिलियंस' आयोजित करने जा रही है। इसमें भाग लेने के इच्छुक बच्चे, युवा और अन्य लोग 12 अक्तूबर आधी रात तक गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। अलग-अलग वर्गों में करवाई जा रही इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद ईनाम दिए जाएंगे। उपायुक्त एवं डीडीएमए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि 17 वर्ष से 40 वर्ष तक के महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग 6 किलोमीटर और 40 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुषों के लिए भी अलग-अलग 6 किलोमीटर की दौड़ होगी।

## मेहंदी प्रतियोगिता में अनन्या व सानवी प्रथम



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में करवा चौथ के पावन अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस पारंपरिक गतिविधि में अपनी रचनात्मकता व कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह गतिविधि कक्षा 8वीं व 9वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। इसमें कक्षा आठवीं से गांधी सदन की अनन्या ने पहला स्थान प्राप्त किया। नेहरू सदन की अनिका ने दूसरा स्थान और तीसरा स्थान भी नेहरू सदन की छात्रा वंशिका ने प्राप्त किया। वहीं, कक्षा नौवीं से सुभाष सदन की सानवी धीमान ने पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान पटेल सदन की छात्रा ईशान्या ने, तीसरा स्थान नेहरू सदन की अवनीता चौधरी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने सभी को करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व न केवल हमारी संस्कृति और विरासत से हमें जोड़ते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, धैर्य और सौंदर्यबोध भी विकसित करते हैं।

### भगवती स्कूल के आराध्य ने लगाई सबसे अच्छी मेहंदी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल के छात्रों में करवा चौथ पर्व पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल में गठित चार सदनों (रमन, अंबेडकर, टैगोर ,सुभाष सदन) में प्रतियोगिता करवाई गई। यह प्रतियोगिता उनके बीच पारंपरिक मूल्यों की खोज व विकास के लिए आयोजित की गई। सभी सदनों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने हाथों पर मेहंदी की एक श्रृंखला के माध्यम से अपने कलात्मक डिजाइन प्रदर्शित किए। जज की भूमिका पूनम, प्रियंका, सुनिता, पूनम ने भूमिका निभाई। इसमें रमन सदन से आराध्य ठाकुर प्रथम स्थान, टैगोर सदन से इशिका ने दूसरा स्थान और सुभाष सदन से कशिश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अध्यापकों में निशा, इंदु ने बच्चों के साथ पूर्ण सहयोग दिया। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने छात्रों का मेहंदी प्रतियोगिता के लिए उत्साहवर्धन किया और करवा चौथ पर्व की बधाई दी।

### गीत-संगीत व नाटक से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सौजन्य से नटराज कला मंच नादौन द्वारा स्थानीय बस स्टैंड व आईटीआई मां ज्वाला जंगलू में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक 'मेरे प्यारुआ' के माध्यम से एचआईवी/एड्स संबंधी जागरूकता अभियान चलाया गया। मंच के प्रधान राजीव जस्सल ने बताया कि एचआईवी की जांच व इलाज सरकारी अस्पतालों में निशुल्क किया जाता है और मरीज की पहचान गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित यौन व्यवहार, नई सिरिंज का प्रयोग, और संक्रमित मां को समय पर दवा देने से एचआईवी से बचाव संभव है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1097 पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के काउंसलर राजकुमार और आईटीआई निदेशक राजिंदर चौहान उपस्थित रहे।



राजपूत सभा के महासचिव चबूतरा में भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को राहत राशि देते हुए।

## राजपूत सभा के महासचिव ने चबूतरा में भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को दी राहत राशि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सुजानपुर उपमंडल की चबूतरा पंचायत में गत दिनों हुए भूस्खलन के कारण प्रभावित परिवारों को मति टिहरा चौकी पंचायत के समाजसेवियों ने राजपूत महासभा हमीरपुर के महासचिव की उपस्थिति में एकत्रित राशि का वितरण करके मानवता की मिसाल पेश की।

राजपूत महासभा हमीरपुर के जिला महासचिव जोगिंदर ठाकुर ने बताया कि प्रभावित गांव के 7 परिवारों में नरोतम, किशोरी, सुनील, बंशी, ब्रह्म दास, बीर सिंह को आर्थिक मदद करके उन्हें राहत प्रदान करने और समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत बने। सभी परिवारों में कुल डेढ़ लाख की राशि वितरित की। चौकी निवासियों में लाला कृष्ण कुमार, सुदेश कुमार, सेवानिवृत्त थानेदार महिंद्र सिंह, हवलदार उत्तम चंद व रोशन लाल ठाकुर ने इस सारी धन राशि एकत्रित करने और वितरण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## टौणी देवी में वीर गाथा प्रोजेक्ट के अंतर्गत शौर्य और प्रेरणा का उत्सव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में भारत सरकार की वीर गाथा प्रोजेक्ट पहल के अंतर्गत एक प्रेरणादायक देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वीरता पुरस्कार विजेताओं की गाथाओं से परिचित कराना और उनमें शौर्य, बलिदान एवं राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार करना था। कार्यक्रम में पेंटिंग, कविता पाठ और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में अनिरुद्ध, राहुल और वंशिका ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त किए। कविता पाठ में कनिका और ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं प्रस्तुत कीं, जबकि भाषण प्रतियोगिता में अंजलि और कृतिका ने भारतीय सेना के योगदान पर प्रभावशाली विचार रखे। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कहा कि यह आयोजन वीरों के बलिदान को जानने और राष्ट्रप्रेम को जीवन में अपनाने का माध्यम है।

नोडल अधिकारी नविता चौहान ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपनी कला और विचारों के माध्यम से वीर सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति और वीरता के संस्कारों को रोपित करने में सफल रहा।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन।

### स्वाहल स्कूल की छात्राएं हॉकी में उपविजेता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता जो कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगू में आयोजित हुई। इसमें राजकीय राजकीय उच्च विद्यालय स्वाहल की छात्राओं ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। राजकीय उच्च विद्यालय स्वाहल के मुख्याध्यापक संदीप ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वाहल स्कूल से पांच छात्राओं का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है, जो कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्लोह जिला ऊना में होगा तथा अंडर- 19 हॉकी के ट्रायल में जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गौना करौर में हुआ। इसमें स्वाहल की चार छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घुमारवीं जिला बिलासपुर में होंगी।

### घंगोट के पास सरला-बड्डू सड़क पर डेंजर स्पॉट

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की सरला-बड्डू-चक्मोह सड़क घंगोट के पास गंभीर खतरे की स्थिति में है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी इस सड़क पर एक डेंजर स्पॉट काफी कमजोर हो चुका है, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बारे में कई बार पीडब्ल्यूडी को सूचित किया गया, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सड़क का यह हिस्सा बाबा दियोटसिद्ध की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी अहम है। एक्सईएन पीडब्ल्यूडी रवि शंकर ने बताया कि मामला विभाग के ध्यान में है, टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अगले सप्ताह ढंगे लगाने का काम शुरू किया जाएगा। कुछ स्थानों पर निजी भूमि भी है, यदि वहां अड़चन न आई तो कार्य जल्द पूरा किया जाएगा।

### दिनेश ठाकुर सर्वसम्मति से बने जिलाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डिडवीं टिक्कर में वीरवार को हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड तकनीकी कर्मचारी महासंघ हमीरपुर के जिला स्तरीय चुनाव संपन्न हुए। दिनेश ठाकुर को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया, जबकि रजत पुंडीर और सुशील ठाकुर उपाध्यक्ष बने। महासंघ ने ऐलम से लाइनमैन की डीपीसी को मुख्यमंत्री कार्यालय भेजने की प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की। साथ ही ओपीएस बहाली, लंबित भुगतानों का निपटारा, तकनीकी कर्मचारियों की पदोन्नति और नियमित भर्तियों की वकालत की गई। बड़सर जोन की कार्यकारिणी में निखिल गारला को प्रधान नियुक्त किया गया। चुनाव की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने की।

### लोक कल्याण कमेटी लुथान ने दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिल्ह क्षेत्र की समाजसेवी संस्था लोक कल्याण कमेटी लुथान की बैठक में जयलाल, गांव सुधंगल की बेटी की शादी हेतु 5100 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह राशि कमेटी पदाधिकारियों द्वारा बैठक के दौरान प्रार्थी परिवार को सौंपी गई। महासचिव सुरेंद ठाकुर ने बताया कि संस्था पिछले 10 वर्षो से निर्धन कन्याओं के विवाह और जरूरतमंदों के इलाज के लिए आर्थिक मदद करती आ रही है। बैठक में दो नए सदस्यों के जुड़ने पर उनका स्वागत किया गया। साथ ही संस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महासचिव ने सभी सहयोगियों का आभार जताया।

**पहल** सीएम की दूरदर्शी सोच से विदेशों में रोजगार का रास्ता हुआ आसान

## युवा अब विदेशों में भी पाएंगे सुरक्षित रोजगार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



युवाओं को रोजगार पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू।

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के युवाओं को सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ अब विदेशों में भी रोजगार के अवसर सृजित करने की बड़ी पहल की है।

मुख्यमंत्री की प्रेरणा और प्रोत्साहन से प्रदेश के युवा अब अपने रोजगार के सपनों को विदेशों में भी पूरा कर सकते हैं। सुनील शर्मा बिट्टू ने यह बात वीरवार को बड़ू में बहुतकनीकी कॉलेज के सभागार में आयोजित हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) और श्रम एवं रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुए विदेशों में भर्ती अभियान के प्रथम रोजगार मेले के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में कही। इस मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 250 युवा शामिल हुए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार इच्छुक युवाओं को एचपीएसईडीसी के माध्यम से सुरक्षित और कानूनी तरीके से विदेशों में रोजगार दिलाने का काम करेगी। इसके तहत युवा सभी नियमों और कानूनों का पालन करते हुए विदेश जाएंगे और वहां सुरक्षित रोजगार प्राप्त करेंगे। इस योजना से युवाओं को फर्जी एजेंटों के चक्कर में फंसने या अवैध तरीकों से विदेश जाने की जरूरत नहीं होगी। बिट्टू ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच के कारण युवाओं को यह योजना मिली है। इसके साथ ही उन्होंने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट अप योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत युवाओं को इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है और इन वाहनों को सरकारी विभागों से जोड़कर युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने छात्रों से कौशल विकास और नई सोच अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) समेत नए-नए क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में चयनित युवाओं को मौके पर ही रोजगार पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने सभी अतिथियों और युवाओं का स्वागत किया।

## दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा के चुनाव 29 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाली दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनाव की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया 13 अक्तूबर से शुरू होगी, जबकि मतदान 29 अक्तूबर को संपन्न होगा। सहकारी सभा के अधिकारियों ने बताया कि चुनाव पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है, जो नामांकन, छंटनी और मतदान की पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 15 अक्तूबर को होगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 अक्तूबर निर्धारित की गई है। इसके बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा स्थानीय किसानों को उर्वरक, बीज, कृषि उपकरण और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करती है।


सुहागनों के पावन पर्व
करवाचौथ
की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Karwa Chauth
Sukhvinder Singh Sukhu (CM H.P.) & Kamlesh Kumari
Inderdutt Lakhanpal (MLA BADSAR) & Usha Lakhanpal
Ashish Sharma (MLA SADAR HAMIRPUR) & Swati Sharma
Amarjeet Singh DC Hamirpur & Nisha Singh
Rajneesh Jamwal & Pooja Jamwal (FACE 2 FACE UNISEX SALOON, HMR)
Raj Thakur & Shilpi Thakur (SHIVA SALES, HAMIRPUR)
Vitul Gupta & Nidhi Gupta (GUPTA MEDICAL STORE, HAMIRPUR)
Ashwani Jamwal & Swati Jamwal (EXPOSE GARMENT'S, HAMIRPUR)
Ambika Soni & Pankaj Sharma (BAHURANI, HAMIRPUR)
Nikhil Chakravarti & Suchita vij
Priyanka Singh & Balbinder Singh Bablu
Kiran Thakur & Ajmer Thakur
Joginder Thakur & Sukanya Thakur
32 Years Together
Seema Thakur & Susheel Thakur (Vadic Lions HMR)
Ankita Sharma & Ashu Sharma M/s Ashish Kumar

## न्यूज ब्रीफ

### करवा चौथ पर प्रतिभा सिंह ने दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह व्रत पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते और समर्पण का प्रतीक है। प्रतिभा सिंह ने कामना की कि करवा चौथ का यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां लाए और वैवाहिक रिश्तों को और अधिक प्रगाढ़ बनाए।

### 172 ग्राम चरस के साथ एक दबोचा

**अनंत ज्ञान रोहड़ू।** चिड़गांव पुलिस ने मादक पदार्थ निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए नेपाली मूल के 66 वर्षीय व्यक्ति को 172 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गश्त के दौरान डिटेक्शन सेल रोहड़ू ने मान बहादुर थापा निवासी ग्राम पांवकोट, डाकघर प्राजोल बाड़ा नंबर 9, जिला देलेख, अंचल भेरी (नेपाल) से यह चरस बरामद की। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### रोहड़ू में 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** कांग्रेस पार्टी के देशव्यापी 'वोट चोर-गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में विधायक मोहन लाल ब्राक्टा के नेतृत्व में हुई। नगर परिषद उपाध्यक्ष सुजय अग्रवाल ने बताया कि यह आंदोलन चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और मतों की चोरी के विरोध में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता को आगे आना होगा और रोहड़ू कांग्रेस इकाई ने यह संकल्प लिया है कि अभियान का संदेश हर गांव और परिवार तक पहुंचाया जाएगा।

विमल नेगी मौत मामला

### मीणा की जमानत याचिका पर सुनवाई 14 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत से जुड़े मामले में पावर कॉरपोरेशन के पूर्व एमडी हरिकेश मीणा की जमानत याचिका पर सुनवाई 14 अक्तूबर तक के लिए स्थगित कर दी है। कोर्ट ने मीणा को दी गई अंतरिम राहत की अवधि भी 14 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। गौरतलब है कि 7 अप्रैल को हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश में जांच टीम को मीणा के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न करने के निर्देश दिए थे। यह सुनवाई न्यायाधीश विरेंदर सिंह की अदालत में हुई। उल्लेखनीय है कि एचपीपीसीएल के चीफ इंजीनियर विमल नेगी 10 मार्च से लापता थे और उनका शव 18 मार्च को बिलासपुर स्थित गोविंदसागर झील में मिला था।

### मिलावटखोरों पर कसेगा शिकंजा : कत्याल

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कटियाल ने कहा कि राज्य खाद्य आयोग का गठन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपभोक्ताओं के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सर्किट हाउस रोहड़ू में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि 14 अक्तूबर को सभी जिला खाद्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक होगी, जिसमें त्योहारी सीजन के दौरान मिठाइयों व अन्य खाद्य सामग्रियों में मिलावट रोकने के उपाय तय किए जाएंगे। डॉ. कटियाल ने कहा कि आयोग उचित मूल्य की दुकानों पर बढ़ती खाद्य सामग्री की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार से चर्चा करेगा। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी मोनिका नैंटा भी उपस्थित रहीं।

# ऊर्जा व्यापार में अहम भूमिका निभाएगा ऊर्जा प्रबंधन केंद्र : मुख्यमंत्री सुक्खू

## राज्य सरकार ने की ऊर्जा प्रबंधन केंद्र की स्थापना

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने बिजली की खरीद और बिक्री को सुचारु रूप से प्रबंधित करने, बिजली खरीद लागत घटाने तथा राज्य का राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश ऊर्जा प्रबंधन केंद्र (एचपीईएमसी) की स्थापना की है।



उन्होंने कहा कि यह केंद्र ऊर्जा व्यापार के क्षेत्र में प्रदेश के लिए अहम भूमिका निभाएगा और अधिकतम आर्थिक लाभ सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री सुक्खू गुरुवार को यहां पर एचपी एनर्जी मैनेजमेंट सेंटर की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी सर्दियों के मौसम के दृष्टिगत बिजली की खरीद के लिए ठोस कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण नदियों में जल प्रवाह कम होने से बिजली उत्पादन घटता है, इसलिए पहले से तैयारी कर किफायती दरों पर बिजली उपलब्ध कराना आवश्यक है।

**सर्दियों के लिए बनेगी बिजली खरीद की कार्य योजना**

### पारदर्शिता और हरित ऊर्जा की दिशा में कदम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यह केंद्र पूरी पेशेवर दक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करेगा ताकि राज्य को अधिकतम राजस्व प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार इस केंद्र को और सशक्त बनाने के लिए हरसंभव सहयोग देगी। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस सरकार ने अपने पहले ही बजट में हिमाचल प्रदेश को 31 मार्च, 2026 तक 'हरित ऊर्जा राज्य' बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसे पूरा करने के लिए प्रयास जारी हैं।

# सड़कों के विकास में आड़े नहीं आएगी धन की कमी : अनिरुद्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



मंत्री अनिरुद्ध सिंह कुसुम्पटी क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए।

कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के दौरे में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के लिए क्षेत्र की 123 सड़कों को बजट में शामिल किया गया है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से करीब 100 करोड़ रुपए सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृत किए जा चुके हैं। साधु पुल से जुंगा तक सात किलोमीटर लंबी सड़क को 1 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से पक्का किया जाएगा और इसके कार्य दिवाली के बाद शुरू होंगे। मंत्री ने कहा कि सड़कों के लिए दी गई भूमि की गिफ्ट-डीड की औपचारिकताएं जल्द पूरी करवाई जाएंगी और काम पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

भडेच में नई दोमंजिला पंचायत भवन के लिए 1 करोड़ 14 लाख रुपए देने की घोषणा की गई है, इसमें प्रधान, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक के कक्ष, परीक्षा केंद्र, पुस्तकालय, सभागार व रसोईघर की सुविधा शामिल होगी। मंत्री ने कहा कि जुंगा तथा अन्य गांवों में मंदिर परिसर, महिला मंडल और आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत तथा छोटे मार्गों की मरम्मत के लिए भी आवश्यक अनुदान दिए गए हैं और स्थानीय लोगों के सहयोग से विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम पंचायत पुजारली में 47 लाख 50 हजार रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं और सभी वार्डों में सोलर लाइट लगाई जा चुकी हैं। जुंगा में किम्मू-जुब्बड़ से बिनकुटी मार्ग के शिलान्यास के साथ कई छोटे मार्गों, पुलियों और सामुदायिक भवनों के लिए अनुदान दिए गए हैं। इसके अलावा जुंगा आईटीआई में नए ट्रेड शुरू करने के लिए पत्राचार किया जा रहा है, अस्पताल में एंबुलेंस सुविधा की पहल की जा रही है, और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह शीघ्र ही इलाके का दौरा कर नई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

**क्षेत्र की 123 सड़कें बजट में शामिल, करीब 100 करोड़ रुपए सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृत**

# विक्रमादित्य ने लिया वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने वीरवार को ऐतिहासिक रिज मैदान में 13 अक्तूबर को आयोजित होने वाले पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच, बैठने की व्यवस्था, शामियाना, प्रदर्शनी और यातायात प्रबंधन सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, पार्टी इंचार्ज रजनी पाटिल, राजीव शुक्ला सहित प्रदेश और देश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाग लेंगे। मुख्यमंत्री, पूरी कैबिनेट और प्रदेशभर से लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह, जो छह बार मुख्यमंत्री रहे, का प्रदेश के विकास में बड़ा योगदान रहा है। सरकार उनके सपनों को साकार करने और प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रही है।



वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते विक्रमादित्य सिंह।

### पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता का वेतन कुर्क करने के दिए आदेश

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सेवानिवृति लाभ जारी करने के आदेश का पालन न करने पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य अभियंता का वेतन कुर्क करने के आदेश दिए हैं। न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने यह आदेश याचिकाकर्ता लखन पाल महाजन की अनुपालना याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किए। कोर्ट ने कहा कि न्यायालय की अनुमति के बिना उक्त अधिकारी का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। याचिकाकर्ता के पक्ष में 24 अप्रैल, 2024 को पारित निर्णय के तहत संशोधित डीसीआरजी के शेष भुगतान के रूप में 7,19,690 रुपये की राशि देय थी। विभाग यह स्पष्ट नहीं कर सका कि अब तक यह भुगतान क्यों नहीं किया गया।

# आरक्षण से पहले उम्मीदवारों ने थामा जनसंपर्क का रुख

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल की वादियों में सर्द हवा के साथ चुनावी तापमान भी बढ़ रहा है। दिसंबर में प्रस्तावित पंचायत चुनावों ने गांव-गांव की चौपालों में नई चर्चा जगा दी है। आरक्षण रोस्टर भले ही अभी जारी नहीं हुआ हो, लेकिन संभावित प्रत्याशी अपनी रणनीति पर उतर आए हैं। अनुमान और अनुभव के सहारे उन्होंने क्षेत्रवार गणित बिठा लिया है। अब हर गांव में छोटी-छोटी बैठकों का दौर है, लोग चेहरे पढ़ रहे हैं, समीकरण बना रहे हैं।

चुनावी मैदान में कूदने की आतुरता इतनी है कि कई जगह उम्मीदवारों ने प्रचार शुरू कर दिया है। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि कुछ पंचायत अधिकारियों ने संभावित आरक्षण की दिशा को लेकर संकेत दिए हैं। जिसके बाद प्रत्याशियों ने अपना अभियान तेज कर लिया है। लोग अब चौपालों से लेकर खेतों तक चर्चा में हैं। कोई जातिगत समीकरण साध रहा है, कोई महिलाओं से समर्थन जुटा रहा है। इस सबके बीच गांवों का वातावरण पूरी तरह चुनावी रंग में रंग चुका है।

इस बार पंचायतों में महिला शक्ति का प्रभाव और गहरा होगा। साल 2011 की जनगणना के आधार पर तैयार रोस्टर में आधी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इससे घर-परिवार से आगे बढ़कर महिलाएं नेतृत्व की भूमिका निभाने को तैयार हैं। कई गांवों में महिलाएं अब खुद आगे आकर पंचायत का खाका खींच रही हैं। युवा पीढ़ी इसे बदलाव की शुरुआत मान रही है।

# राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में लोकतंत्र की गूंज

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल में ओम बिरला और कुलदीप पठानिया हुए शामिल




ब्रिजटाऊन में आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ कुलदीप सिंह पठानिया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाऊन में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ जिसमें 56 सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की कार्यकारी समिति और बारबाडोस संसद के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। भारतीय प्रतिनिधि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र के बाद सभी भारतीय प्रतिनिधि बारबाडोस संसद भवन के मुख्य द्वार पर सामूहिक चित्र के लिए एकत्र हुए।

पठानिया ने कहा कि राष्ट्रमंडल 56 स्वतंत्र देशों का ऐसा संघ है जो लोकतंत्र, शांति और विकास जैसे साझा मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इसकी जड़ें ब्रिटिश साम्राज्य में हैं, लेकिन आज यह विश्व के हर महाद्वीप तक फैला है। राष्ट्रमंडल में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से लेकर छोटे द्वीप राष्ट्र तक शामिल हैं और इसका उद्देश्य आपसी सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देना है।

पठानिया आज बारबाडोस संसद में लोकतंत्र को समर्थन देने के लिए हमारी संस्थाओं को मजबूत करना विषय पर अपना पहला संबोधन देंगे। वे सम्मेलन में चयनित तीन विषयों पर अलग-अलग दिनों में विचार रखेंगे। सम्मेलन में हिमाचल विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार और सचिव यश पाल शर्मा भी उपस्थित हैं। यह सम्मेलन 8 से 13 अक्तूबर तक चलेगा।

# अनुराग ने जर्मनी में पेश किया सहयोग का छह सूत्री एजेंडा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हमीरपुर से सांसद और कोयला, खान एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित एक वैश्विक कार्यक्रम में भारत के नेतृत्व दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका को साझा करते हुए कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से प्रेरित होकर एक स्थिर, रचनात्मक और जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है।



अनुराग ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान को सशक्त, सक्षम और समृद्ध बताते हुए कहा कि भारत अब गुटनिरपेक्षता के बजाय 1.4 अरब नागरिकों की आकांक्षाओं और वैश्विक भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत-जर्मनी के बीच सहयोग के लिए एक व्यावहारिक छह-सूत्रीय एजेंडा प्रस्तुत किया, जिसमें हरित ऊर्जा, औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन, नवाचार सहयोग, कौशल विकास, जलवायु वित्त, और व्यापार तंत्र पर फोकस शामिल था। उन्होंने भारत-जर्मनी नवाचार गलियारे की स्थापना और जर्मनी के दोहरे प्रशिक्षण मॉडल को भारत में अपनाने का भी सुझाव दिया। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र निष्कर्ष पर लाने की आवश्यकता पर बल दिया और दोनों देशों की साझेदारी को विश्वास, नवाचार और पारस्परिक सम्मान पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि भारत का नेतृत्व दृष्टिकोण प्रभुत्व नहीं, बल्कि परिणामों और साझा समृद्धि पर आधारित है।

# महिला कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश महिला कांग्रेस ने वीरवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भाजपा के खिलाफ वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर आयोजित किया गया। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने इस अवसर पर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए तय समय सीमा में अभियान पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आवाज को मजबूती देने के लिए कांग्रेस लोकतंत्र बचाने और जनमत की चोरी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान चला रही है।

जैनब चंदेल ने कहा कि प्रदेश महिला कांग्रेस इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को जागरूक करने में जुटी है। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा जनादेश की अवहेलना लोकतंत्र के लिए खतरा है और कांग्रेस इस लड़ाई को पूरी मजबूती से लड़ेगी। इस अवसर पर कविता कंवर, किरण भारद्वाज, कृष्णा, प्रभा वर्मा, विनीता, कांता सुयाल, सरोज, सीमा, प्रियंका, निर्मल, रिंकू वर्मा, शशि जसू, लोकेश्वरी, बबली और निर्मला सहित महिला कांग्रेस की कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहीं।




शिमला में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के तहत कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करतीं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल।

# हिमाचल ने केंद्र से आंगनबाड़ी भवनों के लिए प्री-फैब्रिकेटेड ढांचे की मांगी स्वीकृति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने केंद्र सरकार से पूरक पोषाहार की दरों में वृद्धि करने का आग्रह किया है ताकि बच्चों को पौष्टिक आहार की आपूर्ति प्रभावी ढंग से की जा सके। उन्होंने यह अनुरोध केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समीक्षा बैठक के दौरान किया। डॉ. शांडिल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में राज्य को आंगनबाड़ी सेवा योजना के तहत केंद्र से 66 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है जबकि राज्य सरकार ने अपने वित्तीय कोष से 113 करोड़ रुपए पहले ही व्यय कर दिए हैं। उन्होंने केंद्र से दूसरी किश्त शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया।

डॉ. शांडिल ने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिए प्री-फैब्रिकेटेड ढांचे को शामिल किया जाना चाहिए ताकि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में निर्माण कार्य आसान हो सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को आंगनबाड़ी सह-स्कूल घोषित किया है, ताकि बच्चों को पोषण के साथ बेहतर देखभाल और शिक्षा दोनों उपलब्ध हों। इसके अतिरिक्त, 'पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत सभी जिलों के अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैठक में विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# जयराम ठाकुर बोले-सीबीआई जांच से पीछे हटने को आतुर हैं मुख्यमंत्री सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि एचपीपीसीएल के इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत ने सुक्खू सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह देश का पहला मामला है, जिसमें सरकार खुद सीबीआई जांच से पीछे हटने के लिए बेचैन दिखाई दे रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के हर कदम से यह स्पष्ट है कि विमल नेगी की मौत किसी बड़ी धांधली से जुड़ी है, जिसके तार सत्ता के शीर्ष तक पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री और उनके संरक्षण प्राप्त अधिकारी कानून की सीमाएं लांघकर जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे यह साफ होता है कि सरकार के भीतर कुछ बहुत बड़ा छिपाया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने शिमला से जारी बयान में कहा कि जिस तरह से पुलिस थाने में विमल नेगी के पास से बरामद पेन ड्राइव को फॉर्मेट किया गया, वह इस मामले में सबूतों को मिटाने का जघन्य प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह वही पेन ड्राइव थी जिसमें महत्वपूर्ण जानकारी मौजूद थी। पुलिस कर्मी जेल में है, लेकिन सरकार अब भी उन अधिकारियों की ढाल बनी हुई है जिन्होंने जांच को कमजोर किया।

उन्होंने कहा कि जब न्यायालय की देखरेख में सीबीआई जांच चल रही है, तब प्रदेश सरकार का हस्तक्षेप न्यायिक प्रक्रिया का सीधा उल्लंघन है। इससे साफ है कि मुख्यमंत्री सच्चाई उजागर होने से डर रहे हैं, क्योंकि जेल कई बड़े लोगों की प्रतीक्षा कर रही है।

**विमल नेगी की मौत से सरकार के तार गहराई से जुड़े, पेन ड्राइव सबूत मिटाना बताता सरकार की मंशा**



### परिवार अब भी भटक रहा दर-दर

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि विमल नेगी के परिवार ने शुरुआत से ही सीबीआई जांच की मांग की थी, परंतु सरकार ने न्याय में रोड़े अटकाने का हर संभव प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में न्याय दिलाने का वादा किया, लेकिन बाद में खुद ही उससे मुकर गए।

समीक्षा

### सीएम सुक्खू बोले-ग्रीन पंचायतों के जरिए रोजगार और सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मिलेगी मजबूती

# जनवरी 2026 से शुरू होगी 2,687 करोड़ की एचपी-रेडी परियोजना

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश को जलवायु आपदाओं से अधिक सुरक्षित व सक्षम बनाने के लिए सरकार अब ठोस कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गुरुवार को यहां विश्व बैंक प्रतिनिधिमंडल और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हिमाचल प्रदेश रेजिलिएंट एक्शन फॉर डेवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरी (एचपी-रेडी) परियोजना की उच्च स्तरीय समीक्षा की। यह परियोजना जनवरी 2026 से प्रारंभ होगी, जिसकी कुल लागत 2,687 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एचपी-रेडी परियोजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों और विश्व बैंक टीम के साथ चर्चा करते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मिशन प्रदेश में आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई करने के साथ-साथ भविष्य की प्राकृतिक चुनौतियों से निपटने के लिए स्थायी बुनियादी ढांचा तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हिमाचल प्रदेश में आपदाओं की आवृत्ति और प्रभाव लगातार बढ़ रहे हैं। सड़कों, पुलों और भवनों को भारी क्षति पहुंच रही है जिससे सरकार को हर साल पुनर्निर्माण पर बड़े पैमाने पर खर्च करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि विश्व बैंक के साथ साझेदारी में लागू की जा रही एचपी-रेडी परियोजना आपदाग्रस्त ढांचों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए एक स्थायी समाधान पेश करेगी। यह परियोजना 2023 और 2025 में आई प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई में भी मददगार सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि परियोजना का फोकस केवल आपदा प्रबंधन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह ग्रामीण स्तर पर ग्रीन पंचायतों के माध्यम से रोजगार सृजन और जोखिम-आधारित सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत आपदा-संवेदनशील प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाया जाएगा, साथ ही सड़कों, पुलों और नालों का संरक्षण किया जाएगा।

### किसानों-बागवानों के लिए दस स्थानों पर बनेंगे सीए स्टोर

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि किसानों और बागवानों की आजीविका की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से परियोजना के तहत राज्य के दस स्थानों पर अत्याधुनिक सीए स्टोर बनाए जाएंगे, ताकि फसल और फल सुरक्षित रह सकें तथा प्राकृतिक आपदा की स्थिति में नुकसान से बचाव हो।

### राज्य की आपदा प्रबंधन क्षमता को मिलेगा नया आधार

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि एचपी-रेडी परियोजना से हिमाचल प्रदेश की आपदा प्रबंधन क्षमता में गुणात्मक सुधार होगा। यह राज्य को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के अनुरूप ढालने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस ने चलाया दो दिवसीय स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में दो दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान से महाविद्यालय परिसर में आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अरुण चंद के छात्र संबोधन के साथ किया गया। उन्होंने सभी को 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के संकल्प को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर, उद्यान, पुस्तकालय तथा आस-पास के क्षेत्रों में सफाई कार्य किया। साथ ही, प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने का संदेश भी दिया गया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में पायल डोगरा प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वूमेन सैल की संयोजक डॉ. आशा मिश्रा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मकता को मंच प्रदान करना और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहन देना था। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला और कल्पनाशीलता का सुंदर प्रदर्शन किया। आकर्षक डिजाइन और मनमोहक रंगों से सजी उनकी हथेलियां भारतीय परंपरा की झलक प्रस्तुत कर रही थीं। प्रतियोगिता में पायल डोगरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सिमरन और रक्षा को संयुक्त रूप से मिला, जबकि तृतीय स्थान लक्ष्मी और अनुराधा ने संयुक्त रूप से हासिल किया। निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

### चढ़ियार को तहसील का दर्जा मिलने पर धन्यवाद समारोह

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने चढ़ियार को तहसील का दर्जा प्राप्त होने के उपलक्ष्य में आयोजित धन्यवाद समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि धार चढ़िया क्षेत्र की वर्षों पुरानी इस मांग के पूर्ण होने से हजारों लोगों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्रवासियों को राजस्व संबंधी कार्यों जमाबंदी, म्यूटेशन, प्रमाण पत्र जारी करने तथा अन्य राजस्व सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी बल्कि ये सेवाएं अब उनके घर-द्वार पर ही उपलब्ध होंगी। उन्होंने स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ भी किया। शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया, ईसीजी, नेत्र जांच, एवं सामान्य रोगों की जांच की गई तथा लोगों को स्वास्थ्य जागरूकता एवं निःशुल्क औषधि भी वितरित की गई।

### टिकरी और सालिग में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने सूचित किया कि 11 केवी टंग फीडर के अंतर्गत विद्युत लाइनों की मरम्मत के चलते 11 अक्तूबर को प्रातः 9:30 बजे से सायं कार्य समाप्ति तक टंग, तिरंगा, खैरा, दव चैक, टिकरी, सालिग, बगियारा, कंड करडियाना, जुड़ल, डिक्टू, नरवाणा, नरवाणा कस्बा, बलेहड़, आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। उन्होंने जनता से बिजली विभाग को सहयोग करने की अपील की है।

### नवोदय में चयन परीक्षा के लिए 21 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के लिए कक्षा 9वीं तथा 11वीं में ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जिसकी अंतिम तिथि 7 अक्तूबर से बढ़ाकर 21 अक्तूबर निर्धारित की गई है। अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के लिए नवोदय की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं

### मेहंदी एवं थाली सजावट स्पर्धा का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा बुधवार को मेहंदी एवं थाली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. पर्वेश गिल के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें प्राचार्य डॉ. राकेश पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. स्नेह लता, डॉ. अंजना रानी, डॉ. हर्षदीपिका दत्ता और डॉ. बिंदू कुमारी भी मौजूद रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम लक्षिता कौंडल, द्वितीय रिया एवं श्रेता, तृतीय ईशा एवं ललिता, थाली सजावट में प्रथम मीनाक्षी, द्वितीय रिया एवं सुरभि, तृतीय तानिया एवं दीपांशी रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की पारंपरिक कला और सृजनशीलता को प्रोत्साहित करना रहा।

### रैत में बारिश से तालाब बन रही सड़क : मदन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रैत में वर्षा होने पर सड़क तालाब का रूप ले लेती है। भूतपूर्व जनकल्याण सभा रैत के अध्यक्ष मदन शर्मा ने बताया कि सड़क की नियमित देखभाल के अभाव में वर्षा का पानी सड़क को नाली में तब्दील कर रहा है। सड़क के किनारे बहता पानी बलौरिया ट्रेडर्स के पास से गुजरते समय राहगीरों पर छिड़काव करता है। सड़क अब पगडंडी से एक फुट ऊंची हो गई है। मदन शर्मा ने प्रशासन से मांग की कि सड़क की तत्काल मरम्मत और देखभाल के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### विद्यार्थियों को बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर की रोवर-रेंजर इकाई ने तंबाकू निषेध को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। रोवर लीडर हरीश और रेंजर लीडर आशा शर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने पोस्टर मेकिंग द्वारा तम्बाकू के दुष्प्रभावों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। छात्रों को कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की बीमारियों जैसे खतरों की जानकारी दी गई तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। प्रचार्य विश्वजीत सिंह ने इकाई के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। यह अभियान युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने की दिशा में अहम पहल है।

### विधायक मलेंद्र ने किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नॉन एटेन्मेंट सिटी डमटाल में भू-संरक्षण विभाग के तत्वावधान में डमटाल गोशाला परिसर में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ विधायक मलेंद्र राजन ने किया। उन्होंने बताया कि यहां 110 पौधे लगाए गए हैं, जिनकी सिंचाई सूक्ष्म सिंचाई तकनीक से की जाएगी। इससे पानी की बचत होगी और पौधों को समान रूप से सिंचाई मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रतिबद्ध है। पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए महिला मंडलों, युवक मंडलों और स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी व ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# छह कर्मचारियों के स्टाफ के अभाव में अटका एक करोड़ के वाहनों का संचालन

## फूड सेफ्टी विभाग को स्पॉट पर सैंपलिंग के लिए मिले हैं दो वाहन

**राजेश कुमार। अनंत ज्ञान ब्यूरो**



वाहनों में तैनात स्टाफ को विशेष रूप से दिया जाता है प्रशिक्षण

**धर्मशाला।** मात्र छह कर्मियों के स्टाफ के अभाव में एक करोड़ रुपए की लागत के वाहनों का संचालन नहीं हो पाया है। फूड सेफ्टी विभाग खाद्य पदार्थों की स्पॉट सैंपलिंग के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस दो वाहन मिले हैं, प्रत्येक वाहन की कीमत 50 लाख रुपए है, लेकिन स्टाफ के अभाव में यह वाहन सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। बड़ी बात है कि इन वाहनों में तैनात स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है।

स्टाफ की कमी के चलते खाद्य वस्तुओं की मौका पर सैंपलिंग व एनालिसिस रिपोर्ट की कमी खल रही है। जानकारी के अनुसार प्रति वाहन ड्राइवर, लैब अटेंडेंट और फूड एनालिस्ट की तैनाती जरूरी होती है, जोकि आउटसोर्स पर होते हैं, लेकिन वर्तमान में आउटसोर्स पर स्टे लगा होने के चलते इनकी नियुक्ति नहीं हो पाई है। इन वाहनों में सीमित वस्तुओं की सैंपलिंग मौका पर की जाती है, जिनमें दूध, जूस, ऑयल कुछ सीमित वस्तुएं शामिल हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से यह वाहन जोनल अस्पताल के प्रांगण में खड़े-खड़े धूल फांक रहे हैं। स्टाफ के अभाव में इनका अभी तक इस्तेमाल नहीं हो पाया है, जबकि विभाग द्वारा इस बारे उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है, ऐसे में विभाग को उम्मीद है कि जल्द इन वाहनों के लिए स्टाफ की नियुक्ति होगी और इनका संचालन शुरू होगा।



> विभाग को मिले वाहनों का संचालन स्टाफ की कमी के चलते नहीं हो पाया है। इन वाहनों के संचालन के लिए ड्राइवर, लैब अटेंडेंट और फूड एनालिस्ट जरूरी होते हैं, जो अभी नहीं है, यह पद आउटसोर्स पर थे, जिन पर अभी स्टे लगा हुआ है। उम्मीद है इन पदों पर जल्द भर्ती हो जाएगी, क्योंकि इस बारे में उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवाया जाएगा। इन वाहनों के माध्यम से स्पॉट पर सैंपलिंग करके एनालिसिस रिपोर्ट मौक पर ही उपलब्ध हो जाती है।
>
> **डॉ. सविता ठाकुर, असिस्टेंट कमिश्नर, फूड सेफ्टी विभाग।**

# आरव व अवनी ने ताइक्वांडो स्पर्धा में जीता गोल्ड मेडल



एंजल स्कूल के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय ताइक्वांडो स्पर्धा के लिए हुआ चयन।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना के दो विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। यह सारे स्कूल के लिए गौरव का क्षण है। आप को बता दें कि हाल ही में देहरा में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में आरव सुनार तथा अवनी आचार्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल समीर अमिताभ ने कहा कि आरव और अवनी ने विद्यालय का नाम रोशन किया है और उन्होंने आशा व्यक्त की है कि वे दोनों राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाएंगे।

# वन्यजीव सप्ताह समारोह 2025 स्पर्धा में डीएवी नगरोटा सूरियां को सर्वोच्च स्थान



प्रतियोगिता में 14 स्कूलों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** डीएवी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां के विद्यार्थियों ने इंटरप्रिटेशन हॉल नगरोटा सूरियां में आयोजित वन्यजीव सप्ताह समारोह 2025 में भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करके संस्थान का नाम रोशन किया। डीएवी विद्यालय की ओर से पलक धीमान, जेसिका, आकर्ष वर्मा एवं अर्नब गुलरिया ने वन्य जीव अधिकारियों को पक्षियों के मॉडल बनाकर भेंट किए, जिसकी अधिकारियों ने खूब सराहना की। डीएवी पब्लिक स्कूल ने वन्यजीव सप्ताह 2025 के लिए समग्र विजेता ट्रॉफी जीतकर एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की और वन्यजीव संरक्षण के प्रति छात्रों की रचनात्मकता, टीम वर्क और प्रतिबद्धता को दर्शाया।

इस प्रतियोगिता में लगभग 14 स्कूलों ने हिस्सा लिया और लगभग 200 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर, विद्यालय के प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने सभी विजेता छात्रों को बधाई दी।

# पालमपुर से लापता महिला अहमदाबाद में मिली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पालमपुर से लापता महिला गुजरात के अहमदाबाद में मिल गई है। पालमपुर निवासी ने पुलिस थाना पालमपुर में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी पत्नी घर से पालमपुर सिविल अस्पताल गई थी, परंतु वापस घर नहीं लौटी। शिकायत पर पुलिस थाना पालमपुर में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की गई और महिला की तलाश के लिए तुरंत कार्रवाई आरंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पालमपुर पुलिस ने अथक प्रयास प्रारंभ किए और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह पता चला कि गुमशुदा महिला अहमदाबाद (गुजरात) क्षेत्र में है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि इस सूचना की पुष्टि होते ही, थाना पालमपुर से एक विशेष टीम, जिसमें एक महिला आरक्षी को भी शामिल किया गया था, तुरंत गुजरात रवाना की गई। टीम ने कई स्थानों पर सघन तलाश की और सतत प्रयासों के बाद महिला को जयपुर रेलवे स्टेशन पर सकुशल ढूंढ निकाला। महिला को सुरक्षित पालमपुर लाया गया, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# दो माह से पेंशन न मिलने से परिवहन पेंशनर्स में रोष, 15 को शिमला में करेंगे एमडी का घेराव



प्रदेश पथ परिवहन निगम पेंशनर्स संगठन ईकाई धर्मशाला व पठानकोट ने की बैठक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश पथ परिवहन निगम पेंशनर्स संगठन ईकाई धर्मशाला व पठानकोट की बैठक वीरवार को अध्यक्ष रणजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान करीब 70 पेंशनरों से बैठक में भाग लिया।

संगठन द्वारा परिवहन प्रबंधन प्रदेश सरकार द्वारा बीते दो माह से पेंशनरों को पेंशन का भुगतान न करने के लिए कड़े शब्दों में निंदा की गई। इस दौरान अध्यक्ष ने बताया कि बीते दो माह से पेंशनरों को पेंशन का भुगतान नहीं हो पाया है। इसके चलते उन्हें परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने बताया कि इसके चलते अब पेंशनरों का परिवहन प्रबंधन व सरकार पर से देय भुगतान को लेकर विश्वास उठ गया है। ऐसे में अब पेंशनरों ने कड़ी नीति अपनाते हुए यह फैसला लिया है कि वे 15 अक्तूबर को परिवहन निगम के एमडी का घेराव व धरना-प्रदर्शन करेंगे। साथ ही शिमला बस अड्डा से सचिवालय तक रैली निकालकर अपना प्रदर्शन करेंगे।

# राज्यस्तरीय चैंपियनशिप के लिए स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली के चार बच्चे चयनित



स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के 9 बच्चों ने कोच भानु प्रताप के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लिया।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देहरा में जिलास्तरीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप (अंडर-14) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा के कई स्कूलों ने प्रतिभाग लिया। स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के 9 बच्चों ने स्कूल के कोच भानु प्रताप के मार्गदर्शन में इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में स्प्रिंग डेल स्कूल के चार बच्चे आरब, हर्षिता, सूर्य प्रताप तथा दिव्यांश राज्यस्तरीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने कहा कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। स्कूल वापिस आने पर प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमिटी मेंबर्स ने बच्चों को इस उपलब्धि पर बधाई दी

# टेंगल बोर्ड में कमरे में व्यक्ति का शव बरामद

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज द्वारा वीरवार को साथ लगते क्षेत्र टेंगल बोर्ड में स्थित एक कमरे से व्यक्ति का शव मृत अवस्था में बरामद किया है। मृतक की पहचान अमित कुमार (41) पुत्र स्व. राम कृष्ण निवासी गांव नड्डी डाकघर डललेक के रूप में हुई है। इस संदर्भ में पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला में रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार करीब 11.30 बजे पुलिस को थाना में पहुंचकर सूचना देते हुए फरसेटगंज निवासी संजीव जसवाल ने बताया कि उनकी टूर एंड ट्रैवल एजेंसी में स्कूटियों का रखरखाव करने वाला अमित कुमार ड्यूटी पर नहीं आया है। अमित 2-3 अक्तूबर से बीमार होने की बात बता रहा था। इसके बाद बीते एक-दो दिन पहले भी उसे फोन करने पर वे फोन नहीं उठा रहा था। उन्होंने अपना एक कर्मचारी मौके पर भेजा, जहां कर्मचारी ने कमरा बंद पाया। शक होने के बाद यह जानकारी पुलिस से साझा की। पुलिस ने मौके पर जाकर स्थानीय पार्षद की मौजूदगी में कमरा खोलने की कोशिश की लेकिन कमरा अंदर से बंद था। जब कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो अमित कमरे में अपने विस्तर पर मृत अवस्था में पाया गया। इस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के रिश्तेदारों के ब्यान दर्ज किए। एएसपी अदिती सिंह ने पुष्टि की है।

# महिलाओं को अधिकारों और कानूनों की दी जानकारी

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** बाल विकास परियोजना पंचरुखी द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मकोल स्थित भुआना में किशोरियों को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एसडीएम पालमपुर द्वारा कैंप का शुभारंभ किया गया। इस कैंप में किशोरियों को आत्मरक्षा के बारे में बताया गया। एसडीएम द्वारा किशोरियों को अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया एवं उचित पौष्टिक आहार लेने पर भी बल दिया। उक्त शिविर में उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधित कानूनों की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। शिविर में मनमोहन सिंह द्वारा छात्राओं को यौन शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए कहा एवं उनको बाल अपराध से संबंधित कानूनों की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर एक पेड मां के नाम योजना के तहत एसडीएम द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इसके तुरन्त एसडीएम द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत खंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी संबंधित विभागों द्वारा उपस्थिति दर्ज की गई। बैठक में एसडीएम पालमपुर ने खंड विकास कार्यालय पंचरुखी को निर्देश देते हुए कहा है कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण से संबंधित सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए व कुपोषित बच्चों पर अधिक से अधिक ध्यान देने पर बल दिया एवं मिशन भरपूर के तहत बांटे गए आहार से बच्चों में हुए सुधार पर जानकारी इकट्ठा करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्वास्थय विभाग से कुपोषित बच्चों के रेफरल की पूरी जानकारी रखने के लिए निर्देश दिए। स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता के लिए दिए गए रखरखाव एवं उनके उचित उपयोग पर भी शिक्षा विभाग को निर्देश दिए। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी पंचरूखी के अतिरिक्त समस्त कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# गैलेक्सी स्कूल में मेहंदी स्पर्धा, नेहरू व टैगोर सदन प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञार्नं नगरोटा सूरियां**



गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**गैलेक्सी** पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में सुहागिनों के करवाचौथ व्रत पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से बारहवीं तक की छात्राओं ने अपने-अपने सदन की ओर से भाग लिया। प्रतियोगिता में आजाद सदन से अर्शिया, रिद्धिमा, सरगम, नेहरू सदन से अंकिता, शगुन, आयुषी, शिवाजी सदन से ऐंजल, समीक्षा, अक्षरा शहरिया और टैगोर सदन से अंकिता, आरुषि, आरुषि घई ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप नेहरू और टैगोर सदन प्रथम स्थान पर जबकि आजाद और शिवाजी सदन द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक निदेशक डॉक्टर गुलशन कुमार, निदेशिका किरण लता वैद्य, प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा, उप प्रधानाचार्या श्वेता वैद्य, समन्वयिका रानी धीमान एवं अन्य अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। निदेशिका किरण लता वैद्य एवं उपप्रधानाचार्या श्वेता वैद्य ने सभी अध्यापिकाओं और महिलाओं को करवाचौथ की बधाई दी।

# जिले में रोड एक्सीडेंट का ग्राफ हुआ कम

**राज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मैक्लोडगंज।** जिला कांगड़ा में सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ में कमी आई है, जिसका सीधा श्रेय जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों को लेकर फैलाई जा रही जागरूकता है। जिले में सितंबर माह तक 107 मामले सड़क दुर्घटनाओं के दर्ज हुए हैं, जो कि पिछले वर्ष की अपेक्षा कम है, क्योंकि पिछले वर्ष सितंबर माह तक 159 मामले सड़क दुर्घटनाओं के दर्ज किए गए थे। एएसपी कांगड़ा अदिती सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में ड्रंक एंड ड्राइविंग भी कारण रहता है, जबकि इस बार बारिश की वजह से भी सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई हैं। बरसात में लोग स्पीड पर नियंत्रण नहीं रखते और सड़कें स्लीपी होती हैं। इस कारण दुर्घटनाएं घटित होती हैं। इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 40 लोगों की मौत हुई, जबकि पिछले वर्ष इस अवधि के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 59 लोगों की मौत हुई थी। पिछले वर्ष दुर्घटनाओं में 255 लोग घायल हुए थे, जबकि इस वर्ष घायलों की संख्या 144 रही है। ज्यादा दुर्घटनाएं सुबह व शाम के समय होती हैं, जब सड़कों पर भीड़ ज्यादा होती है। कई बार देखा गया है कि सामान ढोने वाले वाहनों में भी लोग बैठकर सफर करते हैं, ऐसे में दुर्घटना होने पर ज्यादा नुकसान होता है। एएसपी ने कहा कि कांगड़ा पुलिस सभी से यही अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें, जिससे कि सडक़ सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# पशु रोगों के त्वरित क्षेत्रीय निदान के लिए एलएएमपी तकनीक पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय (सीएसकेएचपीकेवी), पालमपुर ने क्रॉफर्ड फंड द्वारा प्रायोजित संक्रामक रोगों के क्षेत्रीय निदान के लिए एलएएमपी तकनीक के अनुप्रयोग विषय पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का समापन किया। यह कार्यशाला पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा कृषि विक्टोरिया, ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से आयोजित की गई थी। कार्यशाला में 8 क्षेत्रीय पशुचिकित्सकों, 7 स्नातकोत्तर छात्रों और 5 संकाय सदस्यों को लूप-मीडिएटेड आइसोथर्मल एम्प्लीफिकेशन (एलएएमपी) तकनीक के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जो संक्रामक पशुधन रोगों के निदान के लिए एक त्वरित, लागत प्रभावी आणविक उपकरण है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर निदान क्षमता को बढ़ाना था, जिससे पशुधन क्षेत्र में रोग निगरानी, नियंत्रण और रोकथाम में सुधार हो सके। ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक डॉ. जेनिन मुलर और डॉ. केट रोवे ने अंतरराष्ट्रीय संसाधन व्यक्तियों के रूप में कार्य किया और प्रतिभागियों को क्षेत्र निदान और जैव सुरक्षा प्रक्रियाओं पर व्यावहारिक प्रदर्शनों और केस-आधारित अभ्यासों के माध्यम से मार्गदर्शन दिया। कुलपति डॉ. एके पांडा ने विश्वविद्यालय और कृषि विक्टोरिया के संयुक्त प्रयासों की सराहना की और विश्व स्तर पर प्रासंगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की सराहना की। उन्होंने क्रॉफर्ड फंड और ऑस्ट्रेलिया सरकार को भी धन्यवाद दिया और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। डॉ. राजेश चाहोता, विभागाध्यक्ष पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग एवं कार्यशाला समन्वयक, ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एलएएमपी-आधारित नैदानिक दृष्टिकोण क्षेत्र-स्तरीय रोग पहचान के लिए, विशेष रूप से दूरस्थ और संसाधन-सीमित सेटिंग्स में अपार संभावनाएं रखता है।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के खिलाड़ियों ने चमकाया नाम

## जूडो में झटके पदक, राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में जिले में आयोजित अंडर-19 जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कियों ने तीन पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि स्मृति शर्मा ने 70 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक, हर्षिता ने कुमारी 48 किलो वर्ग में कांस्य पदक, भव्या ने 52 किलो वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है।

एमडी डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि अब ये खिलाड़ी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिससे क्षेत्रवासियों और विद्यालय में हर्ष का माहौल है। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है। हमें विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी राज्य स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे और स्कूल का नाम रोशन करेंगे।



अंडर-19 जूडो चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाली खिलाड़ी।

## न्यूज ब्रीफ

### झंडूता कॉलेज में 128 छात्रों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से एक छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया व यह छात्रवृत्ति कैंक अकादमी के सौजन्य से करवाई गई। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यूपीएससी, एसएससी और सीईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। इस प्रतियोगी परीक्षा में महाविद्यालय के 128 छात्रों ने भाग लिया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में पलक चंदेल रही अव्वल



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंदेल ने शिरकत की। महाविद्यालय में से लगभग 20 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पलक चंदेल द्वितीय स्थान पर तन्वी शर्मा और तृतीय स्थान प्रियंका तथा आकांक्षा ने हासिल किया। सह-आचार्य सतीश चंदेल ने सभी छात्राओं को बधाई दी एवं अग्रिम प्रतियोगिताओं के लिए भी शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएं भी उपस्थित रहीं।

### विहिप ने करवाया 'मेहंदी रचाओ' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शहर के डियारा सेक्टर में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में वीरवार को विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में करवा चौथ के पावन उपलक्ष्य पर मेहंदी रचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बेटियों ने विवाहित महिलाओं के हाथों में मेहंदी लगाई। यह जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद की प्रांत उपाध्यक्ष बिमला अंगीरस ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन हर साल करवाया जाता है, जिसमें बेटियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान होते हैं। उन्होंने कहा कि करवा चौथ के पावन अवसर पर महिलाओं को यह सौभाग्य बेटियों के हाथों से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि बेटियों को सशक्त एवं संबल बनाने के लिए समय-समय पर विशेष प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता है।

### जेएनवी में प्रवेश के लिए 21 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रभारी प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, कोठीपुरा, जिला बिलासपुर राकेश कटोच ने बताया कि कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं लेटरल एंट्री प्रवेश चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 21 अक्टूबर कर दिया गया है। 22 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन सुधार विंडो भी खोली जाएगी, इसमें केवल पंजीकृत अभ्यर्थी ही (पुरुष/महिला), (सामान्य/ओबीसी/एससी/एसटी), (ग्रामीण/शहरी), दिव्यांगता तथा परीक्षा का माध्यम आदि विवरणों में सुधार कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 की नवमीं व 11वीं कक्षा में प्रवेश लेने के लिए लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा आगामी 7 फरवरी, 2026 को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी।

### पंजगाई में छात्र संघ परिषद ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री रामानुज संस्कृत महाविद्यालय पंजगाई में प्राचार्य डॉ. चिंत राम शर्मा की अध्यक्षता में छात्र संघ परिषद शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लेखराम वर्मा ने शिरकत की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में डॉ. दीप राज ठाकुर प्रिंसिपल सेक्रेटरी डॉ. कुलदीप ठाकुर, बीडीटीएस वाईस प्रेजिडेंट कमल किशोर, अक्षय शर्मा उपस्थित रहे। मुख्यातिथि बीडीटीएस चेयरमैन लेखराम वर्मा के स्वागत के साथ शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत की गई। समारोह में प्रधान शिवाली शर्मा शास्त्री अंतिम वर्ष, उपप्रधान हिमांशु शर्मा शास्त्री द्वितीय वर्ष, सचिव श्रद्धा शर्मा शास्त्री अंतिम वर्ष, सह सचिव सिमरन शास्त्री द्वितीय वर्ष का छात्रसंघ पदाधिकारियों के रूप में का चयन किया गया। मुख्यातिथि लेखराम वर्मा ने छात्र संघ को नेतृत्व का प्रथम मंच बताते हुए कहा कि यही वह अवसर होता है, जहां छात्र अनुशासन, डेडिकेशन और ऑर्गेनाइजेशन स्किल को व्यवहार में लाते हैं।

# बरठीं-तांबडी गोचर सड़क से मलबा नहीं हटा तो चुनाव का करेंगे बहिष्कार

## चार माह से सड़क बंद होने से ग्रामीणों में सरकार-विभाग के खिलाफ रोष

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

शाहतलाई से बरठीं-तांबडी गोचर तक की सड़क चार माह पहले हुए भूस्खलन के कारण बंद है। सड़क अवरुद्ध होने से ग्रामीणों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बात को लेकर स्थानीय जनता ने लोक निर्माण विभाग और सरकार के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया है।

ग्राम पंचायत दसलेहडा के महिला मंडल सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों को चेतावनी दी है कि अगर दो सप्ताह के भीतर सड़क पर गिरे मलबे को नहीं हटाया गया, तो वे आगामी पंचायत चुनाव का बहिष्कार करेंगे। महिला मंडल गोचर की प्रधान रंजना शर्मा, रचना, मोनिका, अंजना, ममता, चंपा देवी, माया देवी, राजकुमारी, सुषमा, ज्ञानो देवी, रीता कुमारी, प्रिया, प्रेम प्रकाश, राम प्रकाश, राजकुमार, ज्ञान चंद, संदीप कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से हल्की बारिश के दौरान भी पहाड़ी से मलबा गिरता रहता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर लोक निर्माण विभाग को स्थायी समाधान के लिए जानकारी दी गई, लेकिन विभाग ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजनीतिक दल चुनाव के समय बड़े वादे करते हैं, लेकिन जीत के बाद उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता।



लोक निर्माण विभाग व सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण।

### कोई दुर्घटना हुई तो विभाग होगा जिम्मेदार

**ग्रामीणों** ने कहा कि सड़क बंद होने के कारण निजी और सरकारी स्कूलों में जाने वाले छात्र-छात्राओं को मटमैले पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर बड़े पत्थर और चील के पेड़ लटके होने के कारण किसी भी अप्रिय घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने साफ कहा कि अगर यहां कोई दुर्घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग और प्रशासन की होगी।

### जल्द दुरुस्त होगा मार्ग

**मामले** में लोक निर्माण विभाग झंडूता के अधिशाषी अभियंता राकेश शर्मा ने कहा कि भूस्खलन के कारण सड़क बंद होने की जानकारी उन्हें है। उन्होंने बताया कि पहले भी मलबा हटाया गया था, लेकिन बारिश के कारण पहाड़ी से फिर से मलबा गिर जाता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क को बाधारहित किया जाएगा।

# दिवाली पर ट्रांसपोर्टरों में करोड़ों की धनराशि बांटेगी बीडीटीएस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एशिया की सबसे बड़ी ट्रक परिवहन सभा बीडीटीएस ने इस दिवाली पर ट्रांसपोर्टरों को ऐतिहासिक तोहफा देने की घोषणा की है। पहली बार सभा द्वारा पांच से छह करोड़ रुपए की बड़ी राशि पारदर्शिता के साथ ट्रांसपोर्टरों में वितरित की जाएगी। यह कदम न केवल बरमाणा क्षेत्र के परिवहन व्यवसाय के लिए मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि वर्षों से लंबित हाईक राशि को लेकर चली आ रही मांग का भी सुखद अंत करेगा। बीडीटीएस के प्रधान नीलम चंदेल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ी हाईक राशि को 1.45 दर के साथ मंजूर करवाने में वर्तमान कार्यकारिणी के प्रयास सफल रहे हैं। इसमें अलग से डिस्टेंस कवर राशि लगभग 31.50 लाख रुपए बनती है, जिसे पूरी पारदर्शिता के साथ आम ट्रांसपोर्टरों के बीच वितरित किया जाएगा।

सभा के महासचिव सुरेश चौधरी ने बताया कि ऑपरेटरों को मिलने वाली हाईक की परंपरा फिर से शुरू हो गई है, जिससे सभी ट्रांसपोर्टरों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने कहा कि कहर चरणों में बीडीटीएस द्वारा ट्रांसपोर्टरों को दीवाली का यह सुंदर बंपर गिफ्ट बांटा जाएगा।

पहले चरण में 11 अक्तूबर को स्वारघाट फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में नयना देवी जी, स्वारघाट, तनवौल और किरतपुर क्षेत्र के ट्रांसपोर्टरों को चेक वितरित किए जाएंगे। दूसरा चरण 12 अक्तूबर को बिलासपुर स्थित ट्रक परिवहन सभा कार्यालय में होगा, जिसमें कल्लर, जब्बली (रघुनाथपुरा), बिलासपुर सिटी और चांदपुर क्षेत्र के ट्रांसपोर्टरों को लाभ मिलेगा। तीसरे चरण में 13 अक्तूबर को घुमारवीं में कुठेड़ा, लदरौर, घुमारवीं, बरठीं और समोह क्षेत्रों के ट्रांसपोर्टरों को चेक वितरित होंगे। वहीं, चौथा और अंतिम चरण 14 अक्तूबर को बरमाणा बीडीटीएस कार्यालय में आयोजित होगा, जिसमें हरनोडा, बरमाणा, पंजगाई, धौण कोठी, धार टटोह, बागी और बिनौला क्षेत्र के ट्रांसपोर्टर शामिल रहेंगे।

सभा ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो ट्रांसपोर्टर किसी कारणवश अपना उपहार इन तिथियों में नहीं ले पाएंगे, वे दिवाली से पहले बरमाणा बीडीटीएस कार्यालय से अपनी उपहार प्राप्त कर सकते हैं।

# नेशनल 'सवाते' चैंपियनशिप में छाए हिमाचल के खिलाड़ी

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान**

**स्वारघाट।** 8वीं नेशनल 'सवाते' चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में हिमाचल टीम ने कुल 45 पदक जीते, जिनमें 16 स्वर्ण, 9 रजत और 19 कांस्य पदक शामिल हैं। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश सवाते संघ की महासचिव संतोषी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों ने हर कैटेगरी में उम्दा प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया।

**ऑल इंडिया स्तर पर प्राप्त किया दूसरा स्थान**

चिल्ड्रन कैटेगरी में विक्रमादित्य ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि आरुष ठाकुर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कैडेट कैटेगरी में काव्यांशी और मोक्षित कोंडल ने स्वर्ण, वारुणिका ने रजत, वहीं कार्तिक वालिया और रशीश सुमवरीया ने कांस्य पदक हासिल किया। जूनियर कैटेगरी में ओम कोंशल, नम्रता शर्मा ने स्वर्ण, रिजुल, कृतज्ञराव और कार्तिक वर्मा ने रजत, जबकि हिमेश, प्रांश गुलेरिया, दिव्या ठाकुर और वरुण वालिया ने कांस्य पदक जीता। यूथ कैटेगरी में सूर्य प्रताप, लक्ष्य कुमार, स्नेहा और मिनल ठाकुर ने स्वर्ण, मिनल शर्मा, आशीष वालिया ने रजत, जबकि देवांश चौहान, शिवम, सौरय, किरण गुलेरिया, गीतिका, समीक्षा शर्मा, रुक्मणी और अन्य ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सीनियर कैटेगरी में हरीश, ऋषव शर्मा, मुस्कान, रेखा, सपना और रोमा ने स्वर्ण पदक जीते। सुचेता शर्मा, रजत कुमार और होमानि ने रजत जबकि अक्षय कुमार, पंकज, गौरव शर्मा और देविंदर चौहान ने कांस्य पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में हिमाचल से अमरचंद वालिया, पंकज कुमार, रोमा, ऋषभ शर्मा और हरीश कुमार ने जज व रेफरी के रूप में सेवाएं दीं। इस पूरी टीम का नेतृत्व संतोषी शर्मा ने किया। हिमाचल प्रदेश सवाते संघ के अध्यक्ष मदन लाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# बरठीं हादसे की 10 दिन में मांगी जांच रिपोर्ट

## डीसी बोले- एडीसी की अध्यक्षता में दिए हैं जांच के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि झंडूता तहसील के अंतर्गत भल्लू पुल के समीप हुई बस दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एडीसी. बिलासपुर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। उन्होंने कहा कि इस समिति में स्थानीय एसडीएम, डीएसपी, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता तथा आरटीओ को बतौर सदस्य नामित किया गया है। इस समिति को आगामी 10 दिन के भीतर हादसे के कारणों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को 25-25 हजार रुपए की फौरी राहत राशि प्रदान की जा चुकी है। साथ ही 4 लाख रुपए की राहत राशि मामलों को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे दिए गए हैं।



उपायुक्त ने कहा कि पहले दिन चलाए गए बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त बस से 15 शव बरामद किए गए, जबकि 2 बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्होंने कहा कि एक अन्य लापता बच्चे की तलाश में देर रात लगभग अढ़ाई बजे तक सर्च ऑपरेशन जारी रहा, परंतु उसका पता नहीं चल सका। अगले दिन प्रातः साढ़े 6 बजे पुनः अभियान शुरू किया गया और लगभग दो घंटे बाद उस बच्चे को भी खोज लिया गया। इस हादसे में कुल 16 लोगों की दुखद मृत्यु हुई, जबकि दो बच्चों को सीएचसी बरठीं और तत्पश्चात एम्स बिलासपुर में उपचार देकर सुरक्षित घर भेजा गया। सभी मृतकों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए गए।

राहुल कुमार ने कहा कि सर्च ऑपरेशन के दौरान किसी संभावित लापता व्यक्ति की जानकारी हेतु मीडिया, सोशल मीडिया एवं वीडियो संदेशों के माध्यम से सूचना प्रसारित की गई, परंतु प्रशासन को किसी अतिरिक्त लापता व्यक्ति की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई तथा 8 अक्तूबर को दोपहर बाद सर्च ऑपरेशन समाप्त कर दिया गया।

उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा कि बस में केवल 18 लोग यात्रा कर रहे थे, जिनमें से 16 लोगों की दुखद मौत हुई है तथा 2 बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया है। मृतकों में 9 पुरुष, 4 महिलाएं तथा 3 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह निजी बस नंबर एचपी 69-5761 मरोतन से घुमारवीं जा रही थी जो भल्लू पुल के समीप भूस्खलन की चपेट में आकर दुर्घटना की शिकार हुई।

### जांच समिति जल्द सौंपेगी अपनी रिपोर्ट : एडीसी

**बिलासपुर।** अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओम कांत ठाकुर ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार भल्लू बस हादसे की जांच के लिए गठित समिति जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि यह समिति हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान दुर्घटनाग्रस्त बस से संबंधित सभी आवश्यक तथ्य, जैसे बस में सवार यात्रियों की संख्या, बस का बीमा तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज आदि को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानसून मौसम के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा कितने ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं, उनमें से कितनों को सुरक्षित बनाया जा चुका है और अभी कितने सुधार के लिए शेष हैं, इसकी जानकारी भी जांच का हिस्सा होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में तैयार ब्लैक स्पॉट सूची की भी समीक्षा की जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पूर्व में किन स्थलों को ठीक किया गया है और किन्हें अभी सुधार की आवश्यकता है।



# निहाल में महर्षि वाल्मीकि का गुणगान

## भजन संध्या में विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर के निहाल सेक्टर में महर्षि वाल्मीकि प्रकाश पर्व पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लव-कुश युवक मंडल के बैनर तले आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया था। इसमें सुंदरनगर के आमंत्रित जागरण पार्टी द्वारा भगवान श्री वाल्मीकि जी के सुंदर भजन सुनाए गए। भजन गायक अभिषेक कुमार ने मेरे सतगुर जी करयों कृपा, बागा विच मोर बोलदें, जो बोले सो निर्भय, भगवान वाल्मीकि जी की जय आदि प्रचलित भजन गाकर खूब समा बांधा। इस अवसर पर स्थानीय विधायक त्रिलोक जम्वाल ने भी जागरण में शिरकत की। मंडल के प्रधान रितेश कुमार तथा वार्ड नंबर-1 से पार्षद नरेश कुमारी व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा उन्हें स्मृति



चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोंधन में विधायक त्रिलोक जंवाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ज्ञान के भंडार थे, जो त्रिकालदर्शी थे। उन्होंने पहले ही रामायण लिख कर दुनिया को संदेश दे दिया था। उन्होंने कहा कि निष्पक्षता, निर्भयता, भक्तिभाव और ईमानदारी से जीवन यापन करने की प्रेरणा उन्हें महर्षि वाल्मीकी जी के जीवन से मिलती है। विधायक त्रिलोक जंवाल ने मंदिर के साथ बनने वाले सामुदायिक भवन के लिए दो लाख रूपए देने की घोषणा की, जबकि मंडल के कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए 11 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। वहीं, लव-कुश युवक मंडल के प्रधान रितेश कुमार ने बताया कि मंदिर का कार्य अधिकांश तौर पर पूरा कर लिया गया है तथा अब सामुदायिक भवन निर्माण शेष है।

# मंजुषा सहायता केंद्र ने नेहा की शादी के लिए दिए 10 हजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मानवता की मिसाल पेश करते हुए मंजुषा सहायता केंद्र कलोल ने एक बार फिर एक बेटी की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। यह सहायता उस कठिन समय में पहुंची, जब बेटी का सहारा उसका पिता इस दुनिया में नहीं रहा। कलोल निवासी कुमारी नेहा, जिसकी शादी आगामी 21 अक्तूबर को तय है, हाल ही में दुखद परिस्थिति से गुजरी है। उसके पिता सुभाष चंद का मात्र चार दिन पहले निधन हो गया। नेहा की माता सपना देवी अब अकेले अपनी बेटी की शादी की जिम्मेदारी निभा रही हैं। परिवार की जो थोड़ी-बहुत बचत थी, वह पिता के किर्या-कर्म में समाप्त हो गई।

इस जानकारी को सबसे पहले विजय कुमार, कलोल निवासी एवं केंद्र के प्रशंसक ने मंजुषा सहायता केंद्र तक पहुंचाया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र की ओर से तुरंत निर्णय लिया गया कि इस कठिन घड़ी में परिवार की मदद की जाए। इसके बाद सपना देवी के खाते में दस हजार रुपए की सहायता राशि निफ्ट ट्रांजेक्शन के माध्यम से भेजी गई है। मंजुषा सहायता केंद्र कलोल ने इससे पहले भी कई जरूरतमंद परिवारों, विद्यार्थियों और निर्धन महिलाओं की सहायता की है। यह केंद्र बिना किसी सरकारी सहायता के, जनसहयोग और संवेदना के आधार पर कार्य करता है। केंद्र के अध्यक्ष कर्नल जसवंत सिंह चंदेल ने बताया कि हर बेटी का विवाह उसके परिवार का सबसे बड़ा सपना होता है। जब कोई पिता इस जिम्मेदारी को निभाने से पहले ही संसार छोड़ जाए, तो समाज का कर्तव्य बनता है कि वह बेटी का सहारा बने। हमें गर्व है कि मंजुषा सहायता केंद्र ने इस जिम्मेदारी को निभाने का अवसर पाया।

# कोठीपुरा स्कूल की 3 छात्राओं का राज्य स्तर के लिए चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला स्तरीय छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता जो घुमारवीं में संपन्न हुई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वालीबॉल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्रीड़ा संघ बिलासपुर की ओर से 5 से 8 अक्तूबर तक छात्रा वर्ग में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 खंडों के लगभग 550 बच्चों ने भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा की ओर से छह छात्राओं - पूजा, उपासना, प्रियंका, श्रुति, दिव्यांशी और आरुषि का चयन विभिन्न खेलों के लिए जिला स्तर पर हुआ था। इन प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कूल की तीन छात्राओं दिव्यांशी, प्रियंका और श्रुति का चयन अब राज्य प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

# कोठी के लोगों को जल्द मिलेगी सड़क की सुविधा : विवेक कुमार



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत बेहनाजट्टा के गांव कोठी में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। लोगों ने इस दौरान उनके समक्ष सड़क सहित अन्य समस्याएं रखीं। सड़क समस्या प्रमुख समस्या थी, जिसके चलते विवेक स्वयं उस सड़क को देखने गए। उनके साथ पटवारी भी मौके पर मौजूद रहे। विवेक कुमार ने कहा कि इस सड़क की जल्द ही निशानदेही करवाई जाएगी, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से लोगों को सड़क सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। साथ ही झंडूता क्षेत्र के लोगों की समस्याएं भी सुलझाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में आम जनता के कार्यों और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

# काले बाबा कुटिया दनोह में करवाई संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की संगोष्ठी काले बाबा की तप स्थली काले बाबा कुटिया दनोह में संपन्न हुई। संगोष्ठी में विशेष आमंत्रित साहित्यकार रत्न चंद निर्झर उपस्थित थे, जबकि अध्यक्ष का दायित्व प्रधान सुरेंद्र सिंह मिन्हास ने बखूबी निभाया। सर्वप्रथम घुमारवीं से आए लश्करी राम ने काले बाबा का गुणगान यूं किया, भला ओ बाबा कालेया तेरा मंदिर ओ हनुमान टिल्ला रौड़ा के राम पाल डोगरा ने काले बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला। बृज लाल लखनपाल ने भजनों से समां बांध दिया मनुख चोला नहीं मिलना, हरि चरणों चित लाना ए सुनाया, इंजीनियर सुमन चड्ढा ने मैं औरत हूं मैं कभी टूट नहीं सकती, रौडा के जीत राम सुमन ने मेरा लगदा नीं जीयु, श्याम सुंदर सहगल ने आए आए राम लछमन सीत, मंड लोहु की राजिंद्रा शर्मा ने मिलती नहीं है परछाई अपनी, सुरेंद्र मिन्हास कहलूरी ने कहा जे चजा रा नी मिलो गुरु तां से सने जिंडेयां मुकाई दिंदा, नरेंद्र दत्त शर्मा ने अभी ना जाओ छोड़ कर ये दिल अभी भरा नही और अंत में विशेष आमंत्रित साहित्यकार रत्न चंद निर्झर ने खुशवंत सिंह के जीवन के साहित्यिक पहलू पर प्रकाश डाला।

# लालच में अपना कर्तव्य भूल चुका इंसान : बालक राम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारतीय जवान किसान पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व पार्टी प्रदेशाध्यक्ष बालक राम शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि आज का इंसान लालच व खुद गर्जी में इतना अंधा हो चुका है कि न इंसानियत रही न उसका जमीर बचा इंसान लालच में इतना बदल गया कि रिश्ते-नाते इंसानियत भाव या किसी की परवाह किए बिना कुछ भी करने का तैयार है जो समाज के लिए बहुत गंभीर समस्य बन कर उभर चुकी है। कुछ इंसान चाह कर भी कुछ नहीं कर सकते, क्योंकि कोई उसका साथ नहीं देता। इंसान लालच में इतना अंधा है कि उसे बड़ा बनने के लिए भले ही कोई भी किरदार निभाना पड़े, वह निभाने को तैयार है। बरठीं हादसे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि स्थानिय लोंगों ने इस जगह की शिकायत भी दी थी, परंतु विभाग के कान पर जूं नहीं रेंगी, जो हास्यास्पद विषय है। क्या शासन प्रशासन कोई एक्शन लेगा कोई कार्रवाई होगी मुश्किल है नेता व सरकार कुछ राहत देकर अपना पल्ला झाड़ लेंगे। चार दिन समाचार पत्रों में छपता रहेगा और फिर भूल जाएंगे।

**आपदा** 'समर्थ कार्यक्रम' के अंतर्गत सामाजिक संस्थाओं की भूमिका पर बैठक का आयोजन

# सभी उपमंडलों में गठित होंगे इंटर एजेंसी ग्रुप: एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय बिलासपुर में वीरवार को आपदा प्रबंधन 'समर्थ कार्यक्रम' के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट इंटर एजेंसी ग्रुप (डीआईएजी) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने की। बैठक में आपदा की स्थिति में सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं की भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रधान एवं प्रतिनिधि सदस्य उपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि 'समर्थ कार्यक्रम' का मुख्य उद्देश्य आपदा के समय प्रशासन, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है, ताकि राहत एवं बचाव कार्यों को अधिक प्रभावी और समयबद्ध ढंग से संचालित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी उपमंडलों में इंटर एजेंसी ग्रुप गठित किए जाएंगे



'समर्थ कार्यक्रम' के तहत डिस्ट्रिक्ट इंटर एजेंसी ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी।

और प्रशिक्षित स्वयंसेवक (वालंटियर्स) तैयार किए जाएंगे। इन स्वयंसेवकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वह आपदा की स्थिति में प्रशासन के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इसके अतिरिक्त 14 अक्तूबर को जिला की सभी पंचायतों को क्विक रिस्पॉन्स किट वितरित की जाएंगी। इस किट पर लगभग 50 हजार रुपए व्यय होंगे, जिससे आपदा के समय प्रारंभिक राहत कार्यों को शीघ्र आरंभ करने में सहायता मिलेगी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सामाजिक संस्थाओं से आग्रह करते हुए कहा कि वह समुदाय स्तर पर स्वयंसेवकों की सूची इंटर एजेंसी ग्रुप के माध्यम से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध करवाएं, ताकि उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुसार उन्हें आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जा सके। पंचायत स्तर पर त्वरित कार्य बल (क्यूआरटी) के गठन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा, जिससे आपदा के दौरान जन एवं धन की हानि को न्यूनतम किया जा सकेगा। उन्होंने सभी संस्थाओं से अपील की है कि वह समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समुदाय को आपदा के प्रति जागरूक करें और सुरक्षित समाज निर्माण में योगदान दें। बैठक के दौरान अखंड गायत्री परिवार की ओर से आरके टंडन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 2100 रुपए का अनुदान अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से प्रदान किया। बैठक में डिस्ट्रिक्ट इंटर एजेंसी ग्रुप के कन्वीनर प्रो. प्यारे लाल जनेऊ, रेड क्रॉस सचिव अमित कुमार, डीडीएमए के ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी कोऑर्डिनेटर उदय शर्मा, प्रेम लाल शर्मा, कुलवंत (अखंड गायत्री परिवार), रुचिका एवं नीलम (एकल नारी शक्ति संगठन), जगदीश दिनेश (अध्यक्ष), नरोत्तम धीमान, सुमन कुमार व अन्य ने अपने सुझाव दिए।

# दांडी बाड़ी में रामलाल के घर में घुस रहा सड़क का पानी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के गेहड़वीं क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत दांडी बाड़ी में रामलाल के घर के पास सड़क से बहकर आने वाला बारिश का पानी मकान में घुस रहा है। पानी की उचित निकासी न होने के कारण यह पानी मकान के पिछले हिस्से में जमा हो जाता है और कमरों के अंदर तक चला जाता है, जिससे परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रामलाल की पत्नी ने बताया कि उनके पति सेना में कार्यरत हैं और वर्तमान में सिक्किम में तैनात हैं। वह अपनी बुजुर्ग सास के साथ घर में रहती हैं। सड़क से आने वाला बारिश का पानी मकान के साथ जमा होकर अंदर घुस जाता है, जिससे डर का माहौल बना रहता है। उन्होंने आशंका जताई कि इस समस्या से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि मौके का निरीक्षण कर सड़क के पानी की उचित निकासी की व्यवस्था की जाए। वहीं, रामलाल का कहना है कि वह सेना में कार्यरत हैं और घर से दूर रहते हैं। इस समस्या के बारे में कई बार विभाग को अवगत करवाया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। मैं प्रशासन से यही मांग कर रहा हूं कि जल्दी से जल्दी मौके का निरीक्षण किया जाए और उचित कदम उठाए जाएं। वहीं, झंडूता के सहायक अभियंता नितिश कुमार का कहना है कि वहां पर आपसी विवाद है। जिस कारण हमें वहां काम करने नहीं देते। वह विवाद को सुलझा लें, हम काम कर देंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गीत-संगीत से दी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग धर्मशाला व शिवा संगीत एवं सांस्कृतिक कला मंच जयसिंहपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जयसिंहपुर, अप्पर लंबागांव, हारसी में नुक्कड़ नाटकों और गीत संगीत के माध्यम से एचआईवी/एड्स और यौन संचारित संक्रमणों के प्रति जानकारी दी। हरनाम धीमान ने बताया ऐसे आयोजन जरूरी हैं ताकि दूर-दराज के गांवों तक सही जानकारी पहुंचे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों से करवाया परिचय

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता परिसर की निदेशक प्रो.सत्यम कुमारी ने की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा योजना के माध्यम से छात्रों के अंदर सेवा भाव उत्पन्न होता है, साथ ही छात्र राष्ट्र के उत्थान के लिए चिन्तन करता है। कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न गतिविधियों से छात्रों को अवगत करवाया।

### मानसिक स्वास्थ्य विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सिद्धबाड़ी स्थित कॉर्ड प्रशिक्षण केंद्र में मानसिक बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों के देखभालकर्ताओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला विश्व युवक केंद्र दिल्ली के सहयोग से संपन्न हुई। इसमें मानसिक रोगियों के लिए चिकित्सा हस्तक्षेप, समुदाय की भूमिका, देखभालकर्ताओं की चुनौतियां, आवश्यकताएं व भ्रांतियां, तथा आशा, आंगनबाड़ी और एएनएम की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कॉर्ड के सीईओ नरेंद्र पॉल और समुदाय विकास ट्रेनर बलबीर गुलेरिया ने दिव्यांग बच्चों के देखभालकर्ताओं पर किए गए अध्ययन को साझा किया। समापन अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल कुलदीप जम्वाल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में डॉ. क्षमा मेहता व नरेंद्र पॉल भी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### फ्री कोचिंग के साथ हर माह मिलेगा वजीफा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र में सिविल सेवा परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह योजना अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और पीएम केयर योजना के लाभार्थियों के लिए है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत 100 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें चयनित छात्रों को निशुल्क कोचिंग के साथ 4000 रुपए प्रतिमाह वजीफा भी मिलेगा। नोडल ऑफिसर प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि अब तक 63 विद्यार्थी विभिन्न सेवाओं में चयनित हो चुके हैं। पिछले वर्ष केंद्र के तीन छात्र राज्य की परीक्षाओं में सफल हुए। योजना का उद्देश्य वंचित वर्गों को सिविल सेवा परीक्षाओं की उच्च गुणवत्ता की तैयारी करवाना है। अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट या अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र, धौलाधार परिसर-1 से प्राप्त की जा सकती है।

### सीएमओ ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के सीएमओ डॉ. विवेक करोल ने सेवा की मिसाल प्रस्तुत की है। कांगड़ा में तंबाकू मुक्त युवा अभियान से वापस धर्मशाला लौट रहे सीएमओ द्वारा सकोह के पास एक स्कूटी सवार को सड़क पर घायलावस्था में पड़े देखा तो उन्होंने अपनी गाड़ी रोककर घायल को पानी पिलाया। उन्होंने तुरंत 108 बुलाकर घायल को उपचार के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला भेजा। डॉ. करोल ने धर्मशाला अस्पताल पहुंचकर घायल का हालचाल पूछा।

### परागपुर में लगे 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के परागपुर में कांग्रेस नेता सुरेंद्र मनकोटिया और कांग्रेस नेता व प्रभारी शांतनु चौहान के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए। प्रभारी शांतनु चौहान ने प्रेसवार्ता में कहा कि राहुल गांधी सड़क से संसद तक वंचित वर्गों के लिए देश के संविधान को बचाने के लिए लोकतंत्र को बचाने के लिए आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार भाजपा वोट चोरी करके प्रदेश में सरकार बदलने का काम कर रही है। हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा ने मिशन लोटस किया था, लेकिन उसमें नाकाम रहे।

### लोकेश बने खज्जियार मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, खज्जियार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने संगठन को नई ऊर्जा देने की दिशा में अहम निर्णय लेते हुए लोकेश कुमार (लक्की शर्मा) को भाजपा खज्जियार मंडल युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा की गई इस घोषणा के बाद क्षेत्र में उत्साह और जोश का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी व्यक्त की। लोकेश ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह केवल पद नहीं बल्कि संगठन के प्रति समर्पण और सेवा का अवसर है। उन्होंने कहा कि वे हर बूथ स्तर तक युवा शक्ति को संगठित कर भाजपा की विचारधारा को सशक्त बनाएंगे और युवाओं के लिए नई ऊर्जा, नए अवसर और नए संकल्प लेकर काम करेंगे। क्षेत्र के युवा वर्ग ने इस निर्णय का स्वागत किया है और उत्साह देखने को मिल रहा है, जिसे भाजपा के लिए सकारात्मक ऊर्जा के रूप में देखा जा रहा है।

### करवा चौथ पर महिलाएं कर रही हैं जमकर खरीददारी

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवालाटठ।** जिला मुख्यालय चंबा में करवा चौथ पर महिलाएं कर रही हैं जमकर खरीददारी इस दौरान दुकानों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगी है जहां तिल भर भी जगह नहीं है। बता दें कि 10 अक्टूबर को करवा चौथ का व्रत है और आज खरीददारी का आखिरी दिन है। इस दिन महिलाओं द्वारा सोने-चांदी के आभूषण और सोलह श्रृंगार की सामग्री खरीदी जाती है। करवा चौथ पर सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य सुखी दांपत्य जीवन के लिए यह व्रत रखती हैं इस दिन महिलाएं चांद को अर्घ देकर व्रत खोलती हैं और छलनी से पति का चेहरा देखती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार मां पार्वती ने भी इस व्रत को रखकर भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था मां द्रौपदी ने भी अर्जुन की सलामती के लिए इस व्रत को रखा था।

### भूतपूर्व सैनिकों के लिए चिकित्सा शिविर 11 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपनिदेशक, सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा कैप्टन अनुमेहा पराशर (सेवानिवृत्त) ने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों के परिवारजनों तथा वीर नारियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए सैनिक विश्राम गृह, चंबा में 11 अक्टूबर (शनिवार) को एक निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर स्टेशन हैडक्वाटर ईसीएचएस की ओर से आयोजित किया जाएगा, जिसमें कर्नल जीएस ठाकुर, डॉ. वाईडी शर्मा के अलावा लैब टेक्नीशियन जोगिंद्र सिंह और लाम सिंह उपस्थित रहेंगे। शिविर में जिन्होंने खून व शुगर की जांच करवानी है वे खाली पेट आएं। सभी भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं उनके परिवारजन इस अवसर पर उपस्थित होकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं और साथ ही आवश्यक परामर्श के साथ दवाइयां भी प्राप्त कर सकते हैं।

### नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश सरकार के विशेष प्रचार अभियान के तहत संतोष जागृति कला मंच लुडेरा के कलाकारों ने कोटि और भलेई में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के ज़रिए उन्होंने लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम में कलाकारों ने प्रदेश सरकार की अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम द्वारा स्वरोजगार और शिक्षा के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उच्च लागत सावधि ऋण योजना, हिम स्वावलंबन योजना, माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस, और शिक्षा ऋण योजना के तहत अनुसूचित जाति के पात्र लोगों को कम ब्याज दर पर आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस प्रयास से न केवल सरकारी योजनाओं का प्रचार हुआ, बल्कि नशा मुक्ति का भी प्रभावी संदेश समाज तक पहुंचा।

### चंबा में सिक्योरिटी गार्ड के 90 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय बालू द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 90 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। यह इंटरव्यू सिक्योरिटी और इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर के तहत 15 अक्टूबर को बालू चंबा, 16 अक्टूबर को तीसा और 17 अक्टूबर को भरमौर पंचायत घर में होंगे। केवल पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं, जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक होनी चाहिए। आयु सीमा 19 से 40 वर्ष तक निर्धारित है। साथ ही उम्मीदवार की ऊंचाई कम से कम 165 सेंटीमीटर और वजन 55 से 95 किलोग्राम के बीच होना जरूरी है। चयनित अभ्यर्थियों को एक माह का प्रशिक्षण मिलेगा, जिसके बाद उन्हें 19,500 से 24,000 रुपए मासिक वेतन एवं अन्य लाभ प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व बायोडाटा लेकर समय पर उपस्थित हों।


# धर्मशाला में देखिए डाक विभाग का 133 वर्ष पुराना ऑर्डर बुक

## डाक हरकारों की सुराही तलवारें कर रही आगुंतकों को आकर्षित

- उत्सुकता पैदा कर रही सदियों पुरानी भारतीय व विदेशी डाक टिकटें
- डाक विभाग ने धौलाधार पैक्स 2025 नाम से लगाई प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** की दूसरी राजधानी धर्मशाला के कांगड़ा आर्ट म्यूजियम में डाक विभाग का 133 वर्ष पुराना ऑर्डर बुक रिकार्ड देखा जा सकता है। यही नहीं वर्षों पहले डाक हरकारों द्वारा वर्ष 1908 से पहले अपनी रक्षा के लिए रखी जाने वाली सुराही तलवारें व भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों की सौ साल से अधिक पुरानी डाक टिकटें को आकर्षित कर रही हैं। यह सब कांगड़ा आर्ट म्यूजियम धर्मशाला में देखा जा सकता है, जहां डाक विभाग ने धौलाधार पैक्स 2025 नाम से लगाई प्रदर्शनी लगाई है, जो कि 11 अक्तूबर तक जारी रहेगी।



### पुरानी टिकटें, जिनके बारे में शायद ही युवा जानते हों

**डाक** मंडल धर्मशाला के सहायक अधीक्षक गगन कुमार ने बताया कि कांगड़ा आर्ट म्यूजियम में जो प्रदर्शनी लगाई गई है उसमें सदियों-सालों की उन डाक टिकटों को प्रदर्शित किया जा रहा है जिनका इतिहास आज की पीढ़ी शायद ही जानती हो। उन्होंने कहा कि यहां जो भी डाक टिकटें प्रदर्शित की जा रही हैं। प्रत्येक टिकट के नीचे उसके बनने बनाने और चलन का इतिहास भी साथ ही संजोया और दर्शाया गया है, ताकि उसके बारे में दर्शक हर तरह से बाकिफ हो सके और उस टिकट का इतिहास भी जान सके। प्रदर्शनी में देश और दुनिया भर के डाक टिकट संग्रहक भाग ले रहे हैं और हर एक संग्रहक अपने अपने देशों की सदियों सालों या दशकों पुरानी डाक टिकटों को सहेज कर यहां लाया है और उन्हें यहां प्रदर्शित करके ये दिखाने का प्रयास कर रहा है कि पुराने जमाने से लेकर अब तक डाक विभाग का विभाग की सेवाओं का और इन डाक टिकटों का जनजीवन के संचालन में किस तरह की अहमियत थी और इनकी वजह से कैसे जनजीवन चला करता था।

वीरवार को प्रदर्शनी का शुभारंभ डाक विभाग हिमाचल प्रदेश के निदेशक प्रवीण कुमार ने किया। गौरतलब है कि एक दौर ऐसा भी था जब डाकघरों और डाक विभाग की सेवाओं की देश और दुनिया को जोड़ने की अपनी ही एक अनूठी शैली थी और इस शैली ने देश और दुनियाभर के करोड़ों परिवारों में अपने एक दौर में विश्वसनियता के क्षेत्र में एक अलग ही मुकाम हासिल किया।

### टिकट के साथ रिलीजिंग डेट भी प्रदर्शित

**उन्होंने** कहा कि प्रत्येक टिकट के साथ उसकी रिलीजिंग डेट भी दर्शाई गई है और उसके पीछे का उसका इतिहास भी बताया गया है, जिसे देख और पढ़ कर हर दर्शक खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है साथ ही स्टैंप साइज इन टिकटों की बदौलत कैसे देश और दुनिया गतिमान होती आई है इस महत्वपूर्ण योगदान को समझकर गदगद भी हो रहे हैं।

# कांग्रेस सरकार पंचायत चुनाव से पहले कर रही है 'राजनीतिक सरेंडर': बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पूर्व** उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार पंचायत चुनाव से पहले पूरी तरह सरेंडर कर चुकी है। अब अधिकारियों के कंधे पर बंदूक रखकर आपदा का बहाना बनाते हुए चुनाव टालने की साजिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिला उपायुक्तों से पंचायत राज विभाग के सचिव को ऐसे पत्र भिजवाए जा रहे हैं, जिनमें कहा गया है कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन अधिनियम लगाकर पंचायत चुनाव स्थगित किए जाएं। यह सीधा-सीधा लोकतंत्र पर हमला है और प्रदेश सरकार की जनता से भागने की मानसिकता को उजागर करता है। बिक्रम ने कहा कि जब मुख्यमंत्री और मंत्रीगण विदेश भ्रमणों पर जा सकते हैं, सरकारी आयोजनों और मौज-मस्ती के कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं, तो फिर पंचायत चुनाव कराने में कौन सी बाधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के पास अपनी राजनीतिक सैर-सपाटों और उद्घाटनों के लिए सब सुविधाएं हैं, पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया चलाने के लिए नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा इस तरह की चालबाजी को जनता के सामने उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की नींव हैं और इन्हें दबाने का कोई भी प्रयास कांग्रेस सरकार के ताबूत में अंतिम कील साबित होगा।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होगा यूनिटी मार्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** देश के युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 'माई भारत' के माध्यम से यह पहल की जा रही है। जिला युवा अधिकारी ध्रुव डोगरा ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। अभियान दो चरणों में आयोजित होगा। पहले चरण में 31 अक्तूबर से 25 नवंबर 2025 तक जिला स्तर पर तीन दिवसीय पदयात्रा, निबंध लेखन, संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान एवं स्वदेशी संकल्प जैसे कार्यक्रम होंगे। दूसरे चरण में 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक 152 किमी की राष्ट्रीय पदयात्रा करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक निकाली जाएगी। इसमें 150 चयनित युवा भाग लेंगे।

## एबीवीपी ने सीयू परिसर में किया धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की ओर से वीरवार को प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन किया गया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का ये धरना-प्रदर्शन सीयू कैंपस में अपनी प्रतिद्वंदी छात्र संगठन एनएसयूआई के खिलाफ किया गया है। इसी कड़ी में धर्मशाला स्तिथ सेंट्रल यूनिवर्सिटी के धौलाधार कैंपस में भी एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए एनएसयूआई के खिलाफ नारेबाजी की और संगठन से ताल्लुक रखने वाले एक पदाधिकारी जो कि ऊना कॉलेज से संबंध रखते हैं, उनके खिलाफ जांच करने की मांग की गई। एबीवीपी हिमाचल प्रदेश की प्रांत मंत्री नैंसी अटल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से 25 सितंबर को प्रदेशभर के तमाम महाविद्यालयों में एमए इंग्लिश का एग्जाम लिया गया था, जिसमें सैकड़ों छात्रों ने उस परीक्षा में भाग लिया मगर ऊना महाविद्यालय से एक छात्र की एचपीयू की ओर से तैनात किए गए एग्जामिनर को दो उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुईं और ये दोनों उत्तर पुस्तिकाएं उस छात्र की हैं जो कि एनएसयूआई पदाधिकारी है और उसकी ओर से दो उत्तर पुस्तिकाएं प्रदान की गई, जिसमें कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

# मधुमक्खियों पर 'एथिना टुमिडा मरे' का खतरा

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने हिमाचल प्रदेश के सभी मधुमक्खी पालकों को छोटे छत्ते वाले भृंग (एथिना टुमिडा मरे) के आक्रमण और प्रबंधन के संबंध में एक सलाह जारी की है। यह एक आक्रामक कीट है, जिसका हाल ही में राज्य में पता चला है।

छोटे छत्ते वाले भृंग, जिसकी भारत में पहली बार सितंबर 2022 में पश्चिम बंगाल और उसके बाद आंध्र प्रदेश और असम में रिपोर्ट की गई थी, ने वैश्विक स्तर पर मधुमक्खी कॉलोनियों को काफी नुकसान पहुंचाया है।

उत्तर भारत में, इसे पंजाब में दर्ज किया गया है और अब सितंबर 2025 में हिमाचल प्रदेश के ऊना और कांगड़ा जिलों के मधुमक्खी पालन केंद्रों में इसका पता चला है। विशेषज्ञों ने



- कृषि विवि के वैज्ञानिकों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

चेतावनी दी है कि यदि इसका तुरंत प्रबंधन नहीं किया गया तो इसका संक्रमण अन्य जिलों में भी फैल सकता है। वयस्क भृंग छोटा, अंडाकार और लाल-भूरे रंग का होता है, जिसकी लंबाई 5-7 मिमी होती है। यह एक तेज उड़ने वाला और अवसरवादी शिकारी है, जो दूर से ही मधुमक्खी कालोनियों की गंध से आकर्षित होता है। यह कीट दरारों और दरारों के माध्यम से छत्तों पर आक्रमण करता है और पराग, शहद और चूजों को खाता है। लार्वा छत्तों में सुरंग बनाकर उनकी संरचना को नष्ट कर देते हैं और शहद को खमीर से दूषित कर देते हैं, जिससे अक्सर मधुमक्खी कॉलोनियां नष्ट हो जाती हैं।

### सलाह और प्रबंधन उपाय

**भारतीय** कृषि अनुसंधान संसथान के दिशानिर्देशों के अनुसार, मधुमक्खी पालकों को इस कीट के प्रसार को रोकने के लिए निवारक, उपचारात्मक और जागरूकता उपायों को मिलाकर एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी, जिसमें मजबूत और स्वस्थ कॉलोनियां बनाए रखें। छत्तों का समय-समय पर निरीक्षण करें। भृंग दिखाई देने पर उन्हें हाथ से हटाकर नष्ट कर दें। संक्रमण के शुरुआती चरणों में साइडर विनेगर जैसे आकर्षक पदार्थों वाले यांत्रिक जाल का उपयोग करें।

## मांगों को लेकर 14 को सीएम सुक्खू को ज्ञापन भेजेंगे पेंशनर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ एवं हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट मिलकर 14 अक्तूबर को धर्मशाला में जिलाधीश कांगड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने कहा है कि पेंशनर्स की लंबित मांगों का हिमाचल प्रदेश सरकार ने कोई भी समाधान नहीं किया है, जैसे कि जो पेंशनर्स जनवरी 2016 तथा जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत हुए हैं, उनको उनकी सेवानिवृत्ति के पूर्ण लाभ नहीं मिले हैं। पेंशनर्स के लंबित लाखों के मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हुआ है, डीए की बकाया किस्तों का भुगतान नहीं किया गया है। पेंशनर्स के लिए जेसीसी का गठन नहीं हुआ है जिसके लिए पेंशनर्स लंबे समय से गुहार लगा रहे हैं। मेडिकल विकल्प का पत्र भी जारी न करना आदि। प्रधान ने कहा इन मांगों के बारे में सरकार को आवेदन किया है परन्तु कोई भी नतीजा नहीं निकला है।

## मंत्री जगत सिंह नेगी 14 से पांगी और भरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, चंबा**



राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास व लोक शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 14 से 19 अक्तूबर तक जिला चंबा के प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि राजस्व मंत्री 14 अक्तूबर को सायं 9 बजे शौर (पांगी) पहुंचेंगे, उनका रात्रि ठहराव वन विभाग के अतिथि गृह शौर में रहेगा। 15 को प्रात: 9:30 बजे मिंधल माता मंदिर जाएंगे व स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसके पश्चात साच स्थित कस्तूरबा गांधी स्कूल का दौरा करेंगे व दोपहर 1:30 बजे कुलाल गांव के लिए बनने वाले संपर्क मार्ग के भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

16 को प्रात: 10:30 बजे परियोजना सलाहकार समिति व दोपहर एक बजे स्थानीय क्षेत्र विकास समिति बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सायं 5 बजे जिला स्तरीय फुल यात्रा मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। 17 को प्रात: 10 बजे धरवास स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेंगे। दोपहर एक बजे तीसा पहुंचेंगे और बागवानी विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे व उनका रात्रि ठहराव अतिथि गृह तीसा में रहेगा।

18 को प्रात: 9 बजे जनजातीय भरमौर के लिए प्रस्थान करेंगे व दोपहर 2:30 बजे अतिरिक्त आयुक्त सम्मेलन कक्ष भरमौर में परियोजना सलाहकार समिति और स्थानीय क्षेत्र विकास समिति बैठक की अध्यक्षता करेंगे। 19 अक्तूबर को प्रात: 10 बजे लेच पंचायत का दौरा करेंगे व जन समस्याएं सुनने के पश्चात बाद दोपहर 3 बजे कांगड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# हिम आंचल पेंशनर्स संघ सरकार के खिलाफ 17 को निकालेगा रोष रैली

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



हिम आंचल पेंशनर्स संघ चंबा की मासिक बैठक में उपस्थित प्रेम सिंह बेदी व अन्य।

**चंबा।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ चंबा की मासिक बैठक गुरुवार को लक्ष्मण क्लब में प्रेम सिंह बेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 अक्तूबर को सुबह 11 बजे चंबा में एक विशाल रोष रैली का आयोजन किया जाएगा।

यह रैली चंबा की संयुक्त संघर्ष समिति पेंशनर्स संघ के आह्वान पर इरावती होटल के पास से प्रारंभ होगी। पेंशनर्स संघ ने सभी से आग्रह किया है कि वे बड़ी संख्या में इस विरोध प्रदर्शन में भाग लें, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके और लंबित मांगों को शीघ्र पूरा कराया जा सके। बैठक में बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा एक जनवरी 2016 से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभ, महंगाई भत्ते की किस्तें, एरियर तथा मेडिकल बिलों के भुगतान जैसे मामलों में वर्षों से देरी की जा रही है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। रैली शहर के मुख्य बाजार से होकर गुजरेगी और अंत में उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक के दौरान मरहूम अधिशासी अभियंता आरएस गुलेरिया के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर प्रेम सिंह बेदी, पवन कुमार बेदी, बली राम, पुनु राम, कुलदीप अहीर, मुस्तक मोहम्मद, दलीप पूंगा, चंदर प्रकाश, गुरमीत सिंह चंद्रा और महासचिव शिव चरण चंद्रा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## चंबा में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल चंबा ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का जिला स्तर पर औपचारिक शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत जिले में 8 दिसंबर तक 400 से अधिक शिक्षण संस्थान और 30 गांवों को तंबाकू मुक्त करने के लिए 30 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, चंबा पुलिस के नेतृत्व में नशीले और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को लेकर सक्षम अभियान भी शुरू किया गया है। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने तंबाकू सेवन रोकने के लिए कोटपा अधिनियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने और तंबाकू वेंडर लाइसेंस की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। सभी सरकारी कार्यालयों को पूर्णत: तंबाकू मुक्त बनाने के साथ नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने तंबाकू सेवन से जुड़ी बीमारियों और मौतों की गंभीरता पर जोर देते हुए जागरूकता बढ़ाने का आग्रह किया। अभियान में पुलिस, स्वास्थ्य, आयुष, शिक्षा, सामाजिक न्याय, युवा सेवा और अन्य विभाग सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यह अभियान युवाओं को तंबाकू और नशे के दुष्प्रभावों से दूर रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विधायक डॉ. जनक राज ने स्कूली बच्चों को दिया प्रेरणादायक संबोधन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने ब्राइट पब्लिक स्कूल छतराड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने मनमोहक नाटकीय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने सभी का मन मोह लिया। विधायक ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए बच्चों को निरंतर प्रयास करते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधक अनूप ठाकुर और उनकी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। साथ ही, डॉ. जनक राज ने स्कूल को 11 हजार रुपए और एक प्रोजेक्टर देने की भी घोषणा की।

## चंबा में मिशन शक्ति जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंबा**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत एकदिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला कार्यक्रम कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी कमल किशोर शर्मा ने की, जबकि सीएसआईआर आईएचबीटी पालमपुर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विद्याशंकर विशेष अतिथि थे। कमल किशोर शर्मा ने बेटियों के महत्व और समान अवसर उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के डाटा प्रबंधन और पोषण ट्रैकर एप के उपयोग पर निर्देश भी दिए। डॉ. विद्याशंकर ने जीवन उपहार कार्यक्रम के तहत 0-5 वर्ष के कुपोषित बच्चों के लिए वितरित किए जाने वाले उत्पादों की जानकारी दी और विभिन्न स्तरों पर इसके रिकॉर्ड रखरखाव पर विस्तार से बताया।

## खज्जियार वन परिक्षेत्र में धूमधाम से मनाया वन्यजीव सप्ताह का उत्सव




**अनंत ज्ञान, खज्जियार।** वन्यजीव संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा खज्जियार वन परिक्षेत्र में वन्यजीव सप्ताह बड़े उत्साह और उत्सव के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन परिक्षेत्र अधिकारी विनय कुमार ने की। इस अवसर पर उप रेंज अधिकारी धीरेंद्र कुमार, अशोक कुमार आर, रतन कुमार, प्रकाश राय, अतुल कुमार गुप्ता और वन रक्षक जगदीश राणा सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन के तहत स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए नारा लेखन, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा पर अपने विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को वन्यजीवों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता बनाए रखने के लिए सजग और सक्रिय रहने का संदेश दिया। इस आयोजन ने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता को लेकर एक सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।

## बाट स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, बाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाट में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। समारोह में प्रधान स्कूल प्रबंधन समिति की शोभा देवी मुख्यातिथि थीं। उन्होंने युवाओं में अनुशासन, निस्वार्थ सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया। उपप्रधानाचार्य मदन लाल ने स्वयंसेवकों को अनुशासित रहकर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी अमिता नैय्यर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जालपा माता मंदिर सड़क खस्ताहाल

**अनंत ज्ञान, मैहला**

मैहला ब्लॉक की मुख्य सड़क, जो मैहला ब्रिज से जालपा माता मंदिर बाजार तक जाती है, इन दिनों पूरी तरह से बदहाल है। टूटी-फूटी सड़क, गड्ढों और धूल-मिट्टी के कारण न केवल लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही प्रभावित है, बल्कि यह मार्ग स्कूल, आईटीआई और कॉलेज जाने वाले हजारों छात्रों के लिए भी खतरे का संकेत बन चुका है।

स्थानीय निवासी प्रीतपाल चोना ने बताया कि सड़क की स्थिति मार्च 2025 से लगातार खराब बनी हुई है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन (1100) पर दर्ज भी कराया, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

स्थानीय ने कहा कि सड़क इतनी टूट चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बच्चों और युवाओं की सुरक्षा अब जोखिम में है। रोजाना लगभग 1500-2000 छात्र इस मार्ग से गुजरते हैं, और बारिश के दिनों में हालत और भी भयावह हो जाती है।

इस सड़क की बदहाल स्थिति से केवल छात्रों ही नहीं, बल्कि पूरे मैहला ब्लॉक के आम नागरिक भी परेशान हैं। यह मार्ग ब्लॉक मुख्यालय से जुड़ा होने के कारण प्रशासन और आम लोगों दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

लोगों ने कहा कि हमने शिकायत की है और प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी होगी। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस जीवनरेखा को जल्द ही दुरुस्त करेगा या फिर जनता की आवाज लगातार अनसुनी होती रहेगी।

अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं, अंजना** (44) पत्नी महेंद्र सिंह निवासी गांव व डाकघर चांबी तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम अंजन कुमारी (Anjan Kumari) से बदलकर अंजना (Anjana) रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**सफलता** हमेशा असफलता के स्तंभ पर खड़ी होती है। इसलिए किसी को भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए। -**सुभाष चंद्र बोस**

## संपादकीय

# एचपीयू में वर्चस्व की लड़ाई

शिमला के समरहिल में स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, इन दिनों शिक्षा से अधिक हिंसा के कारण सुर्खियों में है। यहां छात्र संगठनों के बीच टकराव अब आम बात हो गई है। कभी स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता आपसी वर्चस्व की लड़ाई में इस तरह भिड़ जाते हैं कि यूनिवर्सिटी का शांत वातावरण जंग के मैदान में बदल जाता है। दोनों संगठनों के बीच हुई ताजा खूनी झड़प ने न केवल यूनिवर्सिटी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि छात्रों और अभिभावकों में भय और असुरक्षा का माहौल भी पैदा कर दिया है।

यह सवाल अब हर ओर उठ रहा है कि आखिर इस तरह की मारपीट और हिंसा की नौबत क्यों आती है? क्या छात्र संगठन लोकतांत्रिक विचारों की रक्षा कर रहे हैं या फिर सिर्फ अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं? सच तो यह है कि इन संगठनों का मकसद अब छात्रहितों से ज्यादा सत्ता-प्रदर्शन और राजनीतिक दलों की जमीनी पकड़ को मजबूत करना बन गया है। जो संगठन कभी छात्रों की आवाज बनते थे, आज वही संगठन उनके भविष्य के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। स्थिति आज इस कदर बिगड़ चुकी है कि यहां पढ़ाई का माहौल लगभग खत्म हो गया है। झगड़ा, नारेबाजी और पुलिस की तैनाती-यहां की दिनचर्या बन चुकी है। जो माता-पिता अपनी आर्थिक सीमाओं से ऊपर उठकर अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए भेजते हैं, वे आज सबसे ज्यादा चिंतित हैं। उनके बच्चों के हाथ में किताबों की जगह अब डर समा गया है। यह स्थिति न केवल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल रही है, बल्कि पूरे समाज के लिए भी चिंता का विषय है। यूनिवर्सिटी प्रशासन की भूमिका इस पूरे प्रकरण में बेहद कमजोर दिखती है।

पिछले कई वर्षों से हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सुरक्षा व्यवस्था नाकाफी है और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद छात्र संगठन बेखौफ होकर झड़प करते हैं। यह कानून व्यवस्था की नाकामी है। जब विश्वविद्यालय में पढ़ाई के बजाय मारपीट होगी, तो इसका असर सीधा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा। सरकार की चुप्पी भी उतनी ही सवालों के घेरे में है। प्रदेश की सुक्खू सरकार अब तक इस पूरे मामले पर मौन है। क्या सरकार किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है? इतिहास गवाह है कि पूर्व में भी ऐसी झड़पों में कई छात्र अपनी जान गंवा चुके हैं। यही कारण था कि विश्वविद्यालय में केंद्रीय छात्र परिषद (एससीए) के चुनावों पर प्रतिबंध लगाया गया था। यह निर्णय उस समय इसलिए लिया गया था, ताकि हिंसा पर रोक लग सके और कैंपस में शांति बहाल हो। हालांकि, छात्र संगठन बार-बार चुनाव बहाल करने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है, मगर सवाल यह है कि जब बिना चुनाव के ही ऐसी हिंसा हो रही है, तो चुनाव बहाल होने के बाद क्या स्थिति और भयावह नहीं हो जाएगी? लोकतंत्र का अर्थ अराजकता नहीं होता।

लोकतंत्र तभी सार्थक है जब उसमें अनुशासन और जिम्मेदारी दोनों हों। वास्तव में, छात्र राजनीति का उद्देश्य समाज में जागरूक और जिम्मेदार नेतृत्व तैयार करना होता है, लेकिन जब यह राजनीति हिंसा और गुंडागर्दी में बदल जाए तो उसका कोई औचित्य नहीं रह जाता। विश्वविद्यालय किसी राजनीतिक अखाड़े का नहीं, बल्कि शिक्षा और चरित्र निर्माण का केंद्र होता है। यहां छात्र अपने भविष्य की दिशा तय करने आते हैं, लेकिन जब उनके चारों ओर भय और असुरक्षा का माहौल हो, तो पढ़ाई पर ध्यान लगाना असंभव हो जाता है। जरूरत इस बात की है कि विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार दोनों मिलकर इस हिंसा पर सख्त कदम उठाएं। परिसर में सुरक्षा बढ़ाई जाए, हिंसक गतिविधियों में शामिल छात्रों को तुरंत निष्कासित किया जाए और संगठनों की जवाबदेही तय की जाए। किसी भी संगठन को यह अधिकार नहीं है कि वह कैंपस के माहौल को अशांत करे। यदि छात्र संगठन वास्तव में छात्रों की भलाई चाहते हैं, तो उन्हें पहले यह साबित करना होगा कि वे शांति और संवाद की राह पर चल सकते हैं। शिक्षा का असली उद्देश्य समाज को सभ्य, संवेदनशील और सजग बनाना है। जब शिक्षा के मंदिरों में ही हिंसा पनपने लगे तो यह पूरे समाज के लिए खतरे की घंटी है। छात्र राजनीति का मतलब वाद-विवाद, विचार और परिवर्तन होना चाहिए, न कि लात-घूंसे और खून-खराबा। अब वक्त आ गया है कि विश्वविद्यालय में अनुशासन बहाल हो, ताकि छात्र बिना डर के अपने सपनों को साकार कर सकें। एचपीयू को फिर से शिक्षा का केंद्र बनाना ही सबसे बड़ी चुनौती है, और यह तभी संभव है जब छात्र संगठन अपने असली मकसद को याद करें, प्रशासन जिम्मेदारी निभाए और सरकार ईमानदारी से हस्तक्षेप करे। वरना, यह विश्वविद्यालय आने वाले समय में शिक्षा का नहीं, हिंसा का पर्याय बन जाएगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी सिनेमा की सदाबहार दिवा

**रेखा**, जिनका पूरा नाम भानुरेखा गणेशन है, हिंदी सिनेमा की एक प्रतिष्ठित और बहुआयामी अभिनेत्री हैं। उनका जन्म 10 अक्तूबर 1954 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वह मशहूर तमिल अभिनेता जेमिनी गणेश और अभिनेत्री पुष्पावली की पुत्री हैं। अभिनय की विरासत होने के बावजूद रेखा का फिल्मी सफर आसान नहीं रहा।



रेखा
**जन्म** :10 अक्तूबर, 1954

रेखा ने अपने करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में 1966 में तेलुगु फिल्म 'angula Ratnam' से की, जबकि हिंदी सिनेमा में उन्होंने मुख्य भूमिका 1970 में फिल्म 'सावन भादों' से निभाई। शुरुआती दौर में रेखा को उनके लुक्स और हिंदी उच्चारण के कारण आलोचना झेलनी पड़ी, लेकिन उन्होंने खुद को पूरी तरह बदलकर एक सशक्त और प्रतिभाशाली अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया। उन्होंने 'उमराव जान' (1981) में अपनी भूमिका के लिए 'राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार' जीता। 'मुक्ति', 'खूबसूरत', 'सिलसिला', 'इजाजत', 'गहराइयां' और 'खून भरी मांग' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को बेहद सराहा गया। रेखा का निजी जीवन हमेशा चर्चा में रहा, खासकर उनके और अमिताभ बच्चन के कथित संबंध को लेकर। बावजूद इसके, उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को हमेशा गरिमा के साथ संभाला। उन्होंने 1990 में दिल्ली के बिजनेसमैन 'मुकेश अग्रवाल' से विवाह किया, जिनकी मृत्यु कुछ महीनों बाद हो गई। रेखा को 2010 में 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया। ■



कविता

## चलो चलाएं

**अंशिका, कक्षा 12वीं, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गाहलियां**

**स्वच्छता** पर अभियान, इसी से बनेगी देश की शान
सबको यह बात समझानी है, गंदगी हमको नहीं फैलानी है।
चॉकलेट, चिप्स और कुरकुरे, चाहे खा लो
पर उसका कचरा रास्ते में न फेंक
जाकर कूड़ेदान में डालो।
गांधी जी ने चलाया स्वच्छता अभियान
यही है हम सबका अभिमान।
चलो चलाएं स्वच्छता पर अभियान
इसी से बनेगी देश की शान।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# यूएनओ में प्रोबोवो सुबियांतो के शांति पैगाम की प्रासंगिकता



**प्रताप सिंह पटियाल**
**स्वतंत्र लेखक**

'ओम शांति शांति शांति ओम'। 'ओम स्वास्ति अस्तु'। 'नमो बद्धाए'। प्राचीनकाल से भारत की महान संस्कृति में वैश्विक शांति की कामना करने वाले ये शब्द जब 23 सितंबर 2025 को एक मुस्लिम मुल्क के राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र महासभा' (यूएनओ) के इजलास में बोले तो आलम-ए-इस्लाम में बेचैनी का आलम था। इन शब्दों की गूंज से मजहब के रहनुमां परेशान थे।

दरअसल, दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले मुल्क इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रोबोवो सुबियांतो ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र को संबोधित करते हुए अपने संबोधन के अंत में हाथ जोड़कर अविभादन करके ओम शांति शांति ओम का उच्चारण करके विश्व को बुद्ध द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की अपील की। दिलचस्प यह है कि प्रोबोवो इंडोनेशिया की आर्मी में सन् 1973 से लेकर सन् 1998 तक सैन्य सेवा निभा चुके हैं।

वह इंडोनेशिया की सेना के विशेष बल 'कोपासस' के कमांडो के तौर पर कई सैन्य मिशनों में हिस्सा ले चुके हैं। सन् 1998 में अपने सैन्य करियर के अंतिम दौर में प्रोबोवो इंडोनेशिया की सेना की 'आर्मी स्ट्रेटेजिक रिजर्व कमांड' के प्रमुख जरनैल थे। प्रोबोचो ने विश्व के देशों से शांति के मार्ग पर चलने की अपील की है तो ये भारतीय संस्कृति का ही प्रभाव है। भारत और इंडोनेशिया के सांस्कृतिक रिश्ते हजारों वर्ष पुराने हैं। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय एयरलाइंस का नाम 'गरुड़' है। इंडोनेशिया की वायुसेना की 'वक्ष कमांडो' का आदर्श वाक्य श्रीमद्भागवदगीता के दूसरे अध्याय के 47वें श्लोक का अंश है।

इंडोनेशिया की इन्फैंट्री स्ट्रैटेजिक आपरेशन यूनिट का प्रतीक चिन्ह 'त्रिशूल' है तथा आदर्श वाक्य 'वीर शक्ति युद्ध' है। सन् 1602 से लेकर सन् 1949 तक डच साम्राज्य ने इंडोनेशिया के कई द्वीप समूहों पर अपना अधिकार जमाया था। दूसरी जंग-ए-अजीम के दौर में जापान ने सन् 1942 में डच ईस्ट इंडीज पर हमला करके इंडोनेशिया के कई क्षेत्रों पर कब्जा जमा लिया था, लेकिन अमेरिका ने अगस्त 1945 में हिरोशिमा तथा नागासाकी पर परमाणु हमला करके जापान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया था। इंडोनेशिया पर जापान की हुक्मरानी खत्म हो चुकी थी।

नतीजन 17 अगस्त 1945 को इंडोनेशिया ने अपनी आजादी की घोषणा कर दी, मगर इंडोनेशिया के कई क्षेत्रों पर डच सेना का कब्जा कायम था। नीदरलैंड की 'डच' सेना ने पूरे इंडोनेशिया पर कब्जा करने के लिए पेशकदमी को अंजाम दे दिया। डच




सेना इंडोनेशिया के शीर्ष नेतृत्व को हिरासत में लेकर वहां एक बड़े मसूबे को अंजाम देने की फिराक में थी। उस वक्त 'रायल इंडियन एयरफोर्स' के पायलट 'बीजू पटनायक' 'ओल्ड डकोटा एयरक्राफ्ट' लेकर जर्काता पहुंचे तथा इंडोनेशिया के प्रथम राष्ट्रपति सुकर्णो व प्रधानमंत्री सुतन सजाहिर को डच सेना की कत्लोगारत से महफूज बचाकर दिल्ली लेकर आ गए थे। उस रेस्क्यू मिशन की दास्तान-ए-सुजात के लिए ओडिशा के साबिक मुख्यमंत्री बीजू पटनायक को इंडोनेशिया ने अपने सर्वोच्च सम्मान 'भूमि पुत्र 'से नवाजा था। ब्रिटिश इंडियन आर्मी के फाइटर पायलट के तौर पर बीजू पटनायक ने दूसरी जंग-ए-अजीम के दौरान जर्मन सेना पर बमबारी करके सोवियत संघ की सेना को एक बड़े संकट से बचाया था। युद्ध में बहादुरी के लिए बीजू पटनायक को रूस ने भी अपना सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया था। बीजू पटनायक के इंतकाल के वक्त भारत सहित इंडोनेशिया व रूस ने भी अपने कौमी परचम झुकाकर पटनायक को खिराज-ए-अकीदत पेश की थी, मगर हैरत की बात है कि विश्व में भारत का इकबाल बुलंद करने वाले महानायक जो देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत होने चाहिए वे भारतीय इतिहास में गुमनाम है। आखिर अगस्त 1949 को डच साम्राज्य की गुलामी से इंडोनेशिया आजाद हुआ। सन् 1950 में भारत ने इंडोनेशिया को मान्यता प्रदान की। इंडोनेशिया के प्रथम राष्ट्रपति सुकर्णो 26 जनवरी 1950 को भारत के प्रथम गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के तौर पर तशरीफ लाए थे। इसी वर्ष भारत के गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि प्रोबोवो सुबियांतो थे। यूएनओ के मंच से सुबियांतो ने कहा कि हिंसा किसी भी सियासी संघर्ष का समाधान नहीं है। गाजा में जारी हिंसा पर चिंता जाहिर करते हुए सुबियांतो ने इजहार किया कि फिलिस्तीन में शांति कायम करने के लिए इंडोनेशिया संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में अपने सैनिक भेजकर अमन की राह में एक बड़ा किरदार अदा करने को तैयार है। सुबियांतो का शांति पैगाम ऐसे समय में आया है जब कई मुल्क जंगी जुनून में मदहोश होकर दुनिया को तीसरी आलमी जंग की तरफ धकेल रहे हैं।

रूस-यूक्रेन की जंग खतरनाक रुख अख्तियार कर चुकी है। ईरान, लेबनान, यमन व पाकिस्तान जैसे मुल्क आतंकियों की हिमायत करके इजरायल को मिटाने की मंसुबाबंदी में लगे हैं। युद्धों की मार झेल चुके इराक, अफगानिस्तान, सीरिया, यूक्रेन व यमन जैसे मुल्क बर्बादी के मुहाने पर खड़े हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को सैन्य मदद करने वाला तुर्की आलम-ए-इस्लाम का खलीफा बनने का ख्वाब देख रहा है। अमेरिका जैसा मुल्क टैरिफ अटैक का खौफ दिखाकर पूरी दुनिया पर अपनी धौंस जमाना चाहता है। तो दुनिया में अमन की शमां नहीं जल सकती।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंग्रेजी धुनों पर थिरकते नौजवान : मै हिंदी बोल रही हूं, करो मेरा सम्मान



**डॉ. अंकिता चौधरी**
**सह प्राध्यापक**
**अभिलाषी विश्वविद्यालय**

इसमें कोई संदेह नहीं कि आदिकाल से लेकर आज तक हिंदी भाषा का इतिहास अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक रहा है। भारत में करीब 43 प्रतिशत लोग हिंदी को अपनी मातृभाषा मानते हैं, वहीं करीब 10 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिनकी मातृभाषा हिंदी से संबंधित है।

इसके बावजूद, हिंदी को अपनी सही पहचान और सम्मान पाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वह भाषा, जिसे एक समय में गौरव और आदर प्राप्त था, आज उपेक्षित और हाशिए पर नजर आ रही है।

इसका कारण क्या है? जब मैंने इस पर गहनता से विचार किया, तो मेरे मन में कई सवाल उठे। क्यों एक भाषा, जो हमारे देश की संस्कृति, परंपरा और इतिहास से जुड़ी है, आज अपमान का शिकार हो रही है? क्या मेरी महत्ता केवल सूचना के आदान-प्रदान तक सीमित है? क्या मुझे केवल संवाद का माध्यम समझा जाता है? नहीं, ऐसा बिलकुल नहीं है। भाषा केवल सूचना का आदान-प्रदान करने का माध्यम नहीं है।

यदि भाषा का उद्देश्य केवल सूचना देना होता, तो हमें किसी भी जटिल व्याकरण या शब्दकोश की आवश्यकता नहीं होती। मूक पशु-पक्षी भी आपस में संवाद करते हैं, क्या वह भाषा का उपयोग करते हैं? नहीं। एक शिशु भी अपनी इच्छाएं व्यक्त करता है, लेकिन क्या उसे किसी व्याकरण की आवश्यकता होती है? नहीं। फिर हम क्यों मानते हैं कि भाषा केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान का तरीका है?

यह हमारी मानसिकता की गलत सोच है कि जो दुर्लभ और विशेष हो, वही महत्वपूर्ण है। इस मानसिकता ने हिंदी को उपेक्षित किया। जैसे भारत में चाय और चीनी की भरमार है, जबकि कहवा




(कॉफी) बहुत कम मिलता है। इसलिए कॉफी को स्टेटस सिंबल के रूप में देखा जाने लगा, जबकि चाय का कोई विशेष महत्व नहीं रहा। ऐसा ही कुछ हिंदी के साथ भी हुआ।

अंग्रेजों ने अंग्रेजी और फारसी को स्टेटस सिंबल के रूप में स्थापित किया और आज भी समाज में यह मान्यता बनी हुई है कि जो अंग्रेजी जानता है, वही सशक्त और उच्च दर्जे का है। इस कारण हिंदी को अपनी पहचान और सम्मान पाने में कठिनाइयां आ रही हैं। हिंदी का स्थान अब खतरे में है। अंग्रेजी को एक उच्च भाषा के रूप में प्रस्तुत किया गया और उसके उपयोग को सरकारी और प्रतिष्ठित पदों से जोड़ा गया।

हालांकि, मुझे कोई आपत्ति नहीं है यदि अंग्रेजी का उपयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो, लेकिन जब मेरे ही देश में मुझे उपेक्षित किया जाता है, तो यह मुझे सहन नहीं होता। आज ऐसा लगता है जैसे अंग्रेजों के जाने के बाद भी अंग्रेजी मेरी जिंदगी में कैद हो गई है। मेरी भाषा, मेरी पहचान और मेरे गौरव को धीरे-धीरे भुलाया जा रहा है। यह अत्यंत दुखद है कि हम अपनी ही मातृभाषा को तुच्छ समझ रहे हैं।

यह मानसिकता, जो हमें अपने गौरव से वंचित कर देती है, बड़ी विडंबना है। मैं हिंदी हूं। मेरी महत्ता केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है। मैं एक संस्कृति की पहचान हूं, मैं भारत की आत्मा हूं। जब तुम अपने अंतर्मन में झांककर देखोगे, तो पाएंगे कि मैं ही तुम्हारी मुस्कान, तुम्हारी यादें और तुम्हारी विरासत हूं। जब भी तुम्हें आवश्यकता होगी, मैं तुम्हारे काम आऊंगी। मेरी यह पुकार है कि मुझे नजरअंदाज मत करो। मैं तुम्हारी मां हूं, और जब तक जीवित रहूंगी, तुम्हें शीतलता ही दूंगी। मुझे मेरे देश में सम्मान दिलाओ। मेरी पहचान को फिर से जागृत करो। मुझे बचा लो, ताकि मेरी ज्योति बुझने से पहले मुझे फिर से सम्मान मिल सके। सुनो मेरी पुकार, मैं हिंदी बोल रही हूं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव : एक सैनिक का अलौकिक अनुभव



**लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी**
**पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएस पूर्व सैनिक**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस ने विजय दशमी के पावन पर्व पर अपनी एक शताब्दी की यात्रा पूरी कर ली है। इस संगठन के बारे में मैंने पहले केवल समाचारों, पत्रिकाओं और कभी-कभी राजनीतिक चर्चाओं में सुना था, लेकिन 31 मई 2011 को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद मेरा इसका अनुभव पूरी तरह से बदल गया। सेना में रहते हुए भी मैंने कभी ध्यान नहीं दिया था कि कई बार जो निस्वार्थ सेवा और समर्पण मैंने देखा था, वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कर्मठ कार्यकर्ता होते हैं।

सेवानिवृत्ति के बाद मुझे इस संगठन के कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला, जहां मैंने एक अप्रत्याशित सुख और आत्मीयता का अनुभव किया। सभी में सहजता, नम्रता और अनुशासन की भावना थी। यह अनुशासन मुझे मेरे सेना के दिनों की याद दिलाता था। धीरे-धीरे मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यशैली में रम गया और कई वरिष्ठ पदाधिकारियों के संपर्क में आया। उनकी विचारधारा, नैतिक मूल्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण ने मुझे बहुत प्रभावित किया, क्योंकि ये वही मूल्य थे जिन्हें मैंने सेना में स्वीकार किया था।

'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' यह कथन केवल शब्द नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जीवनशैली का सार है।

यहां समस्याओं का समाधान सामूहिक चर्चा, स्वतंत्र विचार और समावेशी निर्णय प्रक्रिया से होता है, जो संगठन की विशिष्टता है। मैं दृढ़ता से मानता हूं कि रराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एक दैवीय संयोग है।

भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं की रक्षा के लिए यह संगठन परम पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में स्थापित किया गया था। कठिन परिस्थितियों में भी, यह संगठन अपने लक्ष्य



के प्रति समर्पित रहा और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के लिए समर्पित रहा। संघ ने सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक विरोधों और सीमित संसाधनों के बावजूद राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज यह संगठन आदिवासी उत्थान, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीय सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण, आत्मनिर्भरता सहित अनेक क्षेत्रों में कार्यरत है।

इसके कार्यों का प्रभाव व्यापक और गुणात्मक है, जो भविष्य के लिए स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस संगठन में जुड़ने पर अनुभव होता है कि आप राष्ट्र के अत्यंत शिक्षित, अनुभवी और त्यागी व्यक्तियों के बीच हैं। यहां हर कार्यकर्ता सादा जीवन, उच्च विचार का पालन करता है और कभी भी किसी उपलब्धि का श्रेय नहीं लेता। उनका एकमात्र उद्देश्य राष्ट्र और समाज की सेवा है। निस्वार्थ भाव से काम करने वाले ये वीर कार्यकर्ता राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। मुझे स्वयं इस अद्वितीय संगठन से जुड़ने का सौभाग्य मिला। मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता हूं कि मैं ऐसे संगठन का हिस्सा हूं, जो केवल राष्ट्र और भारतीयता के लिए कार्य करता है। यहां मैंने अनेक महानुभावों से मुलाकात की, जिन्होंने मेरे जीवन को सकारात्मक दिशा दी है। इस संगठन से जुड़ने पर मैं न केवल सुखी हूं, बल्कि एक नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच भी प्राप्त हुई है। यह अनुभव मुझे यह विश्वास देता है कि जब आप त्यागी, निस्वार्थवादी राष्ट्रप्रेमियों के साथ कदम मिलाकर चलते हैं, तो आप देश को समृद्धि के शिखर तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

मैं इस अनुभव को इसलिए साझा कर रहा हूं, ताकि जो लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति भ्रांतियों में हैं, वे जुड़कर इस संगठन की सच्चाई जानें और सकारात्मक ऊर्जा का हिस्सा बनें। यह ऊर्जा न केवल उनके व्यक्तित्व के विकास में सहायक होगी, बल्कि राष्ट्र के निर्माण में भी योगदान देगी।

*तेरा वैभव अमर रहे मां।*
*हम चार दिन रहें न रहें।*
*भारत माता की जय।*

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# श्वास, शांति और सेवा : मानसिक स्वास्थ्य का नया मार्ग



**श्री श्री रवि शंकर**
**आध्यात्मिक गुरु**

मनुष्य के भीतर संघर्ष का सामना करने की अपार क्षमता है। यह आंतरिक शक्ति हमारी प्रकृति का हिस्सा है। विशेषकर भारत देश में हम हर चुनौती का सामना करने की क्षमता रखते हैं। आज विश्व के सामने मानसिक स्वास्थ्य का संकट सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

हर व्यक्ति का स्वाभाविक स्वभाव दयालु, प्रेमपूर्ण, करुणामय और आनंदित होता है। कोई बच्चा अकारण नहीं रोता। वह भूखा हो, थका हो या डर गया हो, तभी रोता है। उसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति हिंसक है तो उसके पीछे कोई कारण अवश्य है। यदि किसी में करुणा नहीं है तो उसके पीछे भी कोई कारण होगा। जब आप गहराई से देखते हैं तो ज्ञात होता है कि इसका मूल कारण एकाकीपन, भय, अस्वकृति की भावना और अपनत्व का अभाव है। शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने पर हम किसी को अस्पताल भेजते हैं, जहां उनका इलाज होता है। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने पर जब कोई समाज विरुद्ध गलत कर्म करता है तो हम उसे जेल भेजते हैं, लेकिन जेल में हम उसे ऐसा कोई साधन नहीं देते जिससे वह अपने मन को समझ सके, अपने व्यवहार को सुधार सके।

आम तौर पर, न घर में और न ही स्कूल में हमें यह सिखाया जाता है कि अपनी भावनाओं को कैसे संभालना है। आज अकेलेपन की जो समस्या सबसे बड़ी मानसिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है, उसका कारण यही है कि हमने यह नहीं सीखा कि अपने साथ कैसे रहना है, अपने भीतर शांति का अनुभव कैसे करना है। यदि हम यह सीख लें तो अपने चारों ओर भी प्रसन्नता फैला सकते हैं।

इन सभी मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान श्वास में ही छिपा है। जब आप उदास या प्रसन्न होते हैं, तो आपकी श्वास की लय बदल जाती है। जब आप क्रोधित, निराश या ईर्ष्यालु होते हैं, तो नहीं जानते कि



उन भावनाओं के साथ क्या करें और उन्हें भीतर ही दबाए रखते हैं, लेकिन आपकी श्वास कह रही होती है, 'मैं तो दिन-रात तुम्हारे भीतर आ-जा रही हूं। यदि तुम मुझे थोड़ा ध्यान दो, तो मैं तुम्हें प्रसन्न रखूंगी।

दुनियाभर में लाखों लोग श्वास-प्रश्वास की सरल तकनीकें और ध्यान सीखकर अपने जीवन को बदल चुके हैं। उदाहरण के लिए, सुदर्शन क्रिया ने असंख्य लोगों को निराशा और चिंता से बाहर निकलने में मदद की है। ये तकनीकें हमें अपने मन का स्वामी बनना सिखाती हैं, उसके गुलाम नहीं। सारा आनंद इसी क्षण में है। इसमें बच्चे हमें बहुत कुछ सिखा सकते हैं। बच्चा एक पल रोता है और अगले ही पल खिलखिला उठता है। वह नकारात्मक भावनाओं पर मानो 'डिलीट बटन' दबा देता है, लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, यह क्षमता खो देते हैं।

मानसिक स्वच्छता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी दंत स्वच्छता। जिस प्रकार दंत स्वच्छता के लिए रोजाना दांत साफ करना आवश्यक है, उसी प्रकार मन की स्वच्छता के लिए उपाय करना भी आवश्यक है। प्रतिदिन कुछ मिनट श्वास अभ्यास और ध्यान करने से मन की प्रसन्नता लौट आती है। जब हम स्वयं को जैसे हैं वैसे ही स्वीकार करना सीखते हैं और भीतर से प्रसन्न होते हैं, तो करुणा और अपनापन स्वत: ही प्रवाहित होता है। हम सबको सेवा करनी चाहिए। पाने में आनंद है, पर वह शैशव अवस्था का आनंद है। देने में जो आनंद है, वह कहीं अधिक परिपक्व और गहरा होता है।

जब युवाजन सेवा में लगते हैं, तो उनका हृदय खुल जाता है और उनका मानसिक स्वास्थ्य भी सशक्त होता है। समाज के प्रति योगदान करने से मन में एक ऐसे जुड़ाव का अनुभव और उद्देश्य की प्राप्ति होती है, जो बड़े से बड़ा सुविधापूर्ण जीवन भी नहीं दे सकता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### वैदिक परंपराएं पत्रक का किया विमोचन

**भीम बसेडू, राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** आर्य समाज मंदिर बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें गुरुग्राम (हरियाणा) से पधारे विद्वान रामफल सिंह आर्य, रानी आर्या द्वारा वैदिक परंपराओं से परिपूर्ण पत्रक का विमोचन किया गया। वेद प्रचार मंत्री श्रवण कुमार आर्य ने बताया कि 12 अक्तूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रातः 8 से 10 बजे यज्ञ, दोपहर 2 से 4 व शाम 7 से 9:30 बजे प्रवचन व भजन संध्या होती है। 11 अक्तूबर को डीएवी स्कूल के छात्रों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी और 12 अक्तूबर को पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### पेंशनर्स 15 अक्तूबर तक करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के तहत आने वाले सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारक 15 अक्तूबर तक केवाईसी करवाएं लें। तहसील कल्याण अधिकारी सरकाघाट जगदीश कुमार शर्मा ने कहा कि निर्धारित तिथि तक केवाईसी प्रक्रिया पूरी न करने पर संबंधित पेंशनरों की पेंशन अस्थायी रूप से रोकी जा सकती है।

### रोहांडा में तंबाकू से दूर रहने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राज्य में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने और तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने के उद्देश्य से तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहांडा में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी रोहांडा डॉ. लाल सिंह ने की। डॉ. लाल सिंह ने केंद्र के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का सेवन न करने, अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को भी तंबाकू सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों से समाज और पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ दिलाई।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत लगाई प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें 11वीं व 12वीं के छात्रों ने भाग लिया। भौतिकी के 30, रसायन विज्ञान के 10 और जीव विज्ञान के 10 मॉडल प्रदर्शित किए गए। छात्रों ने इलेक्ट्रोस्कोप, हाइड्रोलिक क्रेन, टेलिस्कोप, हार्ट, किडनी, पीरियोडिक टेबल, बोहर मॉडल जैसे नवाचार प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने छात्रों की सराहना की। विज्ञान संकाय के शिक्षकों अनिल, पद्माक्षी, कविता, नीलम और पूजा ने मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रदर्शनी में बच्चों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच की झलक देखने को मिली।

### गुंजन बनी केंद्रीय छात्र संघ की अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आर्यभट्ट राजकीय महाविद्यालय संधोल में कॉलेज केंद्रीय छात्र संघ का गठन किया गया। गुंजन को अध्यक्ष, कविता उपाध्यक्ष, अंशिका सचिव और हर्षित संयुक्त उप सचिव बनाया गया। गौरी, तमन्ना, अभिषेक ठाकुर और कनिका कक्षा प्रतिनिधि नियुक्त हुए, जबकि अंजलि, तपेंद्र, रिया ठाकुर, स्नेहा ठाकुर, पलक ठाकुर, दिव्या और अर्पणा को सदस्य चुना गया। प्राचार्य प्रो. नरेश कुमार ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें अनुशासन, नेतृत्व व जिम्मेदारी का महत्व समझाते हुए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो. अमृतेश कुमार मिश्र, लीलाधर, साहिल ठाकुर सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। वातावरण उत्साहपूर्ण रहा।

### सरकार की उदासीनता पर पेंशनर्स में रोष

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंदनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक मिनी सचिवालय जोगिंदनगर के सभागार में आयोजित हुई। महासचिव रमेश पठानिया ने सभी पेंशनर्स का आभार व्यक्त किया। बैठक में राज्य स्तरीय कार्यकारिणी में शामिल हुए उपप्रधान शरद सिंह ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र शर्मा और संयुक्त सचिव शंभू राम जस्वाल को सम्मानित किया गया। पेंशनरों की समस्याओं और लंबित मांगों पर चर्चा हुई। प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र शर्मा ने सरकार के उदासीन रवैये की आलोचना करते हुए चेताया कि यदि मांगें जल्द नहीं मानी गईं तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मान सिंह वर्मा, दान सिंह ठाकुर, राज कुमार वालिया, बलदेव सिंह ठाकुर, नारायण सिंह राणा, राम सिंह यादव, प्यार चंद, हरदेव सिंह राणा आदि पेंशनर्स उपस्थित रहे।

### रेबीज के लक्षण व निदान की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पशुपालन विभाग द्वारा सरकाघाट में एक दिवसीय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें रेबीज, पशु स्वास्थ्य व कल्याण पर जानकारी दी गई। पहला शिविर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) सरकाघाट में आयोजित हुआ, जिसमें डॉ. सोनिया पठानिया ने व्याख्यान दिया। 85 छात्राएं व 16 अध्यापक उपस्थित रहे। एसडीवीएच टीम ने रेबीज के लक्षण व निदान की जानकारी दी व पंफलेट वितरित किए। दूसरा शिविर नगर परिषद में हुआ, जिसमें डॉ. दीपक ने जानकारी साझा की और 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दोनों शिविरों में पशु औषधियोजक रितेश ठाकुर, राहुल सकलानी, विपन पटियाल, जगदीश चंद, दिव्या राही उपस्थित रहे। डॉ. रजिंद्र सिंह जसवाल ने आयोजन के लिए आभार जताया।

### एचआरटीसी बस खराब, यात्री हुए परेशान

**भीम बसेडू, राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर से नैहरा पलाहोटा चलने वाली लो फ्लोर बस बस अड्डा सुंदरनगर जाते समय अचानक रुक गई, जिससे सवारियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। बस नंबर एचपी -31बी 3062 दोपहर करीब साढ़े तीन बजे धनोटू एनएच -21 के साथ खड़ी हो गई। ड्राइवर ने बस स्टार्ट करने की बहुत कोशिश की, लेकिन बस स्टार्ट नहीं हुई। बस ड्राइवर का कहना था कि बस अचानक खराब हो गई है, जो स्टार्ट करने पर स्टार्ट नहीं हो रही है।

### नाचन क्षेत्र में बिजली व पानी की सप्लाई ठप

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन क्षेत्र में वीरवार को दिनभर बिजली एवं पेयजल की आपूर्ति ठप रहने से लोगों व लघु उद्यमियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव महादेव से संबंधित बुद्धीजीवी एवं लोगों में भगत सिंह, सविता देवी, पार्वती देवी, विरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार,राजू राजपूत, राजेश कुमार, मीना देवी, कामना आदि ने बताया कि पानी एवं बिजली की सुचारु आपूर्ति गड़बड़ाने का सिलसिला लंबा हो चला है, जिससे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। लोगों ने विभाग व सीएम सुक्खू से मांग की है कि शीघ्र ही बिजली-पानी की नियमित आपूर्ति के लिए व्यापक प्रबंध किए जाएं।

# जुफरकोट पंचायत में भीषण अग्निकांड दो मंजिला मकान जलकर राख

## लोगों ने घर में रह रहे बुजुर्ग और दिव्यांग को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** बालीचौकी विकास खंड के अंतर्गत आने वाली जुफरकोट पंचायत में बुधवार रात को भीषण अग्निकांड के चलते एक दो मंजिला मकान राख हो गया।

पंचायत थाचाधार के पूर्व प्रधान ललित ठाकुर ने बताया कि यह मकान तुलसी राम पुत्र दलपत राम गांव कटगाड़ का था। इस अग्निकांड में 6 कमरों वाला पूरा मकान राख के ढेर में बदल गया है। आग लगने की यह घटना रात 12 बजे के आसपास हुई और लोगों ने मुश्किल से घर में रह रहे एक बुजुर्ग और दिव्यांग को बाहर निकाला। इस अग्निकांड में सबकुछ जलकर राख हो गया। सराज ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज ने अग्नि पीड़ित ओबीसी परिवार को मुआवजा देने की मांग की है और कहा कि इस विषय पर उन्होंने स्थानीय विधायक जयराम ठाकुर से भी परिवार का सहयोग करने का आग्रह किया है। आग की इस घटना के बाद स्थानीय पटवारी ने 15 हजार रुपए की फौरी राहत राशि, तिरपाल व कंबल प्रभावित परिवार को प्रदान किए। एसडीएम बालीचौकी देवी राम ने कहा कि संबंधित पटवारी को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं, आग के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।



पीड़ित परिवार को दी फौरी राहत राशि।

### समाजसेवी बलदेव ने भी जरूरी सामग्री प्रदान की

**समाजसेवी** बलदेव ठाकुर उर्फ बंटी सराजी ने भी पीड़ित परिवार से भेंट की और उन्हें कुछ जरूरी उपयोग की सामग्री प्रदान की। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र ही परिवार के रहने के लिए अस्थाई आवास की मांग की है और कहा कि क्षेत्र में सर्दी की आमद शुरू हो चुकी है, जिस कारण प्रभावित परिवार को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने लोगों से उक्त परिवार को आर्थिक सहयोग देने की भी अपील की है।

# दिवाली से पहले कर्मचारियों को मिले डीए की सौगात

## प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने बुलंद की आवाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**हिमाचल** प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने दिवाली से पहले डीए जारी करने को लेकर आवाज बुलंद की है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर व महासचिव मनीष गुलेरिया ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग उठाई है कि प्रदेश के कर्मचारियों को दिवाली से पहले डीए की सौगात प्रदान करें, ताकि त्योहार सीजन में कर्मचारियों को आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू ने पुरानी पेंशन बहाल कर कर्मचारी हितैषी होने का उदाहरण पेश किया है और अब डीए की सौगात देकर कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश कर्मचारी शहीदी दिवस शुक्रवार को सुंदरनगर के शहीदी चौक में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा। प्रदेशभर से विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश विद्युत कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दिवस उन वीर कर्मचारियों को समर्पित है, जिन्होंने कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका त्याग, साहस और निष्ठा पूरे कर्मचारी वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस पर शिक्षा, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, राजस्व, जल शक्ति, वन, ग्रामीण विकास, कृषि, बिजली बोर्ड, परिवहन, पुलिस सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी हिस्सा लेंगे।



**आज सुंदरनगर में मनाया जाएगा शहीदी दिवस**

# अभिलाषी विवि के फिजियोथैरेपी स्टूडेंट्स ने किया शैक्षिक भ्रमण



पीड़ित लोगों की चुनौतियों, संघर्षों और उनकी जीवनशैली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अभिलाषी** विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजियोथैरेपी ने तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों के लिए इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (आईएएमडी), सोलन हिमाचल प्रदेश में एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। इस अध्ययन दौरे में फिजियोथैरेपी विभाग के प्रोफेसरों डॉ. शैलजा एवं डॉ. शिवम द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की प्रगतिशील प्रकृति की गहन समझ प्रदान करना तथा एनजीओ द्वारा अपनाई जा रही फिजियोथैरेपी प्रथाओं और हस्तक्षेपों का अवलोकन कराना था।

छात्रों ने यह जाना कि फिजियोथैरेपी किस प्रकार मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने और कार्यात्मक क्षमता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। एसोसिएशन की अध्यक्ष संजना गोयल, जो स्वयं मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से प्रभावित हैं, ने छात्रों से संवाद करते हुए इस बीमारी से पीड़ित लोगों की चुनौतियों, संघर्षों और उनकी जीवनशैली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए फिजियोथैरेपी के महत्व और सीखने की निरंतर प्रक्रिया पर बल दिया।

फिजियोथैरेपी विभाग के समन्वयक ने विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए माननीय कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, कुलपति प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, अध्यक्ष (जीईएस) डॉ. नर्वदा अभिलाषी, उपाध्यक्ष (एईएस) डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार एवं डीन आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य विज्ञान डॉ. डीके मिश्रा का विशेष धन्यवाद प्रकट किया, जिन्होंने छात्रों को ऐसे प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करने में सदैव सहयोग दिया है।

## दिव्यांगजनों के लिए आत्मनिर्भरता और सम्मान का नया युग: राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर में समग्र क्षेत्रीय केंद्र द्वारा आयोजित दिव्यांगजन सशक्तिकरण मेले में भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के लिए सम्मान, अवसर और आत्मनिर्भरता का नया युग प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों ने दिव्यांगजनों को समाज में एक नई पहचान दिलाई है।

अब उन्हें विकलांग नहीं, बल्कि दिव्य शक्तियों से संपन्न नागरिक के रूप में देखा जा रहा है। सीआरसी केंद्रों के माध्यम से न केवल चिकित्सीय सहायता, बल्कि कौशल विकास व स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एसआईपीडीए योजना ने सार्वजनिक संस्थानों को दिव्यांगजन अनुकूल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि समावेशी भारत के निर्माण में दिव्यांगजनों का पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करना भाजपा सरकार का संकल्प है।

# एनएच-003 के अवैज्ञानिक निर्माण के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर



पत्रकारों से बातचीत करतीं डॉ. अनुपमा सिंह।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले की सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अनुपमा सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग-003 (अटारी-लेह) के अवैज्ञानिक निर्माण के खिलाफ हाईकोर्ट शिमला में रिट याचिका दाखिल की है। यह याचिका भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत 7 अक्टूबर 2025 को अधिवक्ता अजय कुमार शर्मा के माध्यम से प्रस्तुत की गई। याचिका में हमीरपुर से मंडी के बीच तल्याहर से लागधर खंड तक हो रहे सड़क निर्माण में गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। इसमें पहाड़ियों की अवैज्ञानिक कटाई, नालों में मलबा फेंकना तथा प्राकृतिक जलधाराओं का प्रवाह मोड़ना शामिल है। इन कारणों से क्षेत्र में भूस्खलन, मकानों, कृषि भूमि और पशु शालाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। डॉ. अनुपमा सिंह ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2024 में आंदोलन कर इस मुद्दे को उठाया था और इसके बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा राज्य मंत्री टेमटा से भी मुलाकात की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। तीन वर्षों में केवल बीस प्रतिशत निर्माण कार्य हुआ है और वह भी बेहद घटिया स्तर का। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय से निवेदन किया है कि परियोजना की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रगति की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित की जाए तथा लापरवाह एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। इस याचिका में भारत संघ, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राज्य सरकार के संबंधित अधिकारी, परियोजना निदेशकगण तथा निर्माण एजेंसियां-गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड और सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी को प्रतिवादी बनाया गया है।

## सुंदरनगर के कांग्रेस नेता अभी तक हार के सदमे से उभरे नहीं : डॉ. सीमा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा प्रदेश प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सीमा ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेता खुद वोट चोरी करते हैं और आरोप भाजपा पर लगाते हैं। जिले के सुंदरनगर के कांग्रेस नेता जो भाजपा प्रत्याशी से 8000 मतों से हारे, वह भाजपा पर 2000 वोटों की चोरी का आरोप लगा रहे हैं। विधानसभा चुनाव 2022 में संपन्न हो गया, पर कांग्रेस के नेता अभी तक सदमे से नहीं उभरे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को हर चुनाव में चोरी की आदत है और राष्ट्र स्तर से लेकर प्रदेश एवं वार्ड स्तर के कांग्रेसी नेता वोट चोरी में विश्वास रखते हैं। हिमाचल प्रदेश भी से वंचित नहीं है। हिमाचल में मुख्यमंत्री वोट चोरी के एक बड़े उदाहरण है, जो एक वोट नादौन विधानसभा क्षेत्र में स्वयं को डालते हैं और उसके उपरांत एक वोट अपने व्यक्ति को शिमला नगर निगम का महापौर बनने के लिए छोटा शिमला में डालते हैं और बात यही नहीं रुकती है अगले लोकसभा चुनाव में फिर वह वोट नादौन विधानसभा क्षेत्र से डालते हैं।

## निजी क्षेत्र में नहीं होता करवाचौथ के दिन महिलाओं को छुट्टी का पालन: चमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने प्रेस बयान में कहा कि करवाचौथ पर महिलाओं के साथ उनके पतियों को भी छुट्टी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन में जहां महिलाएं कार्यरत हैं, वहां काम प्रभावित होता, जिस कारण संपूर्ण छुट्टी होना जरूरी है, क्योंकि पुरुषों के ऊपर उस दिन अत्यधिक काम का बोझ हो जाता है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। चमन राही ने कहा कि निजी क्षेत्र में महिलाओं को नाम की ही छुट्टी दी जाती है, जिससे सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। निजी कंपनियों आदि में भी करवाचौथ की महिलाओं को छुट्टी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज दिन तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारियों ने निजी क्षेत्र में जाकर नहीं देखा की महिलाएं करवाचौथ के दिन भी नौकरी के डर से काम कर रही हैं। ठेकेदार के पास महिला लेबर, कूड़ा उठाया वाली महिलाओं को कोई छुट्टी नहीं दी जाती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज दिन तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में नहीं लाई। चमन राही ने कहा कि इस बार यदि महिलाओं से करवाचौथ के दिन काम लिया गया तो परिषद इस पर कड़ा लेते हुए कानूनी कार्रवाई अमल में लाएगा।



## भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मंडी की कार्यकारिणी का विस्तार

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मंडी के अध्यक्ष प्रकाश चंद ने संगठन को सशक्त और व्यापक बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कई नई नियुक्तियों की घोषणा की। यह निर्णय उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रामलोक धनोटिया और भाजपा मंडी अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा से विचार-विमर्श के बाद लिया। राज पाल, कन्हैया लाल सैनी, खूबे राम और प्रताप चौधरी को उपाध्यक्ष, गुलाब सिंह व जय सिंह को महामंत्री, राम सैनी को कोषाध्यक्ष, रमेश प्रजापति को सचिव बनाया गया। प्रवक्ता के रूप में संतोष महंत, कलावंती, खूब सिंह, बीर सिंह और केशव राम की नियुक्ति हुई। मनीष कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी और अनिल कुमार को आईटी प्रभारी नियुक्त किया गया। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से कई सदस्यों और मंडल अध्यक्षों की भी घोषणा की गई। प्रकाश चंद ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। भाजपा मंडी अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं।

## तंबाकू सेवन से दूर रहने के लिए करें प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलद्वाड़ा में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने केंद्र के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबाकू उत्पादों से दूर रहने, समाज को भी इसके दुष्प्रभावों से बचाने और तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने परिवार व मित्रों को भी तंबाकू सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित करें और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें।

## जोगिंद्रनगर में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' नारे के साथ राहुल गांधी के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। जीवन ठाकुर ने कहा कि यह अभियान जनता के वोट की अहमियत और लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम जनता से इसमें भाग लेने की अपील की और हर घर तक अभियान पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 55 साल की शिक्षा की रीढ़ को कांग्रेस सरकार ने दिया झटका: राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के 100 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को सीबीएससी से संबद्ध करने का निर्णय एक भ्रमित, अव्यावहारिक और शिक्षा विरोधी कदम है। यह कदम प्रदेश की स्वायत्त, आत्मनिर्भर और व्यवस्थित शिक्षा व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। आज 55 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के बाद 8000 से अधिक विद्यालय और 5 लाख बच्चे इससे संबद्ध हैं, जो इसे हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बनाते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल बोर्ड न केवल एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम लागू करता है, बल्कि इसके लिए कॉपीराइट अनुमति (रॉयल्टी) भी प्राप्त कर चुका है। बोर्ड पहले से राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप शिक्षा प्रदान कर रहा है, तब 100 स्कूलों को सीबीएससी में भेजना केवल राजनीतिक दिखावा और जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि हिमाचल बोर्ड एक आत्मनिर्भर संस्था है, जिसमें वर्तमान में 427 पेंशनर और 325 कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार पर बोर्ड की 87 करोड़ रुपए की देनदारी है, जो अब तक जारी नहीं की गई है। यह देरी न केवल बोर्ड की वित्तीय स्थिति को चरमरा रही है, बल्कि कांग्रेस सरकार की शिक्षा विरोधी और गैर-जिम्मेदाराना सोच को भी उजागर करती है।

**टूर्नामेंट** सिद्धपुर में आयोजित अंडर-14 की 40वीं जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# वॉलीबाल में कटौला जोन बना विजेता

- शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत
- धर्मपुर को बोर्ड डिपो देने की घोषणा की

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर में आयोजित अंडर-14 की 40वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने किया। प्रधानाचार्य राजेंद्र बराड़ी व जिला खेल प्रभारी श्यामलाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह, शॉल व टोपी देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा धर्मपुर में धर्मपुर को बोर्ड डिपो देने की घोषणा की।

इसके लिए स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि व स्थानीय विधायक चंद्रशेखर का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में जिले के 25 शिक्षा खंडों के एक हजार एक छात्र विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जिसमें कबड्डी में द्रंग एक प्रथम स्थान पर रहा। सदर द्वितीय स्थान पर रहा। वॉलीबाल में कटौला जोन प्रथम स्थान पर रहा। चौंतड़ा दो दूसरे स्थान पर रहा। खो-खो में चौंतड़ा एक प्रथम स्थान पर रहा और द्रंग एक दूसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन में सुंदरनगर एक प्रथम स्थान पर रहा। साइगलू दूसरे स्थान पर रहा। जूडो में द्रंग एक प्रथम स्थान, साइगलु दूसरे स्थान पर रहा।



विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्यातिथि डॉ. राजेश शर्मा।

### द्रंग फर्स्ट ने ऑल राउंड बेस्ट का खिताब

**रेसलिंग** में धर्मपुर दो जोन प्रथम स्थान, सुंदरनगर एक जोन दूसरे स्थान पर रहा। ऑल राउंड बेस्ट का खिताब द्रंग फर्स्ट ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता को करवाने के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से 80 ऑफिशल नियुक्त किए गए हैं, जिन्होंने इस प्रतियोगिता को अच्छे से संपन्न करवाया। राज्य निदेशालय की तरफ से ऑब्जर्वर प्रदीप शर्मा, विजय चौधरी, जगदीश कुमार नियुक्त किए गए हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुरेंद्र सकलानी, रमेश पाल्सरा, मुख्याध्यापक रंजीत राही, शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ठाकुर मौजूद रहे।

# करवाचौथ की पूर्व संध्या पर मंडी के बाजारों में लौटी रौनक



मिठाई की दुकान पर लगी भीड़।

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** करवाचौथ पर्व से ठीक एक दिन पहले मंडी शहर की गलियों और बाजारों में फिर से चहल-पहल देखने को मिली। दिनभर रुक-रुक कर होती रही बारिश के थमते ही बाजारों में लोगों की आवाजाही तेज हो गई और खासतौर पर महिलाओं की भीड़ ने माहौल को पूरी तरह त्योहारमय बना दिया। सोलह शृंगार की तैयारियों में जुटी महिलाओं ने चूड़ियों, बिंदियों, साड़ियों, कंगनों और पूजा की थालियों की जमकर खरीदारी की। मनियारी और सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की लाइनें लगी रहीं। वहीं, मेहंदी कलाकारों के हाथ भी दिनभर व्यस्त रहे। महिलाओं ने पारंपरिक डिजाइनों की मेहंदी लगवाकर करवाचौथ की तैयारियों में चार चांद लगा दिए।

### मिठाई की दुकानों पर भी रही रौनक

**मिठाइयों** की दुकानों पर फेनी, काजू कतली, लड्डू और बरफी जैसी पारंपरिक मिठाइयों की खूब मांग रही। दुकानदारों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बारिश की वजह से बिक्री धीमी थी, लेकिन वीरवार को मौसम साफ होते ही ग्राहकों की संख्या में काफी इजाफा हुआ। वहीं, पारंपरिक परिधानों की मांग में भी तेजी आई है। खासकर साड़ियों और डिजाइनर सूट्स की खरीदारी करते हुए महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। व्यापारियों ने बताया कि पिछले दिनों बारिश के चलते जो सुस्ती छाई हुई थी, वो अब पूरी तरह दूर हो गई है और बाजारों में रौनक लौट आई है। शहर की महिलाओं का कहना है कि करवाचौथ सुहागिनों के लिए विशेष महत्व रखता है, इसलिए इसकी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती। शुक्रवार को व्रत और पूजा की तैयारियों के लिए सभी जरूरी सामान जुटा लिया गया है।

## जोगिंद्रनगर में घंटों थमी रही वाहनों की रफ्तार

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** त्योहारी खरीदारी की रौनक ने जहां जोगिंद्रनगर के बाजारों को गुलजार कर दिया है। वहीं, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर गई है। वीरवार को शहर के प्रमुख मार्गों पर दिनभर भयानक जाम के हालात बने रहे, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के मुख्य चौराहे, पठानकोट चौक से मंदिर रोड तक, वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं, जोगिंद्रनगर-सरकाघाट मार्ग पर भी स्थिति विकट रही और रेलवे फाटक तक ट्रैफिक रेंगता नजर आया। जाम की मुख्य वजह त्योहारी खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़ के साथ-साथ दुकानों के बाहर खड़े वाहनों और जगह-जगह अवैध पार्किंग रही। जाम में फंसे स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घंटों तक धूप में परेशान रहे। हालांकि, पुलिस कर्मियों ने दिनभर विभिन्न स्थानों पर तैनात रहकर यातायात को सुचारु करने का भरसक प्रयास किया। दूसरी ओर, स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि ग्राहकों के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण खरीदारी करने में मुश्किल हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** वीरवार को माईदास भवन में उपायुक्त ऊना एवं मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जतिन लाल की अध्यक्षता में श्री चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों, पेयजल, सीवरेज व्यवस्था सुधार और बंदरों से राहत के मुद्दों पर चर्चा हुई। नए भवन निर्माण की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी। मंदिर ट्रस्ट गरीब कन्याओं की शादी के लिए भी अनुदान देगा। बच्चों और युवाओं के लिए स्किल सेंटर और मॉडर्न आईटीआई की स्थापना की योजना है, जो युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इस पहल से क्षेत्र के विकास और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### भंजाल स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल की अंडर-14 फुटबॉल टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि फिजिकल एजुकेशन टीचर डीपी विनोद ठाकुर की मेहनत और रोजाना सुबह सात बजे से प्रशिक्षण के कारण टीम ने यह उपलब्धि प्राप्त की। पंजावर टीम के साथ कड़े मुकाबले में भंजाल एक गोल से पीछे रह गया। स्कूल स्टाफ और प्रिंसिपल ने खिलाड़ियों और कोच विनोद ठाकुर की मेहनत की प्रशंसा की और बधाई दी।

### प्रधानमंत्री व वित्त मंत्रालय को युवा मोर्चा का आभार

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गगरेट मंडल के युवा मोर्चा सचिव नवीन धीमान ने केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई कटौती का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय आम जनता, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों के लिए राहत देने वाला है। नवीन धीमान ने बताया कि भाजपा सरकार ने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी है और यह कदम भी उसी सोच का परिणाम है। उन्होंने जनता से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने और जनकल्याणकारी नीतियों से जुड़ने की अपील की।

### कांग्रेस ने तेज किया 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान

**अनंत ज्ञान, अंब।** कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान के तहत प्रदेशभर में जनता से हस्ताक्षर जुटाए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य भाजपा द्वारा जनमत के अपहरण के विरोध में जनजागरण करना है। वीरवार को हमीरपुर व कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के पर्यवेक्षक शांतनु, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा और चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के साथ विश्राम गृह अंब में प्रेस वार्ता हुई। शांतनु ने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र से फॉर्म्स साइन कर राहुल गांधी को भेजे जाएंगे, जो इन्हें राष्ट्रपति को ज्ञापन के रूप में सौंपेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना और जनादेश के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने जनता से लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की।

### पटाखों की बिक्री के लिए विशेष स्थान चिन्हित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** दीपावली पर्व को लेकर ऊना शहर में कानून और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए तहसीलदार विपन कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने एमसी ऊना, संतोषगढ़ और मैहतपुर-बसदेहड़ा को दुकानों के आगे अतिक्रमण न करने और उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को भी यातायात की सुगमता सुनिश्चित करने को कहा गया। पटाखों की बिक्री के लिए रामलीला ग्राउंड ऊना, मैहतपुर और संतोषगढ़ में विशेष स्थान चिन्हित किए गए हैं। ग्रीन पटाखों की सुरक्षा हेतु शेड बनाने, फायर एक्सटिंग्यूशर और पानी की व्यवस्था करने के कड़े नियम जारी किए गए। पटाखा स्टॉल लगाने के लिए अनुविभागीय मजिस्ट्रेट से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। इस दौरान सुरेंद्र कौंडल, सुरेश कुमार, निशा गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### सेवानिवृत कर्मियों में वित्तीय लाभों को लेकर आक्रोश

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** दिवाली के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा वेतन वृद्धि का तोहफा मिलने के बाद भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों में वित्तीय लाभों को लेकर आक्रोश व्याप्त है। गगरेट में हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके देय लाभों से वंचित रखने पर कड़ी नाराजगी जताई गई। एसोसिएशन ने 17 अक्तूबर को एमसी पार्क ऊना में एक बड़ा प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। बैठक में कहा गया कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को तो नए वेतनमान से लाभान्वित किया, लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को डीए की देय किस्त, ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट के बकाया भुगतान नहीं किए गए हैं। साथ ही, उनके मेडिकल बिल भी लंबित हैं, जिससे वे बेहद निराश हैं। सदस्यों ने सरकार से तत्काल भुगतान और सम्मानपूर्ण व्यवहार की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर हरदीप सिंह ने कहा कि यदि इन मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो सेवानिवृत्त कर्मचारी सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

### गगरेट ट्रांसपोर्ट चुनाव में छह वार्डों में कड़ी टक्कर

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** जिला ऊना की सबसे बड़ी द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट की प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए छह वार्डों में आमने-सामने टक्कर होगी। वार्ड नंबर चार से केवल एक नामांकन-पत्र दाखिल होने के कारण सोसायटी के निवर्तमान प्रधान सतीश गोगी को सर्वसम्मति से प्रबंधन समिति का सदस्य चुन लिया गया। वहीं, अन्य वार्डों में नामांकन-पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि 9 अक्तूबर को समाप्त होने के बाद कोई प्रत्याशी नामांकन वापस नहीं ले सका, जिससे छह वार्डों में दो-दो प्रत्याशी मैदान में डटे हैं। प्रबंधन समिति के चुनाव में ज्यादातर पुराने धुरंधर ही किस्मत आजमा रहे हैं। वार्ड नंबर एक में राकेश कुमार और पवन कुमार के बीच मुकाबला है, जिसमें पवन कुमार वर्तमान सदस्य हैं जबकि राकेश पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड नंबर दो में निवर्तमान सदस्य राज कुमार और विनय कुमार के बीच कड़ी टक्कर होगी। वार्ड नंबर तीन में राम कुमार का मुकाबला विक्रम ठाकुर से है। वार्ड पांच में उपाध्यक्ष संजय कुमार और सुखदेव सिंह, वार्ड छह में बलकार सिंह और शशी पाल तथा वार्ड सात में अभिनव पुरी और परमजीत सिंह के बीच सीधी टक्कर है। नामांकन-पत्र वापसी के बाद सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी वितरित कर दिए गए हैं। प्रबंधन समिति के सदस्यों के चयन के लिए मतदान 17 अक्तूबर को होगा, जिसके बाद मतगणना भी की जाएगी। प्रत्याशी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। चुनाव अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए कड़े प्रबंध किए हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में ऊना जिला अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और कीर्तिमान स्थापित किया है।

वर्ष 2024-25 में जिले के 73 स्वास्थ्य संस्थानों को कायाकल्प पुरस्कार से नवाजा गया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए जिले को 53.85 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्राप्त हुई है। वीरवार को जोनल अस्पताल के सभागार में जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति और जिला पुरस्कार समिति की बैठक में उपायुक्त जतिन लाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऊना जिला बीते वर्षों में लगातार उत्कृष्ट कार्य करते हुए प्रदेश में सर्वाधिक कायाकल्प अवार्ड प्राप्त करने वाला जिला बना है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर से बेहतरीन बनाने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य और शिक्षा सामाजिक सुरक्षा के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। जब हम गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। उन्होंने



जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति और जिला पुरस्कार समिति की बैठक में डीसी जतिन लाल स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को सम्मानित करते हुए।

कहा कि प्रगतिशील समाज वही होता है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है, और जिला ऊना इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि जिला ऊना के 73 स्वास्थ्य संस्थान राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के आधार पर राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय चयन टीम द्वारा कायाकल्प अवार्ड के लिए चयनित किए गए। यह चयन एक्सटर्नल असेसमेंट प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले ने साल दर साल स्वास्थ्य सेवाओं के मानकों पर गुणवत्ता विकास किया है और हर साल अलग अलग श्रेणियों में अवॉर्ड की संख्या प्राप्ति में भी बढ़ोतरी की है।

बैठक में स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखदीप सिंह सिद्धू ने अधिकारियों का परिचय कराया, जबकि जिला सलाहकार अधिकारी डॉ. रमन कुमार संदल ने स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रगति और विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी, सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और मिशन से जुड़े अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ.संजय मनकोटिया, क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र छैब के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव गुर्ग, सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखदीप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंकित चौधरी उपस्थित रहे।

# अंबोटा स्कूल को मिला सीबीएसई पैटर्न में शामिल होने का गौरव

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**



ऊना जिले के गगरेट क्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा को सीबीएसई पैटर्न में शामिल किया जाना स्कूल के लिए गर्व की बात है।

इस खबर से प्रबुद्ध अभिभावक वर्ग, स्कूल स्टाफ और छात्र सभी में खुशी की लहर दौड़ गई है। ध्यान देने योग्य है कि सरकारी क्षेत्र में छात्रों के सशक्त भविष्य के लिए बेहतर शिक्षा का लक्ष्य लेकर विद्यालय का कुशल प्रबंधन और संचालन गगरेट क्षेत्र के लिए एक मिसाल बन चुका है। जहां कई विद्यालयों में छात्र संख्या कम होने के कारण बंदी हो रही है, वहीं कई स्कूलों में छात्र संख्या लगातार घट रही है। कुछ विद्यालय केवल छात्रों की उपलब्धियों को सुर्खियों में लाते हैं, लेकिन अम्बोटा विद्यालय अपने काम और कुशल संचालन से उत्कृष्टता स्थापित कर रहा है। अंबोटा सरकारी स्कूल के केवल 3 किलोमीटर के दायरे में लगभग चार-पांच प्राइवेट स्कूल हैं, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता के कारण यहां के छात्र निजी स्कूलों की ओर आकर्षित नहीं हो पा रहे हैं। इस विद्यालय की स्थापना वर्ष 1947 में हुई थी और वर्तमान में इसमें कुल 597 छात्र अध्ययनरत हैं, जिनमें 322 लड़के और 275 लड़कियां शामिल हैं।

वर्ष 1989 में इस स्कूल को 10वीं कक्षा का दर्जा मिला था। अम्बोटा स्कूल पिछले तीन वर्षों से शिक्षा बोर्ड की टॉप-20 में नाम दर्ज करवा चुका है। स्कूल का अपना विशाल खेल मैदान है, जहां फुटबॉल, कबड्डी जैसे खेलों में छात्र ब्लॉक, जिला और नेशनल स्तर पर चयनित होते रहे हैं। वर्ष 2024-25 में विद्यालय के छात्र ने चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस जूनियर विंग में जिला स्तरीय विजेता का खिताब जीता है। कार्यकारी प्रिंसिपल पूजा शर्मा और स्टाफ का कहना है कि विद्यालय में पढ़ रहे छात्रों का भविष्य सशक्त बनाने के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# चूरूडू में 15 व 16 अक्तूबर को नामी पहलवानों के बीच होंगी जोरदार कुश्तियां

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** उपमंडल अंब के तहत गांव चूरूडू में पारंपरिक खेल कुश्ती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी 15 व 16 अक्तूबर को एक भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है।

दंगल आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रधान सतपाल पठानिया, उपप्रधान अश्वनी कुमार तथा समस्त कमेटी सदस्यों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन संबंधी सभी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि इस बार दंगल को और भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक दर्शक और पहलवान इसमें भाग ले सकें। कमेटी ने बताया कि इस बार दंगल में देशभर के नामी पहलवान अपने दांव-पेच दिखाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। मुख्य आकर्षण सेमीफाइनल मुकाबले पर 41,000 व फाइनल मुकाबले पर 61,000 के नकद पुरस्कार रहेंगे। इसके अलावा अन्य वर्गों में भाग लेने वाले विजेता पहलवानों के लिए भी आकर्षक इनाम रखे गए हैं। प्रधान सतपाल पठानिया ने बताया कि खेल हमारे समाज और युवाओं को अनुशासन, शक्ति और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। दंगल आयोजन की सभी तैयारियां जोरों पर हैं। मैदान की साफ-सफाई, मंच निर्माण और दर्शक व्यवस्था का कार्य तेजी से किया जा रहा है। आयोजन समिति का कहना है कि इस दंगल को यादगार बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# बस और स्कूटी की टक्कर में युवक घायल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** भरवाईं ज्वाला जी मार्ग पर वीरवार दोपहर समनोली चौक के पास सड़क हादसा हुआ है। बस और स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर हो गई। बस ढलियारा से वाया कड़ोआ तलवाड़ा की ओर जा रही थी, जबकि स्कूटी सवार युवक देहरा की दिशा में जा रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोग घबराकर मौके पर दौड़ पड़े। हादसे में स्कूटी सवार अंशु कुमार, निवासी गांव मुल धार देहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के दुकानदारों और आपदा मित्र मयंक शर्मा ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को जदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही चिंतपूर्णी पुलिस ट्रैफिक इंचार्ज दीपक राणा अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए।

# डीसी ने किया तंबाकू मुक्त युवा अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के सभागार से जिलाव्यापी 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' का शुभारंभ किया। यह 60 दिवसीय अभियान आगामी 8 दिसंबर तक चलेगा।

इस अवसर पर डीसी ने कहा कि तंबाकू सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि समाज की सामूहिक ऊर्जा और उत्पादकता को भी कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि इस सामाजिक बुराई से निपटने के लिए सभी विभागों, संस्थानों, पंचायतों और नागरिक संगठनों का एकजुट प्रयास आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को अभियान की सफलता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि हर व्यक्ति की सहभागिता से ही तम्बाकू मुक्त ऊना-तंबाकू मुक्त हिमाचल का


तंबाकू मुक्त युवा अभियान के शुभारंभ के मौके पर मौजूद डीसी व अन्य।

संकल्प साकार हो सकता है। उपायुक्त ने पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों और युवाओं से आग्रह किया कि वे तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जन-जागरूकता फैलाने और समाज में नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयासों में सहयोगी बनें। उन्होंने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान प्रमाणन तथा तम्बाकू मुक्त ग्राम एवं पंचायत प्रमाणन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ठोस और परिणामोन्मुख पहल करने पर भी बल दिया। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि विभिन्न तंबाकू निषेध अधिनियमों का प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करें और सोशल मीडिया मंचों का उपयोग करते हुए व्यापक जनसंपर्क और प्रचार-प्रसार करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया, क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र छेब के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव गर्ग, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखदीप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंकित चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ नाटकों से दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के दूसरे चरण के चौथे दिन शुक्रवार को पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा के कलाकारों ने उपमंडल हरोली की ग्राम पंचायत खड्डु खास और कुंगडत में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक न्याय की पहलों और नशा निवारण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग और अल्पसंख्यक वर्गों के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र युवाओं को डीसीए और पीजीडीसीए कोर्स की सुविधा


नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए कलाकार।

उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसमें प्रशिक्षण के दौरान मासिक भत्ता और प्लेसमेंट स्टाइपेंड का भी प्रावधान है। दिव्यांग और एकल महिलाओं को विशेष भत्ते भी दिए जाते हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, और सुरक्षा योजना जैसी अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। नाटकों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों पर गहरी चोट करते हुए कलाकारों ने बताया कि नशा सिर्फ व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को खोखला करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

इस अवसर पर कुंगडत पंचायत की सचिव किरणा देवी, वार्ड सदस्य निर्मल देवी, रूप कुमारी, खड्डु खास से गुरपाल सिंह और कमला देवी सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# 180 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हरोली।** सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और प्रयास सोसायटी के सहयोग से सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम द्वारा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीटन में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बच्चों और अध्यापकों सहित कुल 180 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। टीम ने प्रतिभागियों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवाइयां और परामर्श सेवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम में डॉ. प्रदीप कुमार, मुनीश, रुचि और निहाल सिंह ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार व नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही, बच्चों को पोषण व आहार के विषय पर विशेष रूप से जागरूक किया। डॉक्टरों ने बताया कि संतुलित आहार व उचित पोषण से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक विकास और एकाग्रता में भी सुधार होता है।

# ऊना जिले में 13 से 17 तक मनाया जाएगा सीपीआर जागरूकता सप्ताह

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में 13 से 17 अक्तूबर तक सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा।

यह कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना द्वारा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में, हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के निर्देशानुसार पूरे जिले में आयोजित किया जा रहा है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं सीपीओ संजय संख्यान ने बताया कि इस अवधि के दौरान जिले के विभिन्न सरकारी महाविद्यालयों में सीपीआर प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें प्रतिभागियों को जीवनरक्षक तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाना है। उन्होंने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना, डॉ. एसके वर्मा ने सीपीआर प्रशिक्षण के लिए चिकित्सकों की तैनाती के आदेश जारी किए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 अक्तूबर को राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना में डॉ. चेतन मोदगिल, 14 अक्तूबर को एबीवी राजकीय डिग्री कॉलेज बंगाणा में डॉ. अशोक कुमार, 15 को डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली में डॉ. इंगित परमार, 16 को महाराणा प्रताप राजकीय डिग्री कॉलेज अंब में डॉ. रूपिंदर शर्मा तथा 17 को राजकीय डिग्री कॉलेज दौलतपुर चौक में डॉ. विनय कुमार सीपीआर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव ने सभी संबंधित कॉलेज प्राचार्यों से अपने-अपने संस्थानों में इन प्रशिक्षण शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने और प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत प्रतिभागियों की रिपोर्ट कार्यालय को भेजने का आग्रह किया है।

**आयोजन** रायपुर मैदान में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

# शिविर से छात्रों के व्यक्तित्व विकास की उम्मीद

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों में सेवा, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक चेतना और नैतिक मूल्यों का विकास करना है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होते हैं। कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि इस शिविर में छात्रों को शिक्षा, स्वच्छता, नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता, प्लास्टिक का बहिष्कार, सड़क सुरक्षा, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, प्राकृतिक खेती और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जाएगी। साथ ही युवाओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारण और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा।


एनएसएस कैंप में सफाई करते स्वयंसेवी।

स्वयंसेवियों ने भी शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेवी सानिया और कोमल ने कहा कि यह शिविर आत्मविकास और राष्ट्र सेवा की भावना को समझने का सुनहरा अवसर है। प्रभजोत सिंह और संजीव कुमार ने बताया कि एनएसएस उन्हें नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि शिविर के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में रैलियां, स्वच्छता अभियान, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिताएं, समूह चर्चा और व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज में जागरूकता बढ़े। प्रवक्ता शोभा रानी ने कहा कि सेवा परमो धर्म के सिद्धांत को अपनाते हुए यह प्रयास समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर शिक्षक और छात्रगण उपस्थित रहे। यह शिविर न केवल छात्रों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा, बल्कि स्थानीय समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता में धर्मपुर स्कूल ने किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हरोली**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धर्मपुर ने हाल ही में थानाकलां में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर कई खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं। विद्यालय की जूडो टीम, कुराश टीम और वॉलीबाल टीमों ने विभिन्न आयु वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए हैं।

सीएचटी राकेश, प्रवक्ता अनु अंगरा, प्रवक्ता नीरज, प्रवक्ता सुरिंदर, टीजीटी छिंदो, टीजीटी पूनम, शास्त्री संतोष, आईटी अध्यापिका ज्योति, आईसीटी शिक्षिका ऋतिका तथा वोकेशनल ट्रेनर योगेश ठाकुर ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। खास तौर पर खेल शिक्षक डीपीआई संजय कुमार को उनके अथक प्रयासों और मार्गदर्शन के लिए बधाई दी गई, जिनकी मेहनत से यह गौरवपूर्ण उपलब्धियां संभव हो सकीं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रदीप सैनी ने सभी विजयी खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि विद्यालय खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पंचायत प्रधान सुभद्रा देवी व उपप्रधान राजीव शर्मा ने विजयी विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे परिणाम गांव और क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है।

उन्होंने भविष्य में भी छात्रों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।विद्यालय के अंडर-19 राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए सुनाक्षी और अंशिका का चयन हुआ है। अंडर-14 जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हिमानी, रुहानी, महिमा और गौरी ने भाग लेने का मौका पाया है। अंडर-14 राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए कार्तिक सैनी और दर्श का चयन हुआ है। अंडर-19 राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए कुणाल और चेतन ने जगह बनाई है। अंडर-19 लड़कियों में तान्या को जूडो के अलावा कुश्ती और कुराश की प्रतियोगिताओं में भी चयन मिला है। उम्र वर्ग 19 की लड़कियों में चेतना चौधरी और कंचन राणा का चयन जूडो और कुराश दोनों में हुआ है।

### वीरेंद्र कंवर का दावा, इस वर्ष दिसंबर में नहीं होंगे पंचायत चुनाव

# हार के डर से आपदा का हवाला देकर एक वर्ष के लिए पंचायतीराज चुनाव टालेगी सुक्खू सरकार

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** बंगाणा में मीडिया से रूबरू होते हुए हिमाचल प्रदेश के पूर्व पंचायती राज मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कंवर ने बड़ा दावा किया है कि इस वर्ष दिसंबर में प्रस्तावित पंचायत चुनाव अब नहीं होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार संभावित हार के डर से चुनावों को एक वर्ष तक टालने की योजना बना रही है।

वीरेंद्र कंवर ने बताया कि परंपरागत रूप से हर चुनावी वर्ष में 25 सितंबर तक पंचायतों का रोस्टर जारी हो जाता था, लेकिन इस बार आधा अक्तूबर बीत जाने के बाद न तो रोस्टर जारी हुआ है और न ही चुनावी लिस्ट संबंधित विभागों तक पहुंची है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत ही नहीं हुई, तो दिसंबर में चुनाव कराना संभव नहीं है। कंवर ने कहा कि पंचायती राज विभाग और राज्य चुनाव आयोग दोनों असमंजस की


बंगाणा में मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कंवर व अन्य।

स्थिति में हैं क्योंकि सरकार की ओर से कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए गए हैं। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार जानबूझकर आपदा का बहाना बना रही है जबकि राज्य की स्थिति सामान्य है।

उन्होंने कहा कि सरकार जनता के मूड को समझ चुकी है और भाजपा समर्थक उम्मीदवारों के पक्ष में है। इसलिए सरकार हार के डर से लोकतांत्रिक प्रक्रिया से भाग रही है। उन्होंने कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक निदेशक मंडल के चुनाव टालने के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि पंचायत चुनाव को भी टालने की कोशिश की जा रही है। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि पंचायत चुनाव न कराना लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है और ग्रामीण जनता के अधिकारों से खिलवाड़ है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाकर सरकार की पोल खोलेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चुनाव टाले गए तो भाजपा कानूनी और जन आंदोलन दोनों माध्यमों से विरोध करेगी। इस मौके पर भाजपा नेता चरणजीत शर्मा भी मौजूद रहे। प्रदेश की राजनीति में वीरेंद्र कंवर के इस बयान ने नई हलचल पैदा कर दी है, अब यह देखना बाकी है कि सुक्खू सरकार इस पर क्या रुख अपनाती है।

# 5 दिन बाद खिली धूप, बारालाचा पहुंचे डोजर आज बहाल हो सकता है मनाली-लेह मार्ग

## लेह जाने वाले सोलंग व दारचा, जबकि लेह से आने वाले वाहन रुके हैं उपसी व सरचू में

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

पांच दिन बाद मौसम ने करवट बदली और लाहौल सहित मनाली में धूप खिली।

मौसम खुलते ही बीआरओ ने आज मनाली से लगभग 100 किमी दूर दारचा से मनाली लेह मार्ग बहाली की शुरुआत की। बीआरओ को दारचा से लगभग 15 किमी आगे तक इतनी मेहनत नहीं करनी पड़ी लेकिन उसके आगे लगभग ढाई फीट बर्फ हटाकर बीआरओ की मशीनें आगे बढ़ी। बीआरओ एक ही दिन के भीतर दारचा से लगभग 50 किमी दूर बारालाचा दर्रे में जा पहुंचा है। बीआरओ के बारालाचा पहुंचते ही शुक्रवार को मनाली लोग मार्ग की बहाली की उम्मीद बढ़ गई है। मनाली से लेह जाने वाले बड़े लगभग ढाई सौ वाहन सोलंग व दारचा में रुके हुए है। जबकि छोटे वाहन मनाली में ही सड़क बहाली का इंतजार कर रहे है। दूसरी ओर लेह से आने वाले वाहन उपसी व सरचू में रुके हुए है। गत पांच दिन से जगह जगह चार सौ से अधिक वाहन चालक फंसे हुए है। लेह मार्ग के साथ साथ मनाली जांस्कर व मनाली काजा मार्ग पर भी सफर करने वाले शिंकुला व बारालाचा दर्रे की बहाली का इंतजार कर रहे है। सरचू में बंगाल के चार पर्यटक भी रुके हुए है। हालांकि उनको लेने केलंग से डीडीएमए की टीम गई हुई है लेकिन उनके लाने बारे अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। बीआरओ अधिकारी ने बताया कि उनके डोजर बारालाचा दर्रे में पहुंच गए हैं।

उन्होंने बताया कि मौसम ने साथ दिया तो आज देर रात तक मनाली लेह मार्ग को बहाल कर लिया जाएगा। वाहनों की आवाजाही शुक्रवार को होने की उम्मीद है।



पांच दिन बाद मौसम ने करवट बदली और लाहौल सहित मनाली में धूप खिली, बीआरओ ने मनाली-लेह मार्ग बहाली की शुरुआत की।

# आपदा जोखिमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध मन्नत कला मंच ने वीरवार को लोगों को नुक्कड़ नाटकों के जरिये जागरूक किया।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा प्रबंधन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान समर्थ के तहत कला केंद्र तथा प्रदर्शनी मैदान में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटकों के जरिये आपदा जोखिम न्यूनीकरण और आपदा पूर्व तैयारी के महत्व को दर्शाया। कलाकारों ने भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, असुरक्षित निर्माण और आग जैसी आपदाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये। नाटकों का उद्देश्य सरल और मनोरंजक तरीके से लोगों को यह समझाना था कि आपातकाल में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहयोग से पूरे प्रदेश में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

# .....सजना है मुझे सजना के लिए

## करवाचौथ पर महिलाओं का साजन के लिए सजना हुआ महंगा



जिला मुख्यालय कुल्लू के लोअर ढालपुर बाजार में करवाचौथ के लिए हाथों में मेहंदी लगाती हुई महिलाएं।

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू। साजन के लिए, सजना व पति की लंबी आयु की दुआ करने को लेकर समर्पित करवाचौथ पर्व से एक दिन पूर्व वीरवार को जिला कुल्लू की सुहागिनों ने अपने साजन के लिए सोलह शृंगार के सामान की खूब खरीदारी की।

जिले के सभी बाजारों में खूब रौनक दिखी। ब्यूटी पार्लर से लेकर बाजार में खरीदारी और मेहंदी लगवाने के लिए हर तरफ महिलाओं की खूब चहल-पहल दिखी। शहर के बाजारों में जगह-जगह पर लगी दुकानों पर मिट्टी के करवा, ज्वैलरी शॉप व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकानों पर मनपसंद आभूषण खरीदने के लिए भीड़ लगी रही। वहीं, बिंदिया से लेकर चुड़ियां, मेंहदी, मशकारा, काजल, ज्वैलरी, कपड़े सहित अन्य सजने संवरने के सामान की खरीददारी के लिए महिलाओं का मनियारी के अलावा मेंहदी की दुकानों, नारियल, करवा, छननी सहित अन्य चीजों में तांता लगा रहा। व्रत रखने से पहले उपयोग होने वाली खाद्य वस्तुए जैसे सेवियां, मठियां व अन्य मिठाइयां भी खरीदी।

महिलाओं ने अंतराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में सजने वाले व्यापारिक मेले में जहां करवाचौथ की खरीददारी वहीं, बाजारों में भी खूब चहल पहल दिखी। जिला के लोअर ढालपुर सहित अखाड़ा बाजार, भुंतर, मणिकर्ण, आनी, बंजार व सैंज सहित अन्य जगहों पर करवाचौथ की खरीददारी को भारी भीड़ दिखी।

# तीर्थन घाटी में आपदा के बाद हालात बदतर पर्यटन और बागवानी को भारी नुकसान

अनंत ज्ञान, तीर्थन

जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी में हाल ही में हुई भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।

इस प्राकृतिक आपदा ने न केवल सड़कों और घरों को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि पर्यटन और सेब सीजन को भी गहरी चोट दी है। घाटी के लोगों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल बंजार से बठाहड़ तक की सड़क छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दी गई है, लेकिन अब तक नियमित बस सेवा शुरू नहीं हो सकी है। ट्रायल के तौर पर एक-दो बार बस गुशैनी तक जरूर गई, लेकिन आम लोगों को निजी गाड़ियों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जो महंगा साबित हो रहा है। गुशैनी से पेखड़ी, देहुरी से कलवारी शनाढ, बठाहड़ से मशयार और शर्ची जैसे क्षेत्रों की सड़कों की हालत बेहद खराब है। मरम्मत कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिससे पर्यटन व्यवसाय लगभग ठप हो गया है। पहले जहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते थे, अब गिनती के पर्यटक ही घाटी का रुख कर रहे हैं। किसानों और बागवानों की भी हालत खस्ता है।

खराब सड़कों के चलते ग्राम पंचायत शर्ची, शिल्ली, मशयार, तुंग, नोहंडा आदि क्षेत्रों में सेब और सब्जियां खेतों में ही सड़ गई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की सुस्ती और मशीनों की कमी के चलते सड़कें अब तक पूरी तरह बहाल नहीं हो पाई हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से खराब फसलों का उचित मुआवजा देने और जल्द सड़क व बस सेवा बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्दी कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। लोक निर्माण विभाग बंजार के अधिशाषी अभियंता चमन ठाकुर ने बताया कि बंजार से गुशैनी तक बस योग्य सड़क तैयार है और जल्द ही बस सेवा बहाल कर दी जाएगी। नगलाड़ी से शर्ची तक 3 किलोमीटर सड़क बहाली का कार्य शेष है, जहां एक बड़ी चट्टान को हटाने की प्रक्रिया जारी है।

# भाजयुमो के पूर्व मंडल अध्यक्ष की सड़क हादसे में मौत

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

आनी। दलाश-अमरबाग-चवाई सड़क मार्ग पर बुधवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) आनी मंडल के पूर्व अध्यक्ष योगेश परमार (36) पुत्र स्व. प्रदीप परमार निवासी थरोग, तहसील आनी की मौत हो गई।

हादसा दलाश के समीप शाड़ू मोड़ पर उस समय हुआ जब उनकी महिंद्रा एक्सयूवी 500 कार अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकरा गई और बीच सड़क पर पलट गई। हादसे में योगेश परमार के सिर पर काफी गहरी चोट लगी थी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास घटित हुआ है। योगेश परमार दलाश की ओर से अपने घर लौट रहे थे कि अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठे, जिससे कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।



सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वीरवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया।

योगेश परमार भाजपा के सक्रिय और कर्मठ युवा नेताओं में गिने जाते थे। वे भाजपा मंडल आनी के पूर्व अध्यक्ष होने के साथ-साथ एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के पूर्व चेयरमैन अमर ठाकुर के भांजे भी थे। वहीं एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि मृतक के परिजनों को फौरी राहत के तौर पर 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की है।

### विधायक लोकेंद्र ने जताया शोक

भाजपा विधायक लोकेंद्र कुमार योगेश परमार के पैतृक गांव थरोग उनके अंतिम संस्कार में पहुंचे और उन्होंने योगेश परमार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि योगेश परमार के निधन से भाजपा परिवार और क्षेत्र को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। विधायक के साथ भाजपा मंडल आनी अध्यक्ष वेद ठाकुर, दलाश मंडल अध्यक्ष विवेक वर्मा, बीडीसी निरमंड चेयरमैन दलीप ठाकुर तथा क्षेत्रवासियों ने भी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन को लेकर बैठक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। मनाली में 20-21 नवंबर, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडॉप्शन ऑफ मॉर्डन टेक्नोलॉजी इन लैंड एडमिनिस्ट्रेशन इन इंडिया को लेकर उपायुक्त कुल्लू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। यह सम्मेलन हिमाचल प्रदेश भूमि अभिलेख निदेशालय द्वारा आयोजित किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत सरकार सहित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 120 प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। साथ ही हिमाचल प्रदेश से 40 वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी सम्मेलन में भाग लेंगे। बैठक में एडीसी अश्वनी कुमार, जिला राजस्व अधिकारी गणेश ठाकुर, सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर व जिला पर्यटन अधिकारी रोहित शर्मा मौजूद रहे।

# आपदा में भी भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रही सुक्खू सरकार: गोविंद ठाकुर

अनंत ज्ञान, मनाली

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर आपदा को भ्रष्टाचार का अवसर बनाने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की यह सरकार न केवल नाकाम साबित हुई है, बल्कि आपदा राहत के नाम पर लूट का खुला खेल खेल रही है।

उन्होंने कहा कि जब प्रदेश के लोग आपदा से जूझ रहे थे, तब कांग्रेस के नेता और उनके चहेते ठेकेदार आपदा में पैसा कमाने की योजना बना रहे थे। यह जनता के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले में बैली ब्रिज लगाने के अनेक कार्य नियमों और प्रक्रिया के विपरीत किए जा रहे हैं। मणिकर्ण घाटी के जच्छनी में पुल का निर्माण 29 सितंबर को पूरा कर यातायात शुरू कर दिया गया, जबकि इसका टेंडर नोटिस 24 सितंबर को जारी हुआ और टेंडर खोलने की तिथि 6 अक्तूबर रखी गई है, जब काम पहले ही पूरा हो गया था, तो टेंडर की यह प्रक्रिया केवल भ्रष्टाचार को छिपाने की कागजी चाल है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के पास अपनी अनुभवी टीम और संसाधन हैं, जो ऐसे कार्य कम लागत में गुणवत्तापूर्वक कर सकती है। इसके बावजूद ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों की अनदेखी की गई।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक उदाहरण नहीं है बल्कि 2023 और 2025 की आपदाओं में ऐसे कई कार्य पहले करवाकर बाद में अपने चहेते ठेकेदारों के नाम पर टेंडर जारी करने की प्रवृत्ति अपनाई गई है। पूर्व मंत्री ने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों तथा ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा इस भ्रष्टाचार को जनता के सामने लाएगी और सुक्खू सरकार के इस काले अध्याय को उजागर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

# डीसी ने बहाली कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू में मानसून के दौरान आई भीषण प्राकृतिक आपदा के उपरांत राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु उपायुक्त तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आपदा के बाद जारी राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की।



उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश अधिकारियों से चर्चा करती हुई।

बैठक में एडीसी अश्वनी कुमार, एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर, जिला राजस्व अधिकारी गणेश ठाकुर सहित लोक निर्माण, जलशक्ति, विद्युत, एनएच, शिक्षा, कृषि, उद्यान आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम मनाली, आनी, बंजार और निरमंड वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उपायुक्त ने जिले में सड़कों, पुलों और परिवहन सुविधाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि प्रमुख पर्यटन स्थलों और ग्रामीण संपर्क सड़कों की शीघ्र मरम्मत कर बसों की आवाजाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने औट-बंजार-आनी एनएच पर टारिंग व सुधार कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए कि जिन लोगों के घर, दुकानें, पशुशालाएं या कृषि भूमि भूस्खलन से प्रभावित हुई हैं, उनकी रिपोर्ट शीघ्र जिला प्रशासन को भेजी जाए। साथ ही किराया भत्ता पात्र परिवारों को देने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा गया। जलशक्ति विभाग को सभी पेयजल योजनाओं की जांच, जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सीवरेज मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दुर्गम क्षेत्रों में समय पर राशन, एलपीजी, जलावन लकड़ी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि मानसून से अधोसंरचना को व्यापक नुकसान पहुंचा है, लेकिन प्रशासन सभी विभागों के सहयोग से जनजीवन को शीघ्र सामान्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी अधिकारियों को राहत कार्यों में पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करने को कहा।

# निरमंड कॉलेज में आयोजित हुई 100 रत्न स्कॉलरशिप परीक्षा

अनंत ज्ञान आनी

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा क्रैक अकादमी के सहयोग से शुरू की गई 100 रत्न स्कॉलरशिप टेस्ट योजना के तहत सरकारी महाविद्यालय, निरमंड में आज छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा का उद्देश्य प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना है।

कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश के दिशा-निर्देशानुसार क्रैक अकादमी के सहयोग से किया गया। परीक्षा में कुल 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें बीए प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। परीक्षा में सामान्य ज्ञान, गणित, अंग्रेजी, भारतीय राजनीति, अर्थव्यवस्था, विज्ञान और हिमाचल प्रदेश के इतिहास एवं संस्कृति से जुड़े प्रश्न पूछे गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजन देवी नेगी, परीक्षा संयोजक कैप्टन संदीप कुमार ठाकुर, क्रैक अकादमी की प्रतिनिधि सुश्री गीतांजलि शुक्ला तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. नेगी ने कहा कि यह परीक्षा विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 25 चयनित विद्यार्थियों को 100 फीसदी, अगले 50 को 75 फीसदी और उसके बाद के 100 विद्यार्थियों को 50 फीसदी छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को क्रैक अकैडमी के ऑनलाइन या ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर कोचिंग सुविधा दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी महाविद्यालयों से आग्रह किया है कि वे विद्यार्थियों को इस परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक छात्र इस योजना का लाभ उठा सकें।

# स्वयंसेवियों ने तंबाकू मुक्त युवा कैंपेन के अंतर्गत निकाली रैली

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायसन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान तंबाकू फ्री यूथ अभियान चलाया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के नग्गर खंड से हेल्थ एजुकेटर ममता चौहान स्त्रोत व्यक्ति के रूप में मौजूद रहीं और स्वयंसेवियों के साथ तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन चलाया।

इसमें 51 स्वयंसेवियों ने विद्यालय से लेकर छाटनसेरी बाजार तक टोबैको फ्री यूथ कैंपेन की रैली निकाली। उन्होंने स्वयंसेवियों को नशे से हो रही बीमारियों तथा नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया तथा नशे से दूर रहने तथा समाज को भी जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर सीता नाल्ड वयस्क परामर्श दाता तथा सहयोगी स्वर्णा भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने बच्चों को वयस्क आयु वर्ग में आने वाली समस्याओं तथा उसके निदान के बारे में जागरूक करवाया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रायसन के कार्यक्रम अधिकारी भेद राम ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान इस शिविर के सहयोगी मित्रभूषण कार्यालय अधीक्षक, बलदेव कृष्ण प्रवक्ता राजनीति शास्त्र, सुरेश कुमार प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस, पंकज नेगी वरिष्ठ सहायक, मधु नेगी कनिष्ठ कार्यालय अधिकारी तथा विमला देवी सेवादार भी उपस्थित रहे।




तंबाकू फ्री यूथ अभियान के तहत निकाली गई रैली के दौरान स्वयंसेवी व अन्य गणमान्य।

# रफ्तार के शौकीनों के लिए रैली ऑफ हिमालया का आगाज

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान



मनाली। हिमाचल प्रदेश के मनाली में रफ्तार के शौकीन लिए रैली ऑफ हिमालया का वीरवार से आगाज हो गया है।

मनाली विधानसभा क्षेत्र से विधायक भुवनेश्वर गौड ने आज इसका 15 मील से फ्लैग ऑफ कर शुभारंभ किया। शुक्रवार से तीन दिवसीय इस रैली मे देश भर के करीब 140 के करीब प्रतिभागी दमखम दिखाएंगे। जिसमें 137 के करीब पुरुष और 3 महिलाएं भी भाग ले रही हैं। इस दौरान रैली ऑफ हिमालय के आयोजक सुरेश राणा ने बताया कि मनाली मे आयोजित हो रही इस रैली का मुख्य उद्देश्य मनाली के पर्यटन को बढ़ावा देना, सडक सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों का पालन करना महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना व मोटर्स स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना। उन्होने कहा कि पिछले पांच वर्षो से वह इस रैली का आयोजन करते आए है। इस वर्ष यह इसका यह पांचवा संस्करण है। उन्होंने कहा कि इस रैली मे गाड़ियों कि 6 कैटिगरी और जबकि बाइक मे 16 कैटिगरी मे आयोजित कि जा रही है। पहले दिन यह रैली मनाली के कोठी से आरम्भ होकर मढ़ी पहुंचेगी और उसके पश्चात मढ़ी से वापस कोठी व कोठी से वापिस मढ़ी पहुंचेगी और वहां पर इसका समापन होगा। यह 40 किलोमीटर कि होंगी, जबकि दूसरे और तीसरे दिन कि प्रतियोगिता मौसम पर निर्भर रहेगी। वहीं, फ्लैग ऑफ सेरेमनी में पहुंचे। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से मनाली में पर्यटन कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा की वैल्यू ऑफ हिमालय के आयोजक श्रेष्ठ ने स्वयं भी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। और बड़ी खुशी होती है इस तरह के इवेंट्स करके वह जो हमारा लोकल यूथ है उन्हें भी मोटिवेट कर रहे हैं उन्होंने आयोजकों को इस रैली के आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

**आयोजन** विधायक ने की परियोजना सलाहकार समिति और साडा पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता

# विकासात्मक कार्यों पर व्यय किए जा रहे 16.67 करोड़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने वीरवार को उपमंडल मुख्यालय काजा के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में परियोजना सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। विधायक अनुराधा राणा ने सर्वप्रथम विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ गत बैठक में जारी किए दिशा-निर्देशों की वित्तीय एवं भौतिक कार्यों का ब्यौरा मांगा और कहा कि विकासात्मक कार्यों को तेज गति प्रदान करने के साथ किए जा रहे कार्यों के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

अनुराधा राणा ने जानकारी देते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्र काजा उपमंडल के तहत विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर 16 करोड़ 67 लाख रुपए की धनराशि इस वित्तीय वर्ष में खर्च की जा रही है, ताकि इस क्षेत्र के लोगों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक में उन्होंने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने व निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए और शेष अन्य निर्माण कार्यों को शुरू करने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को औपचारिकताएं जल्द पूर्ण करने को कहा। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को घाटी में मौसम व पर्यावरण आधारित पौधे लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों के द्वारा योजनाओं का प्रभावी तौर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाएं, ताकि आम जनमानस को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।



विधायक अनुराधा राणा शॉपिंग कांप्लेक्स का उद्घाटन करती हुई।

## काजा व ताबो में मल निकासी योजना के कार्य को करें शुरू

उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा घाटी में किए जा रहे सड़क निर्माण संबंधी कार्यों एवं भवन निर्माण संबंधी कार्यों तथा अन्य नवीनीकरण संबंधी विभिन्न विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग को क्षेत्र में चल रहे विद्युत संबंधित कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल शक्ति विभाग को काजा व ताबो में मल निकासी योजना के कार्य को शुरू करने और क्षेत्र में चल रही पेयजल व सिंचाई योजनाओं के कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि किसानों को उन्नत किस्म के मटर के बीज समय पर वितरित करें, ताकि किसानों को समय पर बीज उपलब्ध हो।

# स्पीति घाटी में एफआरए की ग्राम स्तर की कुछ कमेटियां निष्क्रिय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने वीरवार को एफआरए की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में स्थानीय लोगों ने विधायक से शिकायत की कि स्पीति घाटी में एफआरए की ग्राम स्तर की कुछ कमेटियां निष्क्रिय हो गई हैं। इस कारण ग्राम स्तर की कमेटियों से लोगों के वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत दावे उपमंडल स्तर की कमेटी तक समय पर नहीं पहुंच रहे हैं, जिसपर लोगों ने विधायक से अपील की है कि ऐसे निष्क्रिय कमेटियों को भंग कर नई कमेटियां गठित की जाएं, ताकि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लोगों के जमीन और मकान के दावों को समय पर उपमंडल स्तर की कमेटियों तक पहुंचाया जा सके। इस पर विधायक ने एफआरए कमेटी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के उपरांत उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित मामलों को जल्द निपटाया जाए और इस संबंध में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें ताकि पात्र लोगों को इसका लाभ मिले। इसके बाद विधायक अनुराधा राणा ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की बैठक की अध्यक्षता की तथा अधिकारियों को साडा के तहत कार्यान्वित की जा रही विकास गतिविधियों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त साडा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्थानों में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में काजा शहर को पर्यावरण संरक्षण, साफ सुथरा एवं इसके सौंदर्यीकरण को बनाए रखने के लिए बाहर से आने वाले आगंतुकों एवं पर्यटकों से पर्यावरण शुल्क लेने बारे विस्तृत चर्चा की गई। इन बैठकों का संचालन एसडीएम एवं एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना अधिकारी शिखा ने किया और विभिन्न विभागों के द्वारा चलाई जा रही विकासात्मक कार्यों की जानकारी दी। बैठक में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सेरतोलो, जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य केसंग रापचिक, सन्नी व छेवांग रिगजिन, प्रधान काजा सोनम डोल्मा आदि मौजूद रहे।

# बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर आरबीआई ने लगाए प्रतिबंध

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** त्योहारी सीजन में सोलन के बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के खाता धारकों की मुश्किलें बढ़ गई। भारतीय रिजर्व बैंक( आरबीआई) ने सोलन स्थित बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर बैंकिंग सेक्टर के नियमों के उल्लंघनों के चलते कड़े प्रतिबंध लागू किए हैं।

इससे खाताधारक और शेयर होल्डर को चिंता सताने लगी है कि उनके पैसों का क्या होगा। हालांकि, बैंक प्रबंधन का दावा है कि खाता धारकों का पैसा पूरी तरह सुरक्षित है। सिर्फ एनपीए की रिकवरी के लिए 6 महीने का समय दिया गया है, जिससे हासिल कर दिया जाएगा। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी आदेश में कहा कि बैंक की वित्तीय स्थिति और पर्यवेक्षण संबंधी हालात को देखते हुए ये कदम जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए उठाए गए हैं। आरबीआई के निर्देशों के तहत ग्राहक अब अपने खातों से अधिकतम 10 हजार तक ही राशि निकाल पाएंगे। यह सीमा बैंक के सभी खातों यानी बचत, चालू अथवा अन्य पर समान रूप से लागू होगी। इसके अलावा, बैंक को कोई नया ऋण या अग्रिम राशि स्वीकृत करने, किसी पुराने ऋण का नवीनीकरण करने या नई जमा स्वीकार करने की अनुमति नहीं होगी।




बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक। (फाइल फोटो)

## बैंक का लाइसेंस रद्द नहीं

**आरबीआई** ने स्पष्ट किया है कि इन उपायों का अर्थ बैंक का लाइसेंस रद्द किया जाना नहीं है, बल्कि यह एक सुरक्षात्मक कदम है, ताकि बैंक की तरलता और भुगतान क्षमता को संतुलित किया जा सके। जमाकर्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि उनकी जमा राशि 5 लाख तक इंश्योर्ड है, जिसके लिए वे डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन (डीआईसीजीसी) के तहत दावा कर सकते हैं।

## सुधारात्मक कदमों की होगी समीक्षा

**आरबीआई** ने कहा है कि बैंक की वित्तीय स्थिति पर करीबी नजर रखी जाएगी और सुधारात्मक कदमों की समीक्षा के बाद ही किसी तरह की ढील पर विचार किया जाएगा। फिलहाल बैंक के कामकाज पर लगाए गए ये प्रतिबंध अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेंगे।

## पहले भी लग चुका जुर्माना

**बघाट** अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का आरबीआई से विवाद नया नहीं है। जनवरी 2023 में, बैंक पर 8 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था, क्योंकि उसने सुपरवाइजरी एक्शन फ्रेमवर्क (एसएएफ) के तहत दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया था। अगस्त 2021 में, बैंक को 15 लाख रुपए का दंड झेलना पड़ा था, जब उसने एनपीए वर्गीकरण, परिसंपत्ति प्रावधान और रिपोर्टिंग मानकों का उल्लंघन किया था। इससे पहले अगस्त 2009 में भी, बैंक पर नॉन -एसएलआर लेनदेन नियमों का उल्लंघन करने पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया था।

## प्रतिबंध छह माह की अवधि के लिए लागू

**बैंक** अब नई देनदारियों भी नहीं ले सकेगा, जिसमें उधार लेना या नई प्रतिबद्धताएं शामिल हैं। ये सभी प्रतिबंध छह माह की अवधि के लिए लागू किए गए हैं और इस अवधि के दौरान बैंक की स्थिति की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। इस बीच बैंक के प्रबंध निदेशक राजकुमार ने कहा कि यह प्रतिबंध अभी केवल 6 माह के लिए ही लगाया गया है, लेकिन जमाकर्ताओं के पैसे बैंक में पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें उम्मीद है कि बैंक अगले 6 माह में अपनी सभी ऋणों की रिकवरी कर लेगा और इस बाधा को पार करने में सक्षम हो जाएगा।

## बैंक में जुटे खाताधारक हुए नाराज

**जिन** लोगों ने बच्चों की फीस, शादी, त्योहार या मकान के लिए वर्षों की जमा-पूंजी इस बैंक में रखी थी, अब वे अपने ही पैसे निकालने के लिए तरस रहे हैं। बैंक के बाहर भारी भीड़ व नाराज ग्राहकों के हंगामे का माहौल देखा जा रहा है। ग्राहकों ने बताया कि वे पैसे निकालने बैंक पहुंचे तो उन्हें पता चला कि अब छह महीने में केवल 10 हजार रुपए ही निकाले जा सकते हैं। उन्होंने इस पर गहरी चिंता जाहिर की है।

# करवा चौथ के लिए महिलाओं ने जमकर की खरीदारी

अनंत ज्ञान, सोलन

पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाने वाला करवा चौथ व्रत इस बार सोलन में धूमधाम से मनाया जा रहा है। 10 अक्टूबर को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर सोलन के बाजारों में पहले से ही महिला श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ देखी जा रही है। खरीदारी की सुविधा और भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने 9 और 10 अक्तूबर को माल रोड पर ट्रैफिक पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया है।

करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के प्रेम और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। हालांकि हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में यह परंपरा ज्यादा पुरानी नहीं है, लेकिन नवविवाहिता महिलाएं इसे खास उत्साह के साथ मनाती हैं। सोलन के बाजारों में इस अवसर पर गहनों की दुकानों पर भारी भीड़ लगी है, जहां सोने-चांदी के गहनों की खरीदारी हो रही है। साथ ही, रेडीमेड कपड़ों, कॉस्मेटिक्स, चूड़ी, मिठाई और गिफ्ट शॉप पर भी खरीददारों का तांता लगा हुआ है। करवा चौथ से एक दिन पहले मेहंदी लगाने वालों की दुकानें भी खास रौनक लिए रहती हैं। महिलाएं अपने हाथों पर पति के नाम की मेहंदी लगवाने को लेकर बेहद उत्साहित दिखाई देती हैं। इस वर्ष करवा चौथ का व्रत शुक्रवार, 10 अक्तूबर को रखा जाएगा। पंचांग के अनुसार पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5:57 बजे से लेकर 7:11 बजे तक रहेगा, जिसमें लगभग 1 घंटा 14 मिनट का समय शामिल है। चंद्रमा का उदय शाम 7:42 बजे होगा। इस व्रत को सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन महिलाएं चंद्रमा की पूजा कर पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन में खुशहाली की कामना करती हैं। साथ ही, वे देवी पार्वती के स्वरूप चौथ माता, भगवान शिव, कार्तिकेय एवं श्री गणेशजी की भी आराधना करती हैं। जिला दंडाधिकारी मनमोहन शर्मा ने करवा चौथ के अवसर पर सोलन के माल रोड को 9 अक्तूबर दोपहर 1 बजे से 8 बजे रात तक और 10 अक्तूबर सुबह 10 बजे से 8 बजे रात तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए पूरी तरह बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इस दौरान केवल आपातकालीन वाहन, अग्निशमन वाहन, सेना, और सुरक्षा से जुड़े वाहन ही आवागमन कर सकेंगे। इस प्रकार, करवा चौथ के पर्व को लेकर सोलन बाजार में खरीदारी का उत्साह चरम पर है और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए हैं।



सोलन बाजार में खरीददारी को जुटी महिलाओं की भीड़।

## न्यूज ब्रीफ

### मेडिकल बिलों के भुगतान न होने पर रोष प्रकट किया

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पेंशनर्स एसोसिएशन सराहां यूनिट पच्छाद की मासिक बैठक इकाई अध्यक्ष नरेश दत्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने 1 जनवरी, 2016 से देय एरियर व महंगाई भत्ता तथा मेडिकल बिलों के भुगतान न होने पर रोष प्रकट किया गया तथा सरकार से लंबित राशि को जारी करने का आग्रह किया गया। बैठक प्रमोद गौतम, सुरेश कुमार, अमर सिंह ठाकुर, नरेश जस्सल, चंद्रमोहन, देवराज, अनिल गौतम, मनमोहन सिंह, ओम प्रकाश, नरेश दत्त, जगमोहन सिंह, राजेंद्र दत्त आदि अन्य सभी सदस्यों ने भाग लिया।

### छात्रों को बताया स्वास्थ्य व स्वच्छता का महत्व

**अनंत ज्ञान, अर्की।** सरस्वती विद्या मंदिर, अर्की में बीएमओ डॉ. मुक्ता रस्तोगी के मार्गदर्शन में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल अर्की के एचआईवी काउंसलर डॉ. विजय कुमार शांडिल ने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स, टीबी, व्यक्तिगत स्वच्छता, जंक फूड और मोबाइल की लत के नुकसान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है और असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त व सुई से फैलता है। टीबी के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यह एक गंभीर संक्रामक रोग है, जिसका समय पर इलाज जरूरी है। डॉ. शांडिल ने व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे नियमित स्नान, साफ कपड़े पहनना, हाथ धोना और स्वच्छ भोजन की आदतों पर बल दिया। साथ ही, फास्ट फूड के दुष्प्रभाव और पौष्टिक आहार की महत्ता पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

### 13 से आपदा न्यूनीकरण समर्थ अभियान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में 13 अक्तूबर से 'आपदा न्यूनीकरण समर्थ-2025' फोक मीडिया विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। डीसी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर की अध्यक्ष प्रियंका वर्मा ने बताया कि यह अभियान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व सूचना एवं जन संपर्क विभाग के समन्वय से चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के सभी उपमंडलों में 48 चयनित स्थलों पर गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम जनता को सुरक्षित निर्माण पद्धतियों, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और आपदा के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिरमौर के 12 दलों द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे। 13 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर शिलाई, संगड़ाह, पच्छाद, कफोटा, राजगढ़, पांवटा साहिब और नाहन उपमंडलों में यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस वर्ष की थीम है - 'आपदाओं के लिए नहीं, बल्कि लचीलेपन के लिए धन जुटाएं'। कार्यक्रम 18 अक्तूबर तक चलेंगे और ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, बाजारों तथा सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित होंगे। डीसी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन कार्यक्रमों में भाग लेकर आपदा के प्रति सजग और सतर्क बनें।

### हर हलके से 2000 हस्ताक्षर जुटाएगी कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समिति के सचिव एवं हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी विदित चौधरी ने वीरवार को सोलन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत एक लाख लोगों के हस्ताक्षर एकत्र कर राष्ट्रपति को सौंपे जाएंगे। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 अगस्त को महाराष्ट्र और कर्नाटक में वोट चोरी के मामलों को उजागर किया था और अब यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा है। उन्होंने भाजपा पर चुनाव आयोग के साथ साजिश कर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ सभाओं और बैठकों के जरिए जनता को जागरूक किया जा रहा है। सोलन जिले की हर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2000 लोगों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी को जिला सोलन का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो इस अभियान की निगरानी करेंगे। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान करेंगे।

### प्रधान ने सरकार से राहत राशि की मांग की

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला की कौलांवाला भूड़ पंचायत की प्रधान रीतू चौधरी ने बताया कि इस बार की भारी बरसात ने पंचायत में भारी तबाही मचाई है। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश के कारण खेतों, पशुओं और मकानों को गंभीर नुकसान पहुंचा है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है। प्रधान ने बताया कि पंचायत में नदी-नालों में उफान के चलते 50 से अधिक पशु बह गए, जिनमें अधिकांश बकरियां थीं। खड़ी फसलें नष्ट हो गई हैं, जिससे किसान परेशान हैं। इसके अलावा, आठ घर गिरने की कगार पर हैं और दो पुलियां भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत में एक करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। रीतू चौधरी ने सरकार से मांग की है कि तुरंत राहत राशि जारी की जाए, ताकि प्रभावित लोगों को राहत मिल सके।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** अकाल अकादमी बड़ू साहिब में बीते दिन संपन्न जिला स्तरीय अंडर-19 गर्ल इनडोर प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पबियाना की छात्राओं ने अपना दबदबा कायम रखा। ताइक्वांडो, बॉक्सिंग और कुराश जैसे खेलों में पबियाना की छात्राओं ने कुल 6 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता 6 से 8 अक्तूबर तक आयोजित हुई थी। विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं और उनके साथ आए शिक्षकों कमलेश ठाकुर, अरुण शर्मा और सुमन देवी का प्रधानाचार्या इंदिरा देवी एवं स्टाफ ने फूलमालाओं से स्वागत किया। कमलेश ठाकुर ने कहा कि यह जीत केवल खिलाड़ियों का नहीं बल्कि पूरे शिक्षक समूह की मेहनत का परिणाम है। ताइक्वांडो में प्रिया, रिया, समृद्धि और संचिता ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि निकिता और सरोज ने रजत पदक प्राप्त किया। बॉक्सिंग में प्रिया ने रजत पदक और कुराश में प्रिया ने स्वर्ण, समृद्धि और संचिता ने रजत पदक हासिल किए। कुश्ती में प्रिया ने स्वर्ण पदक जीतकर ओवरऑल ट्रॉफी भी अपने विद्यालय के नाम की। प्रधानाचार्या इंदिरा देवी ने पूरी टीम को बधाई दी और अन्य छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने को कहा। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर ने भी इस उपलब्धि पर शिक्षकों और छात्रों को शुभकामनाएं दीं। यह सफलता पबियाना स्कूल की खेल क्षेत्र में उत्कृष्टता का परिचायक है।

# दून के विधायक राम कुमार चौधरी की अगुवाई में फूंके एनएचएआई के अधिकारियों के पुतले

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान

**बद्दी।** दून विधायक राम कुमार चौधरी की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेड लाईट चौक पर एनएचएआई और अधिकारियों के पुतले फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। राम कुमार चौधरी ने आरोप लगाया कि जानबूझकर बद्दी नालागढ़ नेशनल हाईवे के काम को लटकाकर जनता को तंग किया जा रहा है, ताकि जनता परेशान रहे ओर नुकसान कांग्रेस को हो।



विधायक ने कहा एनएच द्वारा पेच वर्क के काम को भी नहीं किया जा रहा, 5 करोड़ के पेच वर्क टेंडर में भी काम ठीक से नहीं किया गया। टोल बैरियर से रेड लाइट चौक तक किये टाइल वर्क में अनियमितता बरती गई जिससे टाइलें दव गई ओर जनता का पैसा बर्बाद हुआ। 5 करोड़ का एक ओर पेच वर्क टेंडर किया गया, लेकिन 15 दिन से बद्दी नालागढ़ एनएच पर पैच वर्क नहीं हुआ। राम कुमार चौधरी ने कहा के वह पिछले 1 महीने से अधिकारियों से संपर्क साध रहे हैं बाबजूद उसके पैच वर्क के काम में रत्ती भर भी तेजी नहीं लाई। अधिकारी बस जल्द काम करने के लॉलीपॉप देते हैं ओर धरातल पर कुछ नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा एनएच ने ऐसे ठेकेदारों को 10 करोड़ का पैच वर्क टेंडर दे दिया जिन से बीते 15 दिन मौसम साफ होने पर भी पैच वर्क नहीं हुआ। आज सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन को एनएचएआई ने नर्क बना दिया है। लोगों की गाड़ियां टूट रही हैं, लोगों की रीढ़ की हड्डियों में दिक्कत हो गई है, रोजाना अधूरे एनएच के चलते हादसे हो रहे हैं, लेकिन एनएच के अधिकारी तमाशा देख रहे हैं, ओर कोरे आश्वासन देकर पल्ला जनप्रतिनिधियों के साथ साथ जनता मूर्ख बना रहे हैं। पहले भी बद्दी से नालागढ़ तक शुरू किए एनएच के काम में अनिमितताओं रहीं ओर अब पैच वर्क भी ठीक से नहीं किया जा रहा। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ओर दून नालागढ़ में कांग्रेस के विधायक होने के चलते जानबूझकर काम लटकाया जा रहा है ताकि जनता का रोष कांग्रेस को झेलना पड़े। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएचएआई के अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं ओर इनकी संपतियों की जांच होनी चाहिए।

# नशे के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता भुक्की और कफ सिरप सहित तीन काबू

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला सिरमौर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से भुक्की (चूरा पोस्त) और प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद की है।

सिरमौर पुलिस द्वारा गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दो नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की। सूचना के अनुसार, कीर्तन सिंह पुत्र धनी राम, निवासी गोंडपुर, और उसकी महिला मित्र, जो कि मूल रूप से भितारी लोहता (जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश) की रहने वाली हैं और वर्तमान में गोंडपुर में रह रही हैं विकासनगर से भुक्की खरीदकर बेचने के उद्देश्य से ला रहे थे। पुलिस ने दोनों को मोटरसाइकिल पर आते समय रोका और तलाशी के दौरान उनके पास से 5 किलो 70 ग्राम भुक्की/चूरा पोस्त बरामद की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि यह नशा सामग्री कहां से खरीदी गई थी और किसे इसकी आपूर्ति की जानी थी। एक अन्य मामले में, चित्रा साहिब पुलिस टीम ने 7 अक्तूबर को जल शक्ति विभाग कार्यालय के बाहर एक कार को जांच के लिए रोका। चालक की पहचान यादवेंद्र सिंह पुत्र हुकम सिंह, निवासी ग्लोरिअम भवन, ददाहू के रूप में हुई। कार की तलाशी के दौरान उसमें से 10 बोतलें लाइकेरेक्स-टी कफ सिरप (जिसमें ट्रिप्रोलिडीन हाइड्रोक्लोराइड और कोडीन फॉस्फेट, 100 मिली होता है) बरामद की गईं। आरोपी इस प्रतिबंधित दवा से संबंधित कोई दस्तावेज या वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने यादवेंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह प्रतिबंधित सिरप कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति किन लोगों तक की जानी थी।

# 11 को कॉलेज की नई कार्यकारिणी का होगा गठन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में शिक्षक, अभिभावक संघ की आम सभा की बैठक आगामी 11 अक्तूबर की होगी। इसमें वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी गठन किया जाएगा, ताकि शैक्षणिक स्तर को बेहतरीन ढंग से संचालित किया जा सके। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने बताया कि बीते माह शिक्षक, अभिभावक संघ की आम सभा रखी गई थी। इसमें कोरम पूरा न होने के कारण नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका था। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि आगामी 11 अक्तूबर को सभी अभिभावक आमसभा की बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें, ताकि नई कार्यकारिणी का गठन किया जा सके। कॉलेज के विकास और शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने में शिक्षक अभिभावक संघ की अहम भूमिका निभाते हैं। इसके लिए बैठक में सभी अभिभावकों का मौजूद रहना अत्यंत आवश्यक है।

# कड़ी मशक्कत के बाद नाहन-श्री रेणुका जी रोड पर वाहनों की आवाजाही शुरू

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** लोक निर्माण विभाग ने नाहन-रेणुका जी मार्ग पर नेहली ब्लैक स्पॉट को सात घंटे की मशक्कत के बाद बहाल कर दिया है। अब इस मार्ग पर छोटे और भारी दोनों वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई है।

लोक निर्माण विभाग ने सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नाहन-रेणुका जी मार्ग पर स्थित नेहली ब्लैक स्पॉट को पूरी तरह से बहाल कर दिया है। नाहन उपमंडल के लिए यह एक बड़ी राहत की खबर है, क्योंकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिस नाहन वाया जमटा-रेणुका जी मार्ग को दोपहर 3 बजे तक बंद किया गया था, वह अब भारी वाहनों के यातायात के लिए भी खोल दिया गया है। नाहन के एसडीएम राजीव ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि ददाहू-नाहन मार्ग पर अब भारी वाहन भी बिना किसी रुकावट के आवाजाही कर सकेंगे। दरअसल, यह त्वरित कार्रवाई बिलासपुर में हुए दुखद हादसे के बाद की गई थी, जहां भूस्खलन की चपेट में आने से बस में सवार 15 लोगों की जान चली गई थी। इस खतरे को भांपते हुए नाहन प्रशासन ने तुरंत एक्शन लिया था।

नाहन विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े ब्लैक स्पॉट नेहली पर बीते दो दिनों की बारिश के बाद भारी भूस्खलन और खतरनाक चट्टानें गिरने का खतरा पैदा हो गया था। इस गंभीर खतरे को देखते हुए विभाग नाहन ने युद्धस्तर पर पोकलैंड और अन्य मशीनरी लगाकर चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट को सुरक्षित करने और खतरनाक चट्टानों को हटाने का काम शुरू किया था। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता आलोक जवनेजा ने पहले मार्ग बंद रहने की जानकारी दी थी, और छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग जमटा वाया बिरला-ददाहू का उपयोग करने की अपील की थी।

# कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड सिरमौर ने राजगढ़ में मजदूरों व कामगारों के लिए एकदिवसीय मेगा जागरूकता शिविर का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण समिति के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने की। इस जागरूकता शिविर में लगभग 500 श्रमिकों ने भाग लिया। शिविर के दौरान नरदेव सिंह कंवर ने श्रमिकों को कल्याण बोर्ड के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व सुविधाओं की जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि बोर्ड श्रमिकों के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कामगारों से आग्रह किया कि वह श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्यक रूप से करवाएं, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर तंबाकू मुक्त युवा अभियान का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान, नाहन

उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने उपायुक्त कार्यालय से राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त युवा अभियान को युवाओं की रैली को हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया।



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा।

इस अवसर पर उपायुक्त ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं को शपथ भी दिलाई। यह रैली उपायुक्त कार्यालय से आरंभ होकर नाहन बाजार, मालरोड, गुन्नूघाट से होते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में संपन हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि सिरमौर जिला में तंबाकू मुक्त युवा अभियान आज से आरंभ होकर 8 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के कार्यान्वयन के लिए गठित समीति द्वारा जिला के शिक्षण संस्थानों, उद्योगों तथा विभिन्न पंचायतों व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को विशेषकर युवाओं को तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों में विभिन्न गतिविधियां जिसमें निबंध लेखन, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, क्विज तथा भाषण प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाएंगी तथा स्कूलों में प्रात: कालीन सभाओं में बच्चों को नशा न करने के बारे में शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस 60 दिवसीय अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक कर जिला को तंबाकू मुक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि सिरमौर जिला में पांच गांव तंबाकू मुक्त है, उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि इस अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राकेश प्रताप, एमओएच डॉ. निसार अहमद, जिला कार्यक्रम अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. बलजीत सिंह नेगी उपस्थित रहे।

**आयोजन** रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

# स्वच्छता अभियान से संपन्न हुआ गांधी सेवा सप्ताह

अनंत ज्ञान, सोलन

देशभर में नेशनल युवान फैलोशिप व नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती और सेवा सप्ताह मनाया गया।

इसी कड़ी के सेवा सप्ताह के अंतिम चरण में सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल शमरोड़ में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल के ग्रीन क्लब के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रीन क्लब की प्रभारी दीपिका ने बताया कि इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने पूरे परिसर में सफाई अभियान चलाया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने नारे लगाते हुए लोगों से अपने आसपास सफाई रखने की अपील की।स्कूली बच्चों ने पहले नौणी में जागरूकता रैली निकाली। साथ ही प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सफाई की। सीसे स्कूल शमरोड़ की कार्यकारी प्रिंसिपल शालिनी के अलावा स्कूल स्टाफ सदस्य शशि, नीति और ममता ने भी इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग दिया।




स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते सीनियर सेकेंडरी स्कूल शमरोड़ के छात्र।

स्कूल प्रिंसिपल शालिनी ने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान न केवल बच्चों में जिम्मेदारी की भावना जगाते हैं, बल्कि समाज को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हैं। इस मौके पर स्वच्छता अभियान में शामिल रहे सभी बच्चों को युवान सेवा फैलोशिप की ओर से रिफरेशमेंट भी बांटी गई। एनवाईपी हिमाचल के समन्वयक यशपाल कपूर ने बताया कि सेवा सप्ताह के तहत गांधी जयंती से शुरू हुआ कार्यक्रम बुधवार को स्वच्छता के अभियान के साथ संपन्न हुआ। इसके लिए उन्होंने युवान संस्था धन्यवाद किया,जिनके प्रयासों से यह सेवा कार्य अन्य राज्यों के साथ-साथ हिमाचल में भी किया गया।

# पीएम श्री विद्यालय दाड़लाघाट ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुबाथू में चल रही जिला स्तरीय अंडर-19 गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिताओं में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट ने वॉलीबाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ममलीग को पछाड़कर विजय हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की है। उपप्रधानाचार्य हंस राज शर्मा ने इस जीत पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि विद्यालय की छात्रा खिलाड़ियों ने जिला भर में पहली बार जीत का परचम लहराकर इतिहास रचा है और इलाके का तथा स्कूल का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक जीत पर इलाके में खुशी की लहर है। टीम के कोच डीपीई भोपाल सिंह ने बताया कि इस बार इस विद्यालय की छात्रा खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया और जिला स्तर पर ट्रॉफी अपने नाम की,यही नहीं इस टीम की तीन छात्राएं अनुष्का, अनामिका और दीक्षा राज्य स्तर के लिए भी चयनित हुई हैं।

# जिला सिरमौर हैंडबॉल प्रतियोगिता में विजेता बना कोटडी व्यास स्कूल





अंडर-14 गर्ल्स वर्ग में जिला सिरमौर हैंडबॉल विजेता के खिताब के साथ स्टूडेंट्स।

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

शहीद कमल कांत मेमोरियल विद्यालय कोटडी व्यास ने एक बार फिर जूनियर केटेगरी अंडर -14 गर्ल्स वर्ग में जिला सिरमौर हैंडबॉल विजेता का खिताब अपने नाम किया। कोटडी व्यास की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुऐ सिरमौर विजेता रही स्कूल कप्तान मनीषा, उपकप्तान प्रीति, प्रिया, अंशश्वी व रितिका खुसबू व मन्नत प्राची ने अच्छा खेल पर्दशन किया।

कप्तान मनीषा ने बताया कि 7 टीमरें ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सेमी फाइनल मैच में बनोर स्कूल को एकतरफा हराया। वहीं फाइनल में सलवाला को एकतरफा हराया।

इस उपलब्धि पर स्कूल प्रिंसिपल रघुबीर तोमर, स्टाफ सदस्य चतर चौहान, शशि गुप्ता ज्योति कुमारी, राकेश ओमप्रकाश किरण उर्मिल आदी ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई व स्टेट टूर्नामेंट के लिए आशीर्वाद दिया। पंचायत प्रधान सुरेश कुमार व स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान मानसिंह व सदस्य सुमन देवी, मुल्क राज राज कुमार, इसराना, सर्वजीत, ने इस उपलब्धि के लिए खिलाड़ी छात्राओं को उनके कोच धर्मेंद्र चौधरी को विशेष बधाई दी।




## न्यूज ब्रीफ

### सिरसा में नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा जिले के कालांवाली कस्बे के गांव सिंघपुरा में नशे की ओवरडोज से अमृतपाल सिंह नामक युवक की मौत हो गई। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया। मृतक के भाई जगपाल सिंह की शिकायत पर पुलिस ने कुलवंत सिंह और समरदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बुधवार शाम अमृतपाल घर से गया था। देर रात्रि पर पता चला कि वह धर्मपुरा-सिंघपुरा रोड पर बेसुध अवस्था में पड़ा था। उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी। यह मामला चिंताजनक इसलिए भी है कि चार दिनों में इसी क्षेत्र में तीन युवकों की मौत नशे की ओवरडोज से हो चुकी है। दूसरी ओर, गांव गदराना में नशे की अधिक खुराक लेने से हुई मौत के मामले में हरप्रीत सिंह और अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं।

### भाई की हत्या और होटल मालिक पर फायरिंग मामले में 5 दोषियों को उम्रकैद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गुरुग्राम की एक अदालत ने गुरुवार को होटल मालिक पर फायरिंग और उसके भाई की हत्या के मामले में पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद (कठोर कारावास) की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है। यह वारदात 8 अक्टूबर 2021 को पटौदी थाना क्षेत्र के गांव सांपका में हुई थी। होटल मालिक और उसका भाई होटल के पीछे बैठे थे, तभी विवाद के बाद पांच-छह युवक वहां पहुंचे और गोलीबारी कर दी। होटल मालिक की जांघ में गोली लगी, जबकि उसके भाई को पेट और कुल्हे में दो गोलियां लगीं। घायल अवस्था में भाई को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने अजय, जितेंद्र, रोहित, अरुण कुमार और संदीप कुमार को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया था। अदालत ने सबूतों के आधार पर सभी को दोषी मानते हुए उम्रकैद और जुर्माने की सजा दी।

# गुरुग्राम : मंडियों में आई बाजरा फसल खरीदने को सरकार नहीं तैयार : राव

## पटौदी में किसानों से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह गुरुवार को पटौदी विधानसभा की जाटौली मंडी में पहुंचे। मंडी में उन्होंने किसानों से मुलाकात की। साथ ही बाजरा फसल खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर व ग्रामीण जिलाध्यक्ष वर्धन यादव समेत अनेक नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने किसानों की समस्याओं को भी सुना और आश्वस्त किया कि कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बाजरे का एमएसपी 2775 निर्धारित किया हुआ है। इसके विपरीत 1700 से 1900 के बीच में मंडियों में बाजरे की खरीदारी हो रही है। सरकार भावांतर योजना के तहत 575 रुपए फसल का भाव देना चाह रही है, लेकिन इसके बाद भी किसानों को 300 से 400 प्रति क्विंटल नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई कौन करेगा। सरकार भावांतर भरपाई योजना का सहारा लेकर स्वयं खरीद से पीछे हट रही है। किसान मजबूरन अपनी फसल कम दामों पर निजी व्यापारियों को बेच रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगे कि सरकार ने भावांतर योजना में भी कटौती कर किसानों की कमर तोड़ दी है। एमएसपी में भी कटौती कर उसे भी काम कर दिया गया है। सरकार की यह नीति किसने को राहत देने के बजाय उन्हें कर्ज और घाटे की ओर धकेल रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार से जो उम्मीद किसान वर्ग लगाए बैठा था, भाजपा सरकार ने उन उम्मीदों पर पानी फेरने का काम किया है। इस अवसर पर सुधीर चौधरी, परमेश रंजन, मुकेश पवन चौधरी, पार्षद मनोज कुमार, सूबे सिंह, नीरज यादव, पंकज भारद्वाज, दिलीप पहलवान, सतबीर पहलवान, प्रवीण सरपंच, रमेश खंडेवला, राजकुमार मुदगिल, सुभाष सरपंच जुड़ौला, गजेंद्र चौहान, मुकेश सैनी फर्रुखनगर, हरकेश वाल्मीकि, दीपेश कौशिक, भीम सोनी आदि मौजूद रहे।

**भावांतर योजना को बताया छलावा**

### झज्जर मंडी में जेजेपी का प्रदर्शन बना विवाद का केंद्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** झज्जर मंडी में गुरुवार को जेजेपी नेताओं द्वारा फसल खरीद अव्यवस्था को लेकर किया गया प्रदर्शन खुद उनके लिए विरोध का कारण बन गया। जिलाध्यक्ष संजय दलाल और उपाध्यक्ष राकेश जाखड़ ने कहा कि किसानों को बाजरा एमएसपी से कम दामों पर बेचना पड़ रहा है, सरकार भावांतर योजना से भी राहत नहीं दे पा रही, लेकिन मौके पर मौजूद आढ़तियों और किसानों ने जेजेपी पर सत्ता में रहते किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब किसान दिल्ली बॉर्डर पर ठिठुर रहे थे, तब जेजेपी नेताओं ने चुप्पी साधे रखी। प्रदर्शन के दौरान माहौल उस समय गरमा गया जब आढ़तियों ने नेताओं को घेर लिया और खरी-खोटी सुनाई। किसानों ने प्रदर्शन को 'घड़ियाली आंसुओं का नाटक' बताते हुए सवाल उठाए कि अब जेजेपी को किसानों की याद क्यों आ रही है।

# हरियाणा की जेलों में कैदियों की तरह काम करेंगे गैंगस्टर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा जेल विभाग के महानिदेशक आलोक कुमार राय ने कहा है कि अब कोई गैंगस्टर जेल में हीरो नहीं बनेगा। जेल में बंद हर अपराधी को आम कैदियों की तरह रहना होगा। राय ने कहा कि अपराधियों और गैंगस्टरों को लेकर जो झूठी 'ग्लैमर इमेज' सोशल मीडिया पर बनाई जाती है, उसे अब खत्म किया जाएगा। गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में राय ने कहा कि 'हम जेलों की हकीकत जनता को दिखाएंगे, ताकि युवाओं को अपराध की सजा का असली चेहरा नजर आए।' डीजीपी राय ने चिंता जताई कि गैंगस्टरों की गिरफ्तारी के बाद भी उनके महिमामंडन का ट्रेंड समाज में बढ़ा है। जल्द ही जेल विभाग गैंगस्टरों की वास्तविक स्थिति और सजा के दौरान मिलने वाली कठिनाइयों को जनता के सामने रखेगा, ताकि युवा अपराध से दूर रहें।

राय ने कहा कि हरियाणा की जेलें अब सुधार की प्रयोगशाला बनेंगी। कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी बड़ा अपराधी क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं। उन्होंने बताया कि अब से हर जेल में गैंगस्टर और अन्य अपराधियों को अनुशासन, श्रम और समान व्यवहार के जरिए सुधारा जाएगा। डीजीपी राय ने साफ किया कि हरियाणा की किसी भी जेल में अब किसी गैंगस्टर या कुख्यात अपराधी को कोई विशेष सुविधा नहीं मिलेगी। हर अपराधी को जेल वर्दी और तय जूते-चप्पल ही पहनने होंगे। ब्रांडेड कपड़े, महंगे जूते और दिखावे की वस्तुएं अब सख्त मना हैं। राय ने कहा कि जेल में रहना सजा है, स्टाइल नहीं। उन्होंने बताया कि सभी गैंगस्टरों के बाल कटे रहेंगे, शेव साफ होगी और व्यक्तिगत हाइजीन मेंटेन करनी होगी।

कारागार महानिदेशक ने बताया कि हरियाणा प्रिजन रूल्स 2022 के तहत अब गैंगस्टरों से भी जेल की सफाई, सैनिटेशन और रखरखाव का कार्य करवाया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि हर अपराधी को एहसास हो कि कानून के सामने सब समान हैं। उन्होंने कहा कि जेल में रहकर कोई अपराधी किसी पर प्रभाव या दबदबा नहीं बनाएगा। सभी जेल अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि गैंगस्टरों को किसी भी तरह की अनुचित सुविधा न मिले।

उन्होंने बताया कि जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया गया है। मुख्यालय के उच्च अधिकारी अब हर जिले की जेल का निरीक्षण करेंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जेल में बंद गैंगस्टर बाहर किसी भी आपराधिक गतिविधि से जुड़े न रह सकें।

# चंडीगढ़ में सर्किल कबड्डी का महाकुंभ 11 अक्तूबर से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




सर्किल कबड्डी की 32वीं सीनियर पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 11 से 13 अक्तूबर तक पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन एमैच्योर सर्कल कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है, जो वर्ल्ड और एशियन सर्किल कबड्डी फेडरेशन से संबद्ध है।

फेडरेशन के प्रेजिडेंट एवं पूर्व मेयर देवेश मौदगिल और जनरल सेक्रेटरी जेपी शर्मा ने प्रेस क्लब में जानकारी दी कि सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर होंगे और फुटबॉल ग्राउंड में खेले जाएंगे। इस बार पहली बार विजेता टीमों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरुष वर्ग में 61,000 और महिला वर्ग में 41,000 रुपए का प्रथम पुरस्कार रखा गया है। उपविजेता टीमों को 31,000 रुपए मिलेंगे। प्रतिभागी खिलाड़ियों को निशुल्क आवास, भोजन और सहभागिता प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। चैंपियनशिप में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के जरिए अंतरराष्ट्रीय टीम चयन और तकनीकी प्रशिक्षण शिविर भी प्रस्तावित हैं। फेडरेशन का लक्ष्य युवाओं को स्वदेशी खेलों से जोड़कर आत्मविश्वास और अनुशासन विकसित करना है।

# सिरसा: गांव सुबाखेड़ा के पास नहर टूटने से खेतों में भरा पानी

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा जिले के गांव सुबाखेड़ा के पास गुरुवार को मम्मड़ माइनर टूटने से आसपास के खेतों में खड़ी नरमा व धान की फसल में पानी भर गया है। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मनरेगा मजदूरों व ग्रामीणों के सहयोग से 60 फुट चौड़ी दरार को पाटने के लिए जेसीबी व ट्रेक्टर-ट्रॉलियां मौके पर लाई गई।

किसानों के अनुसार नहर टूटने से तैयार धान की फसल को काफी नुकसान होने की आशंका है। किसान रविंद्र, किकर सिंह आदि ने बताया कि कुछ जमीन उनकी है तो कुछ जमीन उन्होंने ठेके पर लेकर धान की बिजाई की थी और धान पक तैयार था। किसानों ने बताया कि खेतों में पानी भरने से उन्हें काफी नुकसान हुआ अब धान की फसल काटने का काम देरी से काम चलेगा। किसानों ने बताया कि इससे पहले सुबह नहर में लीकेज हो गया था लेकिन समय रहते कसानों ने लीकेज को बंद कर दिया। इसके बाद आगे बुर्जी नंबर 52000 के पास नहर की पटरी में हुई लीकेज नहर टूट गई और आसपास खेतों में खड़ी फसलों में पानी जमा हो गया है। खेतों में पक कर तैयार फसलों में पानी भरने पर किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों ने बताया कि मम्मड़ नहर में जब भी पानी आता है तभी यह टूट जाती है।

# एमसीएम कॉलेज में एड्स जागरूकता पर संवादात्मक सत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय (एमसीएम) के रेड रिबन क्लब और हेल्थ कमेटी ने मदरहुड हॉस्पिटल, मोहाली के सहयोग से एड्स जागरूकता अभियान के तहत एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य छात्राओं को महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं और एचआईवी/एड्स की रोकथाम, समय पर निदान और प्रबंधन के प्रति जागरूक बनाना था।

मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद डॉ. सुनैना बंसल (कंसल्टेंट गायनाकोलॉजिस्ट और लैप्रोस्कोपिक सर्जन) ने मासिक धर्म स्वच्छता, एचपीवी संक्रमण से बचाव और टीकाकरण, हार्मोनल संतुलन और शारीरिक गतिविधि के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के इंटेंसिफाइड आईईसी अभियान के बारे में भी जानकारी दी। सत्र के अंत में छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं के समाधान के लिए विशेषज्ञ से संवाद किया। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने कहा कि ऐसे सत्र छात्राओं को वैज्ञानिक सोच और आत्म-जागरूकता के साथ सशक्त बनाते हैं और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना जगाते हैं।

## देश-विदेश

# सीजेआई अटैक मामला : आरोपी वकील की बार एसोसिएशन मेंबरशिप खत्म

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**बेंगलुरु में एफआईआर, सुप्रीम कोर्ट में की थी सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश**

**सुप्रीम** कोर्ट बार एसोसिएशन ने वीरवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई पर हमले की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर (71) की मेंबरशिप तत्काल प्रभाव से खत्म कर दी। एसोसिएशन ने कहा कि वकील का व्यवहार पेशेवर नैतिकता, शिष्टाचार और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा का गंभीर उल्लंघन है।

वहीं, बेंगलुरु में ऑल इंडिया एडवोकेट एसोसिएशन ने राकेश किशोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। बेंगलुरु पुलिस ने भारतीय न्याय सहिंता की धारा 132 और 133 के तहत एफआईआर दर्ज की है। सीजेआई गवई वकील के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने से इनकार कर चुके हैं। राकेश ने 6 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट के अंदर सीजेआई गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की थी। जूता सीजेआई तक नहीं पहुंच सका था। घटना के समय सीजेआई की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। सुरक्षाकर्मियों ने वकील को पकड़कर बाहर किया। इस दौरान उसने नारे लगाए- सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (स्ट्क्क) ने उसी दिन आरोपी वकील का लाइसेंस रद्द कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

### जुबिन गर्ग के चचेरे भाई संदीपन डीएसपी पद से सस्पेंड

**एजेंसी, गुवाहाटी।** देश के मशहूर सिंगर जुबिन गर्ग की मौत मामले में गिरफ्तार उनके चचेरे भाई संदीपन गर्ग को डीएसपी पद से सस्पेंड कर दिया गया है। वे असम पुलिस सर्विस के अधिकारी हैं और अब तक राज्य के कामरूप जिले में तैनात थे। उन्हें बुधवार को सिंगर की मौत मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 7 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। वह जुबिन की मौत मामले में गिरफ्तार होने वाले पांचवें व्यक्ति हैं। सिंगापुर में जुबीन की मौत के समय संदीपन उनके साथ थे। सिंगर की पत्नी गरिमा ने दावा किया कि संदीपन ने जुबिन के साथ सिंगापुर जाने की इच्छा जताई थी।(अनंत ज्ञान)

# 2008 आतंकी हमलों पर पीएम का बयान गलत : पी. चिदंबरम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** नेता पी चिदंबरम ने वीरवार को 2008 के 26/11 आतंकी हमले पर पीएम मोदी के बयान को गलत बताया। चिदंबरम ने एक्स पर लिखा कि यह पढ़कर निराशा हुई कि प्रधानमंत्री ने काल्पनिक बातों को मेरे नाम से जोड़ दिया।

दरअसल पीएम मोदी ने बुधवार को मुंबई में कहा था कि, कांग्रेस के बड़े नेता और जो देश के गृह मंत्री (पी. चिदंबरम) तक रह चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने आतंकियों के सामने घुटने टेके थे। पीएम ने अपने बयान में चिदंबरम का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके 30 सितंबर को दिए इंटरव्यू का जिक्र किया। हालांकि 10 दिन बाद चिदंबरम ने अपने बयान पर जारी विवाद पर फिर रिएक्शन दिया। उन्होंने कहा कि, उनकी बातों को गलत तरह से पेश किया गया। मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 2008 में आतंकियों ने भी मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। तब की कांग्रेस सरकार ने कमजोरी का मैसेज दिया। आतंकियों के सामने घुटने टेके। (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका ने किए 47 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने रातोंरात 47 भारतीय मछूआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया। इससे तमिलनाडु के मछुआरा समुदाय में हड़कंप है। आरोप लगाया गया है कि सभी भारतीय मछुआरे श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से शिकार कर रहे थे। ऑनलाइन पोर्टल न्यूज फर्स्ट श्रीलंका की रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंकाई नौसेना ने अपने देश के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने की गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में 47 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। (अनंत ज्ञान)

### जज ने खुद को किया याचिका से अलग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट (श्रीसीम) में 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण के आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती की जमानत याचिका पर वीरवार को सुनवाई होगी। हालांकि, सुनवाई से कुछ घंटे पहले जज ने खुद को मामले से अलग कर लिया। चैतन्यानंद की जमानत याचिका अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल अहलावत की बेंच में लिस्टेड थी। अब याचिका को दोपहर 12 बजे पटियाला हाउस कोर्ट के जिला जज के सामने सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है। एक दिन पहले, कोर्ट ने चैतन्यानंद की बिना प्याज-लहसुन वाले खाने, चश्मा और दवाओं की सुविधा की याचिका को मंजूर करते हुए एक अंतरिम आदेश पारित किया था। आरोपी ने जेल में भगवा कपड़े, आध्यात्मिक किताबें और बिस्तर की मांग भी की है। कोर्ट ने इस पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप के आदेश पर नेशनल गार्ड के 500 सैनिक शिकागो में तैनात

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर नेशनल गार्ड के 500 सैनिकों को शिकागो में तैनात किया गया। इनको टेक्सास और इलिनॉय से भेजा गया है। इन सैनिकों की तैनाती ग्रेटर शिकागो में संघीय एजेंटों की सुरक्षा के लिए की गई है। हालांकि, इस तैनाती को लेकर कानूनी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। बताया गया कि इन सैनिकों की तैनाती कम से कम दो माह के लिए की गई है। अमेरिकी रक्षा विभाग के उत्तरी कमान ने कहा कि टेक्सास नेशनल गार्ड के लगभग 200 सैनिक और इलिनॉय नेशनल गार्ड के 300 सैनिक ग्रेटर शिकागो क्षेत्र में तैनात किए गए हैं। उनकी तैनाती कम से कम 60 दिनों तक चलेगी। उत्तरी कमान ने एक बयान में कहा कि ये बल अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन और अन्य अमेरिकी सरकारी कर्मियों की रक्षा करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार नेशनल गार्ड के सैनिकों को दक्षिण-पश्चिम उपनगरीय एलवुड में अमेरिकी सेना रिजर्व केंद्र में तैनात किया गया है। मंगलवार को टेक्सास नेशनल गार्ड के सैनिकों के पहली बार आने के बाद से नई बाड़ लगाई गई। कर्मचारियों ने मौजूदा बाड़ रेखा के अंदरूनी हिस्से में गुप्त स्क्रीन भी लगाई हैं। यहां कई सैनिक सामान से भरे बैग लेकर आते देखे गए। कुछ के हाथों में राइफलें और फोल्डिंग कुर्सियां भी थीं। उत्तरी कमान ने कहा कि संपत्ति की रक्षा के लिए पहले से तैनात संघीय एजेंटों की सुरक्षा के लिए नेशनल गार्ट के सैनिकों को सुरक्षा घेरा स्थापित करने, भीड़ नियंत्रण करने और तनाव कम करने की रणनीति अपनाने का जिम्मा सौंपा गया है। (अनंत ज्ञान)

# जहरीला कफ सीरप बनाने वाली कंपनी का मालिक रंगनाथन गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**तमिलनाडु** की एक फार्मास्युटिकल कंपनी स्त्रसेन फार्मा की ओर से निर्मित जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सीरप ने मध्य प्रदेश में कम से कम 20 बच्चों की जान ले ली। इस भयावह त्रासदी के बाद कंपनी के मालिक रंगनाथन को चेन्नई में मध्य प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार लिया है।

इस सिरप के कारण कई राज्यों में बच्चों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं। इसने स्वास्थ्य और नियामक तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस के अनुसार, कोल्ड्रिफ सीरप में मिलावट की पुष्टि हुई है। यही बच्चों के लिए घातक साबित हुई। मध्य प्रदेश में यह सीरप बड़े पैमाने पर वितरित किया गया था और इसके सेवन के बाद कई बच्चों की हालत बिगड़ गई। पीड़ित परिवारों का गुस्सा और दुख साफ देखा जा सकता है, क्योंकि उन्होंने अपने मासूम बच्चों को खो दिया।

छिंदवाड़ा के एसपी अजय पांडे ने एएनआई को बताया कि श्रीसन फार्मा के मालिक एस रंगनाथन को कल रात गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें चेन्नई (तमिलनाडु) की एक अदालत में पेश किया जाएगा और ट्रांजिट रिमांड हासिल करने के बाद छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) लाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### केदारनाथ में रिकॉर्ड 16.56 लाख श्रद्धालु पहुंचे



**एजेंसी, देहरादून।** केदारनाथ यात्रा ने इस साल एक नया रिकॉर्ड बनाया है। केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 16.56 लाख पहुंच गई है, जबकि मंदिर के कपाट बंद होने में अभी 14 दिन बाकी हैं। 2025 में अकेले बुधवार को 5,614 तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना की। मंदिर के कपाट 23 अक्तूबर को भाई दूज के दिन बंद होंगे। 2024 में पूरे यात्रा सीजन के दौरान कुल 16,52,076 श्रद्धालु केदारनाथ के दर्शन करने पहुंचे थे। बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धामों में भी तीर्थयात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बद्रीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर को दोपहर 2:56 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# चीन से 4.5 जनरेशन का 20 जे-10 सीई फाइटर जेट खरीदेगा बांग्लादेश

**एजेंसी, बीजिंग।** बांग्लादेश सरकार चीन से 20 जे-10सीई फाइटर जेट खरीदने की योजना बना रही है। इस सौदे की कीमत करीब 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 18,500 करोड़) बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह समझौता प्रशिक्षण, रखरखाव और अन्य तकनीकी सेवाओं को भी शामिल करेगा। भुगतान 10 वित्तीय वर्षों में, यानी 2036 तक किस्तों में किया जाएगा। हालांकि, सरकार की ओर से इस सौदे पर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। वित्तीय सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद ने कहा कि मैं इस विषय पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। सिर्फ इसलिए कि मुझे कुछ पता है, इसका मतलब यह नहीं कि मैं सब कुछ बता दूं। सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश सरकार ने अक्तूबर 2025 में चीन के 20 जे-10सीई मल्टीरोल फाइटर जेट की खरीद को मंजूरी दे दी है। 20 विमानों की डिलीवरी 2027 तक की जाएगी, जिसकी कुल लागत 2.2 अरब डॉलर (करीब 18,500 करोड़) होगी, जिसमें प्रशिक्षण और स्पेयर पार्ट्स शामिल हैं। भुगतान 10 वर्षों में किया जाएगा। जे-10सीई विमान 4.5 पीढ़ी की तकनीक, एईएसए रडार, पीएल-15ई मिसाइल और उन्नत डेटा लिंक से लैस होंगे। (अनंत ज्ञान)

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा साझेदारी के लिए 3 समझौते

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने वीरवार को ऑस्ट्रेलियाई युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करके अपनी यात्रा शुरू की। पहले दिन विदेश मंत्री पेनी वोंग और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से मुलाकात करके द्विपक्षीय बैठकें कीं। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर करके अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बढ़ती भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार, प्रौद्योगिकी, संपर्क और क्षेत्रीय सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा साझेदारी को मजबूत करने के लिए तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो सूचना साझाकरण समझौता, पनडुब्बी खोज एवं बचाव सहयोग पर समझौता ज्ञापन और संयुक्त स्टाफ वार्ता की स्थापना से संबंधित हैं। इन समझौतों का उद्देश्य दोनों सशस्त्र बलों के बीच परिचालन समन्वय, समुद्री सुरक्षा सहयोग और अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना है। सैन्य अभ्यास, रक्षा उद्योग सहयोग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और बहुपक्षीय सहयोग में द्विपक्षीय पहलों पर भी चर्चा हुई। राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के साथ रक्षा साझेदारी विश्वास, साझा हितों और समृद्ध हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शानदार चुनावी जीत पर शुभकामनाएं दीं। रक्षा मंत्री ने भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा संबंधों की प्रगति की जानकारी दी और आईटी, साइबर, रक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में गहन सहयोग पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने सरकारी और गैर-सरकारी पक्षों की साझा चिंताओं को स्वीकार किया और भारत के परिवर्तनकारी आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन की उपलब्धियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। (अनंत ज्ञान)

# तालिबान सरकार के विदेश मंत्री पहली बार भारत पहुंचे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी गुरुवार को एक हफ्ते की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से दिल्ली तक यह पहली मंत्री स्तर की यात्रा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ङ्क पर पोस्ट किया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी का नई दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत है। हम उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत के लिए उत्सुक हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक मुत्तकी की यात्रा के दौरान भारतीय विदेश मंत्रालय के सामने एक कूटनीतिक समस्या पैदा हो गई है। दरअसल, मुत्तकी की शुक्रवार को विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात हो सकती है। अब सवाल है कि जब मुत्तकी, जयशंकर से मिलेंगे तो उनके पीछे कौन सा झंडा लगेगा? (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### जेसिका पेगुला वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**एजेंसी, वुहान (चीन)।** वुहान (चीन) अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और जेसिका पेगुला ने वीरवार को यहां वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका ने लियुडमिला समसोनोवा को



6-3 6-3 से हराकर वुहान ओपन में जीत का सिलसिला जारी रखा और अपनी 19वीं जीत दर्ज की। सबालेंका ने 2018, 2019 और 2024 में वुहान ओपन के खिताब जीते थे। इससे पहले जेसिका पेगुला ने तीसरे सेट में शुरुआती सर्विस ब्रेक से उबरते हुए एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-5 3-6 6-3 से हराकर पिछले सप्ताह चाइना ओपन सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला ने निर्णायक सेट में स्कोर 2-2 से बराबर किया और फिर अंतिम पांच में से चार गेम जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। (अनंत ज्ञान)

### फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंचा सऊदी अरब

**एजेंसी, जेद्दा।** सऊदी अरब ने इंडोनेशिया को 3-2 से हराकर 2026 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। सऊदी अरब अगर अगले मंगलवार को जेद्दा में ही इराक के खिलाफ जीत हासिल कर लेता है तो ग्रुप बी में पहला स्थान और सातवीं बार विश्व कप में प्रवेश सुनिश्चित कर लेगा। एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में तीन-तीन टीम के दो ग्रुप के विजेता ही विश्व कप में स्वतः प्रवेश पा सकेंगे बुधवार को खेले गए मैच में इंडोनेशिया ने पहला गोल किया, जब केविन डिक्स ने 11वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इसके छह मिनट बाद सालेह अबू अल-शमात ने बराबरी का गोल किया और 37वें मिनट में फिरास अल-बुरैकन के पेनल्टी पर किए गए गोल ने सऊदी अरब को बढ़त दिला दी। अल-बुरैकन ने दूसरे हाफ में फिर से गोल किया, लेकिन डिक्स ने 89वें मिनट में दूसरी पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इससे हालांकि हार का अंतर ही कम हो पाया। (अनंत ज्ञान)

### आर्कटिक ओपन: मन्नेपल्ली ने जगाई उम्मीदें, लक्ष्य सेन पहले दौर में बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आर्कटिक ओपन 2025 में थरुन मन्नेपल्ली ने विश्व नंबर 14 टोमा जूनियर पोपोव को 11-21, 21-11, 22-20 से हराकर भारत की उम्मीदें बरकरार रखीं। मन्नेपल्ली ने निर्णायक गेम में चार मैच प्वाइंट बचाकर रोमांचक जीत हासिल की। अब उनका मुकाबला जापान के कोकी वतनाबे से होगा। वहीं, लक्ष्य सेन को जापान के कोडाई नाराओका ने 21-15, 21-17 से हराकर पहले दौर में बाहर कर दिया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों का दिन भी खराब रहा, जिसमें किदांबी श्रीकांत वॉकओवर और किरण जॉर्ज चोट के कारण बीच में छोड़कर आउट हुए। (अनंत ज्ञान)

### नतालिया पोगोनिना की खूबसूरत अदा

**नतालिया** पोगोनिना दुनिया की सबसे महान शतरंज खिलाड़ियों में से एक हैं और शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं। उन्होंने नियमित रूप से शतरंज टूर्नामेंट में रूस का प्रतिनिधित्व किया है और अपने देश के लिए तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं।



## दूसरा टेस्ट: भारत की बल्लेबाजी मजबूत, वेस्टइंडीज के कमजोर विभागों पर नजरें

# वेस्टइंडीज पर एक और बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहले मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान भारत शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को एक और करारी शिकस्त देने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा। हालांकि, इस मैच में उसकी निगाहें साई सुदर्शन के धैर्य और घरेलू परिस्थितियों में नीतीश कुमार रेड्डी की उपयोगिता पर टिकी होंगी।

भारत के पास प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का शानदार समूह है, जिनमें से प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी शीर्ष टीम में जगह बनाने में सक्षम है। उसका मुकाबला वेस्टइंडीज की उस टीम से होगा जिसका अतीत गौरवशाली रहा है, लेकिन जो वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की विश्वभर में टी20 लीग में खेलने के लिए बड़ी मांग है लेकिन खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उसके पास बेहद कमजोर और अनुभवहीन खिलाड़ी हैं। अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में उसकी टीम किसी भी समय भारत के सामने चुनौती पेश नहीं कर सकी। भारत ने यह मैच पारी के अंतर से जीता था जो कैरेबियाई क्रिकेट की वर्तमान स्थिति का प्रमाण है। भारत के लिए एक और प्रभावशाली प्रदर्शन का मतलब सिर्फ सीरीज जीतना



नहीं है, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका पर अपनी स्थिति मजबूत करना और इस साल के अंत में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कड़ी चुनौती के लिए आत्मविश्वास बढ़ाना भी है। भारत फिरोजशाह कोटला में भी मैच को जल्दी समाप्त कर सकता है जहां की पिच से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है।

यह तय है कि भारत अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करेगा और नीतीश टीम में बने रहेंगे जिन्हें टीम प्रबंधन भविष्य के लिए गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में तैयार करने पर ध्यान दे रहा है। भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में वह नीतीश को अपनी गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए कह रहा है।

चयनकर्ता और कोच अभी साई सुदर्शन को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं, लेकिन वह पिछली सात पारियों में से छह में असफल रहे। इस तरह की परिस्थितियों एक ऐसे खिलाड़ी के लिए वास्तविकता की परीक्षा पेश करती हैं, जो अभी भी लाल गेंद के चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहा है। यशस्वी जायसवाल ने पहले मैच में अच्छी शुरुआत की, जबकि केएल राहुल अपने जीवन की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। सुदर्शन को हालांकि, गिल का समर्थन प्राप्त है, लेकिन इस बल्लेबाज को अपने विकेट की कीमत को समझना पड़ेगा

**मैच: सुबह 9.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, बी साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, अक्षर पटेल, नारायण जगदीसन (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल।

**वेस्टइंडीज:** रोस्टन चेज (कप्तान), तेगनारायण चंद्रपॉल, जॉन कैंपबेल, एलिक अथानाज, ब्रैंडन किंग, जोहान लेने, जस्टिन ग्रीव्स, खारी पियरे, शाई होप, जेडन सील्स, जेमेल वारिकन, केवलन एंडरसन, जेडिया ब्लेड्स, टेविन इमलाच, एंडरसन फिलिप।

क्योंकि उनकी जगह लेने के लिए कई अन्य खिलाड़ी कतार में खड़े हैं। भारतीय टीम जहां मजबूत नजर आती है, वहीं वेस्टइंडीज का प्रत्येक विभाग कमजोर नजर आता है। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरन सैमी ने दूसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी टीम की टेस्ट क्रिकेट में यह गिरावट कैंसर के समान है जिसका इलाज फिलहाल असंभव लगता है। (अनंत ज्ञान)

## वुमंस वर्ल्ड कप: ऋचा घोष की तूफानी पारी से भारत का सम्मानजनक स्कोर



रन लेने के बाद खुशी मनाती भारतीय खिलाड़ी।

**एजेंसी, विशाखापट्टनम**

भारत ने विमेंस वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को 252 रन का टारगेट दिया है। विशाखापट्टनम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम 49.5 ओवर में 251 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने 102 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में ऋचा घोष 77 बॉल पर 94 रन की पारी खेलकर टीम को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। इस पारी में 11 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। ऋचा ने अमनजोत कौर के साथ 7वें विकेट के लिए 51 रन और स्नेह राणा के साथ 8वें के लिए 88 रन की पार्टनरशिप की। साउथ अफ्रीका से क्लो ट्रायोन ने 3 विकेट झटके।

स्मृति मंधाना किसी एक साल (कैलेंडर ईयर) में सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर बनी हैं। उन्होंने 8वें ओवर की पहली बॉल पर छक्का लगाकर इस साल 972 रन बना डाले। वे 23 रन बनाकर आउट हुईं। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क के 970 रन के 28 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा, जो उन्होंने साल 1997 में बनाया था। समाचार लिखे जाने तक साउथ अफ्रीका ने 11 ओवर में 2 विकेट गवांकर 44 रन बना लिए थे। लौरा वोलवार्ट (23) और मरियाने काप (13) रन बनाकर खेल रही थीं। (अनंत ज्ञान)

# गिल बोले-रोहित भाई की तरह बनना चाहता हूं शांतचित्त कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की वनडे टीम के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि वह इस महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 25 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की सीरीज के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत करेंगे।



गिल से जब शुक्रवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच से पहले उनकी भूमिका बढ़ाए जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "रोहित भाई का धैर्य और उन्होंने टीम में जो दोस्ती कायम की है मैं उसे आत्मसात करना चाहता हूं।" रोहित ने और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर भी विराम लगाने की कोशिश की, जो दोनों अब केवल एकदिवसीय प्रारूप में ही उपलब्ध हैं। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले लिया है। गिल ने कहा, "इन दोनों ने भारत के लिए कई मैच जीते हैं। बहुत कम लोगों के पास इतना कौशल और अनुभव होता है। हमें उनकी जरूरत है।" कोहली इस समय लंदन में हैं और रोहित मुंबई में अपने घर पर हैं। दोनों 15 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले टीम से जुड़ेंगे।

एकदिवसीय प्रारूप की कप्तानी मिलने पर गिल ने कहा कि वह इससे सम्मानित महसूस कर रहे हैं। गिल ने कहा, "वेस्टइंडीज के खिलाफ (अहमदाबाद में) पहले टेस्ट के बाद इसकी घोषणा की गई थी, लेकिन मुझे इसके बारे में थोड़ा पहले पता चल गया था। भारत का नेतृत्व करना सम्मान की बात है।" (अनंत ज्ञान)

### ऐश्वर्या पिस्से बनीं रैली डू मोरोक की पहली एशियाई महिला राइडर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की स्टार रैली राइडर ऐश्वर्या पिस्से ने पुर्तगाल में ऐतिहासिक जीत के बाद एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बीपी अल्टीमेट रैली-रेड पुर्तगाल 2025 में अपनी श्रेणी में खिताब जीतकर एशिया और भारत की पहली महिला राइडर बनने का गौरव पाया था। अब वह 10 से 17 अक्तूबर तक होने वाली विश्व प्रसिद्ध और चुनौतीपूर्ण रैली डू मोरोक 2025 में हिस्सा लेंगी। इस रैली में प्रतियोगियों को 2,299 किलोमीटर का कठिन मार्ग तय करना होगा, जिसमें रेतीले टीले और पथरीली राहें शामिल हैं। ऐश्वर्या W2RC रैली 2-व्हील्स कैटेगरी में उतरेंगी और डकार 2027 की तैयारी का एक अहम कदम मानती हैं। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल की जीत के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे इस चुनौती से सीखते हुए अपनी सीमाएं बढ़ाना चाहती हैं। यह कदम भारतीय मोटरस्पोर्ट्स में महिलाओं के लिए नई प्रेरणा साबित होगा। (अनंत ज्ञान)

# हर्षित राणा के चयन पर अश्विन ने उठाए सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा के सभी फॉर्मेट में चयन पर सवाल उठाए हैं। अश्विन ने कहा कि उन्हें राणा की नंबर-8 पर बल्लेबाजी करने की क्षमता पर शक है, हालांकि, उन्होंने माना कि राणा में एक खास 'एक्स-फैक्टर' जरूर है। अश्विन ने यह बात अपने यूट्यूब चैनल पर कही।

हाल ही ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया है। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 वनडे और 5 टी-20 खेलेगी। 19 अक्टूबर को पहला वनडे पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड में और तीसरा 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा। इसके बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज होगी। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। हर्षित राणा को वनडे और टी-20 दोनों टीम में जगह दी गई है। अश्विन ने सवाल उठाने के साथ उन्हें एक्स फैक्टर भी बताया अश्विन ने अपने वीडियो में कहा कि मैं यह समझना

**बोले- बल्लेबाजी पर है संदेह पर 'एक्स-फैक्टर' जरूर है**



चाहता हूं कि हर्षित राणा का चयन क्यों किया गया। काश मैं चयन समिति की बैठक में शामिल होकर इसका कारण जान पाता। मेरे हिसाब से ऑस्ट्रेलिया में हमें ऐसे तेज गेंदबाज की जरूरत है जो बल्लेबाजी भी कर सके। शायद चयनकर्ताओं को लगता है कि राणा नंबर-8 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं, लेकिन मुझे उनकी बल्लेबाजी क्षमता पर संदेह है।

अश्विन ने यह भी कहा कि हर्षित राणा का चयन शायद 2024 के आईपीएल फाइनल में उनकी शानदार गेंदबाजी की वजह से हुआ है। उन्होंने कहा कि दो साल पहले आईपीएल फाइनल में राणा ने एक जबरदस्त गेंद फेंकी थी, जो बल्ले के किनारे से निकल गई थी। शायद उसी एक गेंद ने सबका ध्यान खींचा और अब उन्हें लगातार मौके मिल रहे हैं।

अश्विन ने कहा कि हर्षित राणा में कुछ खास जरूर है। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर अपनी धारणाओं के आधार पर राय बनाते हैं, लेकिन असली सच्चाई मैदान पर सामने आती है। हर्षित को दूर से देखने पर कुछ और लगता है, लेकिन जब आप उनकी तेज गेंदों का सामना करते हैं, तब पता चलता है कि उनमें वाकई 'एक्स-फैक्टर' है। अश्विन ने आगे कहा कि उनके चयन के हकदार होने या न होने पर बहस हो सकती है, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उनमें खासियत है। अगर मुझसे पूछा जाए कि क्या वह अभी चयन के हकदार हैं, तो यह बड़ा सवाल है। उनका यह बयान हर्षित राणा के चयन पर चल रही चर्चा को और तेज कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

### किसी ने मुझे संन्यास के लिए मजबूर नहीं किया, यह मेरा निजी फैसला था: अश्विन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का उनका फैसला निजी था और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया था। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल ब्रिस्बेन में 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास की घोषणा कर दी। इससे वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। वह इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, "किसी ने मुझसे नहीं कहा कि तुम्हें संन्यास ले लेना चाहिए। किसी ने मुझसे नहीं कहा कि टीम में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है। सच्चाई यह है कि संन्यास का फैसला करने से पहले दो-तीन लोगों ने मुझे ऐसा करने से इनकार किया था, लेकिन मैंने अपना फैसला लिया। असल में, वे चाहते थे कि मैं और खेलूं।" उन्होंने कहा, "रोहित शर्मा ने भी मुझे इस बारे में फिर से सोचने को कहा था। गौतम गंभीर ने भी मुझे दोबारा सोचने को कहा था, लेकिन मैंने संन्यास के बारे में अजीत अगरकर से ज्यादा बात नहीं की।" अश्विन ने कहा, "जब खेल से संन्यास लेने की बात आती है तो यह निजी फैसला होता है और मेरा फैसला भी निजी था।" उनके इस बयान से उन अटकलों पर विराम लग गया है कि टीम प्रबंधन ने उन्हें यह निर्णय लेने के लिए मजबूर किया था। (अनंत ज्ञान)

## आईसीसी महिला वनडे विश्व कप

# खराब फॉर्म से जूझ रही न्यूजीलैंड को बांग्लादेशी स्पिनर देंगे चुनौती

**एजेंसी, गुवाहाटी**

आत्मविश्वास से ओतप्रोत बांग्लादेशी टीम का सामना आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के ग्रुप मैच में खराब फॉर्म से जूझ रही पूर्व चैंपियन न्यूजीलैंड से यहां शुक्रवार को होगा तो उसके



पड़ सकता है। बांग्लादेश की ताकत उसका स्पिन आक्रमण रही है और गुवाहाटी की सूखी पिच पर स्पिनरों को मदद भी मिलेगी। उपकप्तान नाहिदा अख्तर की अगुवाई में बांग्लादेश की स्पिन चौकड़ी ने अब तक शानदार

स्पिनर अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। न्यूजीलैंड ने लगातार दो हार का सामना किया है और उसका जीत का खाता नहीं खुल सका है। वहीं, बांग्लादेश की नजरें दूसरी जीत दर्ज करके शीर्ष चार में जगह पक्की करने पर लगी होंगी। न्यूजीलैंड ने 2000 में खिताब जीता था और अब लगातार तीसरी हार के साथ उसे जल्दी बाहर होना

प्रदर्शन किया है। सभी प्रारूपों में बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक विकेट ले चुकीं नाहिदा से कीवी बल्लेबाजों को संभलकर रहना होगा। नाहिदा का साथ देने के लिए लेग ब्रेक गेंदबाज फाहिमा खातून और राबिया खान हैं। न्यूजीलैंड को अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी ताकि गेंदबाजों के करने के लिए कुछ हो। (अनंत ज्ञान)

### फुटबॉलर मोहम्मद सलाह ने मिस्र को विश्व कप का दिलाया टिकट

**एजेंसी, कासाब्लांका (मोरक्को)।** स्टार फुटबॉलर मोहम्मद सलाह के शानदार प्रदर्शन की मदद से मिस्र ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए टिकट हासिल कर लिया। लिवरपूल के सुपरस्टार सलाह ने बुधवार को मिस्र की जिबूती पर 3-0 की जीत में दो गोल किए। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि मिस्र एक राउंड शेष रहते अफ्रीकी क्वालीफाइंग के अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहेगा। मिस्र अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम है। उससे पहले मोरक्को और ट्यूनीशिया ने विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली थी। सलाह के अलावा इब्राहिम अदेल ने भी मिस्र के लिए गोल किया। अफ्रीका से कुल नौ टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। मिस्र ने इससे पहले 2018 में विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन तब उसे अपने तीनों ग्रुप मैच में मेजबान रूस, उरुग्वे और सऊदी अरब से हार का सामना करना पड़ा था। बुर्किना फासो सिएरा लियोन पर 1-0 की जीत के बाद ग्रुप ए में मिस्र के बाद दूसरे स्थान पर है, जबकि इथियोपिया ने गिनी बिसाऊ को 1-0 से हराया। इस बीच केप वर्डे ने 3-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीबिया के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला जिससे वह पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)

# ग्लेन मैक्सवेल को भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैचों में खेलने की उम्मीद

**एजेंसी, मेलबर्न**

आस्ट्रेलिया के स्टार आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के आखिरी मैचों तक पूरी फिटनेस हासिल कर लेंगे। मैक्सवेल ने अपनी दाहिनी कलाई की सर्जरी कराई है। यह 36 वर्षीय खिलाड़ी माउंट माउंगानुई में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले नेट सत्र के दौरान मिशेल ओवेन का शॉट कलाई पर लगने से चोटिल हो गया था। उन्हें भारत के खिलाफ 29 और 31 अक्तूबर को होने वाले पहले दो टी-20 मैचों के लिए टीम में नहीं चुना गया है।

मैक्सवेल ने संवाददाताओं से कहा, "मुझे लगता है कि पिछले सप्ताह सर्जरी कराने से मुझे भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज में खेलने की थोड़ी उम्मीद जगी है।



इसके लिए मुझे जल्द से जल्द फिटनेस हासिल करनी होगी।" मैक्सवेल ने जल्द से जल्द फिटनेस हासिल करने के लिए सर्जरी का विकल्प चुना, ताकि वह भारत के साथ होने वाली सीरीज के अंतिम तीन मैचों के लिए उपलब्ध रह सकें। ये मैच होबार्ट (दो नवंबर), गोल्ड कोस्ट (छह नवंबर) और ब्रिस्बेन (आठ नवंबर) में खेले जाएंगे। उन्होंने कहा, "मैंने सर्जरी इसलिए करवाई क्योंकि मुझे दो विकल्प दिए गए थे या तो मैं भारत के खिलाफ सीरीज से हट जाऊं या उसमें खेलने के लिए अपनी उम्मीद कायम रखूं। मैंने सर्जरी का विकल्प चुना। इससे मेरी उस सीरीज में खेलने की उम्मीद बनी रहेगी।"

उन्होंने कहा, "यदि ऐसा नहीं हुआ तो मैं बीबीएल के लिए पहले ही तैयार हो जाऊंगा और मुझे लगता है कि इससे मुझे शारीरिक तौर पर पूरी तरह से फिट रहने में मदद मिलेगी।" मैक्सवेल ने कहा कि बुधवार को उनकी कलाई से प्लास्टर हटा दिया गया था और अब वह कुछ समय तक उसे सुरक्षित रखने के लिए प्लास्टिक की पट्टी पहनेंगे, लेकिन उन्हें कलाई को फिर से हिलाने-डुलाने की पूरी छूट दे दी गई है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह बहुत आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## वनडे क्रिकेट: ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई ने लिए 3 विकेट और 40 रनों की खेली ताबड़तोड़ पारी

# अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया

**एजेंसी, अबुधाबी**

अबुधाबी में खेले गए पहले वनडे मैच में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हरा दिया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 221 रन बनाए। टारगेट का पीछा करते उतरी अफगानिस्तान ने 5 विकेट के नुकसान पर 226 रन बना कर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई के शानदार प्रदर्शन ने अफगानिस्तान को 222 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। उमरजई ने पहले गेंदबाजी में 3 विकेट लिए और फिर बल्लेबाजी में 44 गेंदों पर 40 रनों की आक्रामक पारी खेली, जिसमें 6 चौके और एक छक्का शामिल था। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी 34 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अनुभवी मोहम्मद नबी ने सैफ हसन की गेंद पर विजयी छक्का जड़कर मैच को 48वें ओवर में खत्म किया।



अफगानिस्तानी खिलाड़ियों ने बनाए नए रिकॉर्ड यह मैच अफगानिस्तानी खिलाड़ियों के लिए काफी खास रहा। राशिद खान वनडे में 200 विकेट लेने वाले पहले अफगानी गेंदबाज बने। उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 115 मैचों में हासिल की, जो किसी भी स्पिनर के लिए दूसरी सबसे तेज उपलब्धि है। इसके अलावा, रहमत शाह ने वनडे में 4,000 रन पूरे करने वाले पहले अफगानी बल्लेबाज बने।

222 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत शानदार रही। इब्राहिम जदरान और रहमानुल्लाह गुरबाज ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी हुई। दोनों ने 9वें ओवर में 50 रनों की साझेदारी पूरी की, लेकिन तनवीर इस्लाम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए जदरान को स्टंप करवाया। जादरान 25 गेंदों का सामना कर 23 रन बनाए। इसके बाद तनजीम हसन ने सेदिकुल्लाह अतल को आउट कर दूसरा झटका दिया।

रहमत शाह और गुरबाज ने तीसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की, लेकिन धीमी बल्लेबाजी के कारण रन गति कम रही। रहमत ने 21वें ओवर में तनवीर को चौका मारा, जो 73 गेंदों बाद पहला बाउंड्री था। रहमत ने 50 रन बनाए, लेकिन तंजीम ने उन्हें मिड विकेट पर कैच आउट करवाया। इसके बाद मेहदी ने गुरबाज (50 रन) को आउट कर स्कोर 4 विकेट पर 135 रन कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### उमरजई-शाहिदी के बीच 59 रनों की साझेदारी

**कमान** हशमतुल्लाह शाहिदी और अजमतुल्लाह उमरजई ने पारी को संभाला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 59 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। उमरजई ने मेहदी के एक ओवर में चौका और छक्का लगाया, फिर तंजीम के 43वें ओवर में लगातार तीन चौके जड़े। उमरजई 40 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन तब तक अफगानिस्तान को जीत के लिए सिर्फ 27 रन चाहिए थे। शाहिदी और नबी ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य को हासिल कर लिया और नबी ने विजयी छक्का लगाया।